धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

सुप्रभात
रांची, सोमवार
26.08.2024
khabarmantralive.com
* * नगर संस्करण । पेज : 12

श्री कृष्ण जन्माष्टमी

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 47

06 आधुनिक जीवन शैली की देन है रात में नींद न आना

## युवाओं ने दही हांडी फोड़कर दिखाया दमखम



श्री कृष्ण जन्मोत्सव आयोजन समिति के द्वारा आयोजित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को मोराबादी मैदान में दही-हांडी प्रतियोगिता में जा कर बच्चों का हौसला बढ़ाते सीएम हेमंत सोरेन

### लखपति दीदी सम्मेलन में बोले मोदी, महिलाओं से हिंसा अक्षम्य पाप

# दोषी कोई भी हो, बचेगा नहीं, सख्त सजा मिलेगी

### सरकार सख्त कानून भी बना रही है, राज्यों को पूर्ण सहयोग देंगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के जलगांव में लखपति दीदी महासम्मेलन में पीएम मोदी ने कोलकाता में हुई घटना के बीच कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध अक्षम्य पाप है। दोषी कोई भी हो, वो बचना नहीं चाहिए। उसको किसी भी रूप में मदद करने वाले बचने नहीं चाहिए। हर हाल में कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। अस्पताल हो, स्कूल हो, दफ्तर हो या फिर पुलिस व्यवस्था... जिस भी स्तर पर लापरवाही होती है सबका हिसाब होगा। महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी



सरकार कानूनों को भी लगातार सख्त कर रही है। महासम्मेलन में पीएम मोदी ने महिला सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार रोकने के लिए केंद्र सरकार हर तरह से राज्य सरकारों के साथ है। हमें भारतीय समाज से इस मानसिकता को खत्म करना ही होगा। हम महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कानूनों को मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नये कानूनों में नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों के लिए मृत्युदंड और आजीवन कारावास का प्रावधान किया गया है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर धोखाधड़ी के कई मामले सामने आए हैं। पहले इसके लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं था। अब भारतीय न्याय संहिता में शादी के झूठे वादे और धोखे को भी स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।

**हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रहीं :** पीएम मोदी ने कहा, 'लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों-बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है। ये पूरे परिवार को, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त कर रही है। ये गांव के पूरे अर्थतंत्र को बदल रही हैं। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### रांची में आज दिखेगी श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति तत्वावधान में अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में सोमवार व मंगलवार को को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जायेगा। पहले दिन अपराह्न चार बजे श्रीकृष्ण के बाल रूप में भव्य झांकी निकलगी। समिति के संरक्षक संजय सेठ ने रविवार को कहा कि धरित्री कला केंद्र की निर्देशिका गार्गी मलकानी के नेतृत्व में बाल कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं कोलकाता के कलाकारों के द्वारा भगवान श्रीराधा कृष्ण के भावपूर्ण नित्य नाटिका का भी आयोजन रखा गया है।

### आतंकी के रिश्तेदार बबलू खान से आज इडी पूछताछ

**रांची।** अलकायदा इन इंडियन सब कॉन्टिनेंट मॉडयूल केस में संदिग्ध आतंकी डॉ इश्तियाक अहमद के तार जमीन घोटाले के आरोपियों से जुड़े हैं या नहीं, इडी इसकी जांच करेगी। इस मामले में उनके रिश्तेदार बरियातू निवासी बबलू खान से इडी सोमवार को पूछताछ करेगी। इडी ने कांग्रेस नेता और लेक व्यू अस्पताल के संचालक बबलू खान को समन किया है। इडी यह जांच कर रही है कि जमीन घोटाले के आरोपियों का पैसा आतंकी फंडिग में तो नहीं है।

### सीएम ने हांसदा के घर जा कर पत्नी को दी श्रद्धांजलि

**साहिबगंज।** राजमहल सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीन हेंब्रम के अंतिम संस्कार में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार की दोपहर बरहड़वा पहुंचे। उनके साथ कल्पना सोरेन, जोबा मांझी भी मौजूद थीं। सभी पुष्प अर्पित कर कैथरीन हेंब्रम को श्रद्धांजलि दी और सांसद विजय हांसदा को सांत्वना दी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 67700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |

### झारखंड में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है लोजपा

# राजग से बात नहीं बनी तो अकेले भी लड़ेंगे : चिराग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास ) के अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि इस साल झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव में लोजपा भी एनडीए की ओर से चुनाव लड़ेगी पर यदि किसी परिस्थिति में ऐसा नहीं होने पर लोजपा अकेले भी लड़ने का विचार कर सकती है। रविवार को रांची में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एक बार फिर अध्यक्ष चुने जाने के बाद वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। मौके पर पार्टी सांसद वीणा सिंह, शांभवी चौधरी, राजेश वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान सहित अन्य भी मौजूद थे।



लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि झारखंड में भी संगठन जिलों में खड़ा किया जा चुका है। आने वाले दिनों के लिए कई तरह के प्रोग्राम भी पार्टी ने फाइनल किए हैं। पार्टी के सांसद, पदाधिकारी इनमें शामिल होंगे। आने वाले समय में यहां विधानसभा चुनाव होने हैं। इसे देखते और भी प्रभावी तरीके से काम होंगे। उन्होंने कहा, पहला प्रयास एनडीए गठबंधन के साथ हिस्सेदारी लेकर लड़ना और सरकार बनाने का होगा। वहीं किसी कारण वश ऐसा ना होने पर पार्टी जहां मजबूत होगी, वहां अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा कि अगर एनडीए फोल्डर में लोजपा रहता है तो एनडीए और मजबूत होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### यूनिफाइड पेंशन स्कीम पर कांग्रेस ने साधा निशाना

## यू का मतलब यू-टर्न, फिर पीछे हटेगी सरकार : खड़गे

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस ने केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लाने के फैसले पर निशाना साधा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यूपीएस में यू का मतलब मोदी सरकार का यू-टर्न है। खड़गे ने कहा- 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद पीएम के सत्ता के अहंकार पर जनता की शक्ति हावी हुई है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'सरकार ने पहले बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन/इंडेक्सेशन का फैसला वापस लिया।

वक्फ (संशोधन) बिल को जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी को भेजा। इसके बाद ब्रॉडकास्टिंग बिल यूपीएससी के उच्च पदों पर लेटरल एंट्री का फैसला भी वापस लिया। हम सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करते रहेंगे। 140 करोड़ भारतीयों को इस सरकार से बचाते रहेंगे।

दरअसल, केंद्र सरकार शनिवार को न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लेकर आयी है। स्कीम 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा- जो काम सरकार को पहले ही कर देना चाहिए था, वह अब दबाव में आकर कर रही है। पूरा विपक्ष कह रहा है कि सरकार को पेंशन को लेकर कोई फैसला लेना चाहिए। रिटायर्ड कर्मचारियों को उनके वेतन (रिटायरमेंट से पहले) का 50% नहीं, बल्कि पूरा 100% मिलना चाहिए।

### चांडिल डैम में ही मिला लापता विमान का मलबा

**जमशेदपुर।** पांच दिनों से लापता प्रशिक्षक विमान की तलाश रविवार को आखिरकार पूरी हुई। सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के 15 मिनट बाद लापता हुए अल्केमिस्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के विमान का मलबा चांडिल डैम में मिला है। भारतीय नौसेना की टीम ने डैम की गहराई में विमान का पता लगाया। विमान वनडीह नामक स्थान के पास डूबा हुआ मिला। नौसेना की टीम ने विमान का एक हिस्सा प्रमाण के तौर पर बाहर निकाला है। विमान को पूरी तरह से बाहर निकालने में अभी वक्त लग सकता है। टीम के पास डैम से भारी वस्तुओं को निकालने के उपकरण हैं और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही विमान को पानी से बाहर निकाल लिया जायेगा। प्रशिक्षु पायलट शुभ्रोदीप दत्ता और प्रशिक्षक पायलट जीत शत्रु आनंद के शव गुरुवार को मिले थे।

# तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत

### लोहरदगा के सेन्हा में पसरा मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड़ी गांव के तीन बच्चे तालाब में समा गये। गहरे पानी में डूबने से तीनों बच्चों की मौत हो गयी। इस घटना से परिवार और इलाके में मातम है। रविवार को खेलने के दौरान तीनों बच्चे गांव के बगीचा बांध तालाब में नहाने लगे। इसी दौरान तीनों बच्चे तालाब के गहरे पानी में समा गये। आसपास के



लोगों ने किसी प्रकार से तीनों बच्चों को तालाब से निकाला और सदर अस्पताल ले गये। चिकित्सकों ने तीनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने के बाद सेन्हा थाना पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बच्चो की पहचान एकागुड़ी निवासी धंसराज उरांव के पुत्र प्रेम उरांव (6), शंकर उरांव के पुत्र प्रत्युष उरांव (5) और विजय के पुत्र हिमांशु उरांव (5) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया बच्चे गांव के पास ही खेल रहे थे। अचानक तालाब में नहाने उतर गये।

**मां कर रही थी खेत में काम**

परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार प्रेम, प्रत्युष और हिमांशु अन्य बच्चों के साथ पोलियोरोधी की खुराक लेने गये थे। बच्चों के परिजन खेत में काम कर रहे थे। कुछ देर बाद बच्चे खेत के पास ही स्थित तालाब की ओर खेलने के लिए चले गये। खेलने के क्रम में नहाने चले गये प्रेम, प्रत्युष और हिमांशु की तालाब में डूबने से मौत हो गयी। घटना से घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।




# बालिका वधु बनने से बची दसवीं की छात्रा

### बहादुर बच्ची ने रुकवाई खुद की शादी, प्रशासन ने किया रेस्क्यू

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** तरहसी के इलाके के एक दसवीं की छात्रा ने खुद को बालिका वधु बनने से बचा लिया। दरअसल परिवारवाले उसकी शादी जबरदस्ती उत्तर प्रदेश के इलाके में करवा रहे थे। लड़की ने इसका विरोध किया और चुपके से जिला प्रशासन को फोन कर दिया। नाबालिग की जबरन शादी की सूचना चाइल्डलाइन को टोल फ्री नंबर पर मिली थी। इसके बाद पलामू जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग का रेस्क्यू कर लिया। नाबालिग ने प्रशासनिक टीम को बताया कि वह गर्भवती है और उसका प्रेमी बगल के गांव का है। नाबालिग बच्ची दसवीं की छात्रा है और अभी शादी नहीं करना चाहती है।

**कैसे हुई कार्रवाई :** पीड़िता नाबालिग ने खुद ही फोन कर जबरदस्ती शादी कराने की सूचना



चाइल्डलाइन को टोल फ्री नंबर पर दी और मदद की गुहार लगायी। इसके बाद पलामू जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग का रेस्क्यू किया। लड़की फिलहाल बालिका गृह में है। पूछताछ में उसने बताया कि वह गर्भवती है और उसका प्रेमी बगल के गांव का है। इससे ज्यादा उसने अपने प्रेमी के बारे में कुछ और नहीं बताया। वहीं दूसरी ओर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद चाइल्डलाइन और पुलिस के सहयोग से नाबालिग को उसके घर से रेस्क्यू कर लिया। मेडिकल जांच में उसके गर्भवती पुष्टि होने के बाद अलग से एफआईआर भी दर्ज की जायेगी। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो सहित अन्य कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया जा सकता है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों के अनुसार पलामू के इलाकों में 35 प्रतिशत से भी अधिक शादियां बाल विवाह के दायरे में हैं। इनमें अधिकतर शादियां अपने ही परिजनों द्वारा जबरदस्ती करायी जाती है।

**पैसे के लिए शादी कराने की आशंका**

प्रशासनिक टीम को यह आशंका है कि नाबालिग की शादी पैसे के लिए करायी जा रही थी। शंका यह भी है की कहीं शादी करने वाले पेशेवर तो नहीं, क्योंकि कई ऐसे मामले पहले सामने आते रहे है जिसमे पेशेवर गिरोह द्वारा बच्चियों से शादी कर बाद में उनका गलत इस्तेमाल किया जाता है। प्रशासनिक टीम यह पता लगाने में जुटी है कि पलामू की इस बेटी के साथ भी कहीं कुछ ऐसा ही होने वाला था।

# राजस्थान के भिवंडी में बने ट्रेनिंग सेंटर में ट्रेनिंग ले रहे थे झारखंड के छह संदिग्ध आतंकी

**एके 47 समेत घातक हथियार हुए थे बरामद, अलकायदा के संदिग्ध डॉक्टर मो. इश्तियाक का आका कौन**

**डिजिटल एविडेंस के कोड को तोड़ने में जुटी पुलिस, मो. इश्तियाक से हो रही है पूछताछ**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजस्थान में झारखंड के छह संदिग्ध गिरफ्तार आतंकियों को भिवंडी में बने ट्रेनिंग सेंटर में हथियारों की ट्रेनिंग दिया जा रहा था। उनलोगों को ट्रेनिंग सेंटर में भेजने का काम डॉ इश्तियाक अहमद ने किया था। अलकायदा इन इंडियन सब कॉंटिनेंट के इस मॉडयूल को लीड करनेवाले मो इश्तियाक के गुर्गो की तलाश में हुई छापेमारी में एके 47 राइफल, प्वाइंट 38 बोर का रिवाल्वर और छह जिंदा कारतूस, .32 बोर के 30 जिंदा कारतूस, एके 47 के 30 कारतूस, डमी इंसास, एयर राइफल, आयरन एल्बो पाइप, हैंड ग्रेनेड समेत अन्य चीजें जब्त किया है।

**सबूतों की गहरायी से हो रही जांच :** झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि गिरफ्तार अलकायदा संदिग्धों के पास से जितने भी डिजिटल एविडेंस बरामद किए गए हैं सबकी गहराई से जांच की जा रही है। डिजिटल एविडेंस की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। वहीं रांची में डॉक्टर इश्तियाक के द्वारा ट्रेनिंग सेंटर खोले जाने की बात पर एटीएस एसपी ने बताया कि सबकी जांच की जा रही है। अगर ऐसी कोई बात सामने आएगी तो उन स्थानों पर भी सर्च किया जाएगा। डॉ इश्तियाक का आका भारतीय है या फिर विदेशी इसकी जांच भी की जा रही है।

### कहां से जुड़ा है मो इश्तियाक अहमद का आतंकी तार

मो इश्तियाक का तार पाकिस्तान के आतंकी के साथ है या बांगलादेश या फिर किसी दूसरे मुल्क से यह जुड़ा मामला है। सुरक्षा एजेंसियां डॉक्टर के उस आका के बारे में पता लगाने में लगी है, जिसने डॉक्टर का ब्रेन वास कर उसे अलकायदा का संदिग्ध आतंकी बना दिया।

### डिजिटल एविडेंस की जांच शुरू

भारत में खिलाफत घोषित करने और गंभीर आतंकी साजिश को अंजाम देने का षड्यंत्र रची जा रही थी। सबसे खतरनाक बात यह है कि अलकायदा के इस मॉड्यूल के लगभग सभी किरदार झारखंड के रहने वाले हैं। अब तक की जांच में रांची के डॉक्टर इश्तियाक को ही इस अलकायदा मॉड्यूल का हेड बताया जा रहा है, लेकिन अभी भी कई ऐसे सवाल है जिसके जवाब सुरक्षा एजेंसियां को हर हाल में हासिल करना है।

## खबर एक नजर में

### पांच सितंबर जमा करें संपत्ति का ब्यौरा

**रांची।** राज्य सरकार के कर्मी अब पांच सितंबर तक सरकार को अपनी संपत्ति का ब्यौरा सौंप सकते हैं। राज्य सरकार ने संपत्ति का ब्यौरा देने की अवधि बढ़ा दी है। इससे पहले कर्मियों को संपत्ति का ब्यौरा देने के लिये 28 फरवरी तक का समय दिया गया था। कार्मिक विभाग ने इससे संबंधित आदेश भी जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि पांच सितंबर तक संपत्ति का ब्यौरा देने के लिये अंतिम मौका दिया गया है। कर्मचारी अपनी संपत्ति का ब्यौरा एचआरएमएस पोर्टल के जरिये ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। मालूम हो कि ग्रुप डी के कर्मियों को संपत्ति का ब्यौरा नहीं देना है।

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कई मुद्दों पर चर्चा



**रांची।** कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड कांग्रेस के नये प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और झारखंड कांग्रेस विधायक दल के नेता रामेश्वर उरांव भी मौजूद थे। हेमंत सोरेन से बातचीत के दौरान जनहित से जुड़े कई अहम मुद्दों, राज्य में चल रहे विकासात्मक योजनाओं के कार्यान्वयन और झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा की गयी। मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री इरफान अंसारी, विधायक कल्पना सोरेन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रणव झा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### 12 आयुधिक आरक्षी को मिली प्रोन्नति

**रांची।** झारखंड पुलिस के 12 आयुधिक आरक्षी (आर्म्ड कांस्टेबल) को आयुधिक हवलदार (ऑर्डिनेंस कांस्टेबल) में प्रोन्नति दी है। बीते एक अगस्त को केंद्रीय चयन परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के बाद आयुधिक हवलदार के पद पर प्रोन्नत इन 12 पुलिसकर्मियों को अपने वर्तमान पदस्थापन के स्थान से दूसरे जगह पर ट्रांसफर भी किया गया है। प्रोन्नित पानेवालो में ईश्वर राम, सरोज राम,दिलीप कुमार, राधा कांत प्यारे लाल,परमा राम,लालसिंह मुंडा,रमाशंकर रजक, विवेक कुमार चौधरी,मनोज कुमार,विजय रजवार, अर्जुन राम और विनोद दास शामिल है।

### एसीबी में 16 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग रद्द

**रांची।** एसीबी में पदस्थापित किए गए 16 पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग रद्द कर दी गयी है। डीजीपी के आदेश के बाद इसे लेकर डीआईजी कार्मिक ने पोस्टिंग रद्द करने से संबंधित आदेश जारी किया है। गौरतलब है कि एसीबी में कंप्यूटर का ज्ञान रखने वाले पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद 22 अगस्त को 16 पुलिसकर्मियों को एसीबी में पदस्थापित किया था। जिन पुलिसकर्मियों की पोस्टिंग को रद्द किया गया, उसमें मनोज कुमार, किरण लकड़ा, ममता कुमारी, महजबीन प्रवीण, ममता तिर्की, दयामनी नाग, दामोदर साधु, नसीम अंसारी, सोनी कुमारी, अर्चना कुमारी, प्रियंका कुमारी, रविकांत कुमार, अनिला होरो, चंद्रशेखर तिवारी, नीरज कुमार सिंह और रोशन लकड़ा शामिल है।

### राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त को रांची में खेलों का आयोजन किया जायेगा। रांची जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेल दिवस पर देसी और पारंपरिक खेलों का आयोजन किया जायेगा। दिन की शुरूआत पांच किमी के मैराथन से होगी, जो पुरूष और महिला दोनों वर्गों के लिए आयोजित होगी। मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में योग, मलखंब, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी, गेड़ी दौड़, गुलेल से निशाना, पारंपरिक धनुष से तीरंदाजी का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता में रांची, खूंटी, रामगढ़, लोहरदगा के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस दौरान पत्रकारों और खेल विभाग के बीच मैत्री फुटबॉल मैच भी खेला जायेगा।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक में झारखंड विस चुनाव की तैयारियों पर हुआ मंथन

# 5 वर्षों तक जनहित में किये कार्यों को जनता के बीच ले जाना जरूरी : गुलाम अहमद मीर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरॉव की अध्यक्षता में रविवार को रांची परिसदन में विधायकों की बैठक हुई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित थे।

बैठक में विधायकों को निर्देश देते हुए गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 5 वर्षों तक जनहित में किए गए कार्यों को जनता के बीच पूरी मजबूती के साथ रखने का समय आ गया है। जनता की जरूरत के अनुसार भविष्य की नीति निर्धारित करनी होगी। कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र के अनुसार किए गए कार्यों का प्रचारित प्रसारित करना होगा। जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी का जन्मदाता बनाना है ताकि जनता अपना अधिकारों की लड़ाई में आगे आकर सहभागी बने। उन्होंने विधायकों से कहा कि झारखंड में चल रही कल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच रखें ताकि उनके बीच कोई भ्रम ना रहे। अपने क्षेत्र में चुनावी रुपरेखा तैयार कर बुथ स्तर तक अभी से ही पहुंचने का प्रयास करें।



### 18 सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने पर मंथन

बैठक में कांग्रेस ने वर्तमान 18 सीटिंग सीट (बाद में आये प्रदीप यादव और जेपी पटेल) की जीत सुनिश्चित करने पर भी मंथन किया गया। प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पहली प्राथमिकता सीटिंग सीटों पर जीत सुनिश्चित करने की होनी चाहिए। इसके अलावा बैठक में राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर भी चर्चा की गयी। इसके लिए विधायकों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया। बैठक में निजी कारणों से मंत्री दीपिका पांडे सिंह, विधायक अंबा प्रसाद और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल नहीं हो सकीं।

### हेमंत सरकार का कार्य सराहनीय : केशव महतो

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए कार्य झारखंड के विकास के इतिहास में मिल का पत्थर साबित होगा। विधायकों का दायित्व है कि सिर्फ अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि नजदीकी विधानसभा क्षेत्र में भी महागठबंधन के उम्मीदवारों के लिए सक्रिय रहे। अभी से ही महागठबंधन दलों नेताओं कार्यकर्ताओं से संपर्क स्थापित कर चुनावी रणनीति पर कम करें। विपक्ष के रणनीति को विफल करते हुए सांप्रदायिक मानसिकता से जनता को बचाना है। विपक्ष धन कुबेरों का साथ लेकर झारखंड की सत्ता पर काबिज होना चाहता है। महागठबंधन सरकार की उपलब्धियां को देखकर उनके पास घोषणाओं और मुद्दों की कमी हो गई है।

### सरकार जनता के भरोसे पर खरा उतरी : डॉ उरांव

कांग्रेस विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास पर हमें सत्ता सौंपी थी उस पर हमने खरा उतरने का प्रयास किया। जरूरत के अनुसार सरकार ने नीतियां बनाई और उसका भली भांति क्रियान्वयन किया। खाली खजाने के साथ हमने सरकार का गठन किया था। कांग्रेस नेतृत्व के दिशा निर्देशों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र से लेकर राज्य स्तर तक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण और विकास कार्य किए गए। बैठक में मंत्री बन्ना गुप्ता, डॉ. इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, बादल पत्रलेख, उमाशंकर अकेला, कुमार जयमंगल, नमन विक्सल कोंगाडी, सोना राम सिंकू, रामचंद्र सिंह आदि थे।

## बन्ना गुप्ता ने राज्य स्तरीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ किया

# कुल 6115703 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया जायेगा, बनाये गये 24,463 बूथ



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को राज्य स्तरीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ रामजन्म नगर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रांगण में किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा की देश मे पोलियो का कोई मरीज अभी नहीं है और इस पर हमलोग ने नियंत्रण कर लिया है। इसी को बरकार रखने के लिये राज्य भर मे पोलियो दिवस मनाया जा रहा है। देश ने पोलियो के गंभीर परिणाम देखा है और इसलिये हमे सजक रहने की जरूरत है। राज्य भर मे कुल 6115703 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया जायेगा । पूरे जिले मे कुल 24,463 बूथ बनाया गया है। बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिये कुल 48,926 टीम बनाया गया है । पल्स पोलियो के कार्य को देखने के लिये 4893 सुपर्वाइजर राज्य भर मे कार्य कर रहें है। उन्होने कहा कि जीरो से पांच साल के बच्चों पोलियो की खुराक दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में डॉक्टर सीपी चौधरी, डॉक्टर साहिर पाल, डॉ रंजीत पांडा, डॉ ओपी केसरी, डॉक्टर सोमालिया आदि उपस्थित थे।

## सुरक्षा बलों ने चलाया सर्च ऑपरेशन

# चार आईईडी हुआ बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**चाईबासा।** प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के प्रमुख नेताओं के कोल्हान क्षेत्र में गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद से सुरक्षा बल लगातार अभियान चला रहे है। इसमें चाईबासा पुलिस, कोबरा 209, 203 205 झारखंड जगुआर और विभिन्न बटालियनों की टीमें शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने टोन्टो-गोईलकेरा थाना सीमावर्ती जिमकी इकिर, मुरुंबुरा और हुसिपी के आसपास के जंगली व पहाड़ी क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाए गए चार आईईडी को बरामद किया गया। इन बमों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ते की मदद से नष्ट कर दिया गया।

**पिछले साल से चल रहा अभियान :** बता दें कि 10 अक्टूबर 2023 से शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य कोल्हान क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों में नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण पाना है। अभियान के तहत गोईलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्रों में



व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, तिलायबेड़ा, बोरोय, लेमसाडीह और हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया शामिल है। यह अभियान नक्सलियों की विध्वंसक योजनाओं को विफल करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सुरक्षा बलों की सक्रियता और समन्वय से नक्सली गतिविधियों पर काबू पाने में सहायता मिल रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा में भी सुधार हो रहा है। सुरक्षा बलों का यह अभियान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बहाल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### राज्य सरकार प्रदर्शन में शामिल होने का सबूत दे या माफी मांगे : संजय

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रविवार को कहा कि उन पर कराया गया एफआईआर निराधार है। सरकार को उनके प्रदर्शन में शामिल होने का सबूत देना चाहिए या फिर माफी मांगनी चाहिए। सेठ ने कहा कि उन्होंने कार्यकर्ता धर्म और संविधान के धर्म का पालन किया है। कार्यकर्ता होने के नाते वे पार्टी की सभा में गए, जहां भाषण दिया गया वहां धारा 144 लागू नहीं थी। सभा में शामिल होने के बाद वे वहां से निकल गए। संवैधानिक धर्म के तहत उन्होंने प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लिया। वहां इतने कैमरे लगे थे। प्रदर्शन में शामिल होने की उनकी एक भी तस्वीर सरकार दिखा दे। वे इस एफआईआर को चुनौती देंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को राज्य की हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत 51 नामजद और 12,000 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्वा सरमा ने मिला क्या कैंपेन लॉन्च किया, कहा

# झामुमो की गठबंधन सरकार ने झारखंडियों को छला

**हिमंता ने पूछा सवाल**

**शिबू सोरेन एक बड़ी शख्सियत हैं, अगर उनका बेटा वचन पूरा नहीं करेगा तो कौन करेगा?**

**मुख्यमंत्री हेमंत जी आपको सोते-जागते किये वादे को भूलने नहीं देंगे**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के चुनाव सह प्रभारी सह असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने कहा कि झारखंड के निवासियों को हेमंत सोरेन से छला है। श्री हिमंता रविवार को हरमू रोड स्थित होटल कॉव में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पूछ रहा है कि हेमंत सोरेन ने युवाओं को हर साल 5 लाख नौकरी देने, नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देने और दोनों वादा पूरा नहीं करने पर राजनीति से संन्यास लेने की बात कही थी। बावजूद इसके हेमंत सोरेन ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। इसके पहले भाजपा द्वारा मिला क्या कैंपेन के लॉच किया गया। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन एक बड़ी शख्सियत हैं। अगर उनका बेटा वचन पूरा नहीं करेगा तो भला कौन वचन पूरा करेगा।

उन्होंने पूछा कि युवाओं के बेरोजगारी भत्ते का 15000 करोड़, महिलाओं के पेंशन का 3750 करोड़, महिलाओं को बिना गारंटी के ऋण का 2.5 लाख करोड़, चूल्हा भत्ता का 60000 करोड़, शादी के बाद महिलाओं के सोने के सिक्के का 300 करोड़ और हर परिवार को सालाना 72000 का 1.80 लाख करोड़ रुपए का क्या हुआ।

उन्होंने कहा कि हमने अभी खिजरी विधानसभा में महिलाओं से पूछा कि बालू फ्री मिला क्या तो किसी ने भी हां नहीं कहा। इस सरकार ने पैसा देने का, नौकरी बांटने का और स्कीम देने का वादा किया था लेकिन, यह सरकार पैसे की वसूली कर रही है। यहां अलकायदा से जुड़े होने के आरोप में डॉक्टर की गिरफ्तारी हो जाती है, वह राज्य सरकार को नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि युवा आक्रोश रैली निकालते हैं तो उन्हें आंसू गैस, लाठी और बम मिलता है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, अमर बाउरी, संजय सेठ सहित 52 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर किया गया। इस पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन,12 हजार अज्ञात पर केस करना गलत है। इस अज्ञात के माध्यम से इस सरकार ने ब्लैकमेलिंग का एक रास्ता खोल रखा है कि राज्य के किसी भी हिस्से में कोई युवा या अन्य इस सरकार से सवाल करेगा तो इसी केस में उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

डीजीपी को उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि तीन दिनों में 12000 अज्ञात का आप नाम दीजिये अन्यथा हम लोग इसे कोर्ट में लेकर जायेंगे। आप पता कर लीजिये कि एफआईआर में रणधीर सिंह और कोचे मुंडा का अपने नाम दिया है तो वह रांची में थे या नहीं थे। उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि ऐसे डीजीपी के भरोसे झारखंड में चुनाव संपन्न नहीं हो सकता है।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोग शहीद निर्मल महतो जी की समाधि पर जाएंगे वहीं से आपको आपके वादों को याद दिलायेंगे। आप भले अपने वादे भूल जाइयेगा लेकिन, हम लोग आपको सोते-जागते इस वादे को भूलने नहीं देंगे।

### राज्य सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरफ फेल : मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने वर्चुअल माध्यम से कहा कि राज्य सरकार बड़ी बड़ी बातें और घोषणा करती है लेकिन, उनका ट्रैक रिकॉर्ड पूरी तरफ फेल है। पेंशन योजना का ही हाल आप सब देख लीजिये। कई वृद्ध महिलाओं को वृद्धा और विधवा पेंशन नहीं मिली है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन के झूठ के आगे नटवरलाल भी शर्मा जायेगा। उन्होंने झामुमो के झूठ के पिटारे की एक एक कर कलई खोली। उन्होंने कहा कि मिला क्या की पृष्ठभूमि 2019 के चुनाव से पूर्व तैयार हुई। गठबंधन के लोग चुनाव में जाने से पूर्व राज्य की जनता से कई वादे करते हैं। उनके झूठे वादों पर जनता विश्वास कर लेती है और गठबंधन की सरकार बन जाती है लेकिन, साढ़े चार वर्षों में जनता को कुछ हासिल नहीं हुआ। जब झूठे वादों की तरफ इनका विधानसभा में ध्यान आकर्षित कराया जाता है तो 18 विधायकों को निलंबित कर दिया जाता है।

# सचिवालय सेवा संघ ने कार्मिक सचिव के अड़ियल रवैये पर जतायी नाराजगी

**लगाया आरोप : मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद उपसचिव और संयुक्त सचिव के पदों के सृजन संबंधी मामलों को कार्मिक सचिव लटका रहे**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ की कार्यकारिणी की हुई बैठक में लंबित मांगों पर कार्मिक सचिव के अड़ियल और नकारात्मक रवैये को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की गयी। संघ के अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के बावजूद उपसचिव और संयुक्त सचिव के पदों के सृजन संबंधी मामलों को कार्मिक सचिव द्वारा अनावश्यक रूप से लटकाया जा रहा है। राज्यकर्मियों के प्रोन्नति के लिये कालावधि में एकरूपता के लिए सरकार के संकल्प संख्या 3286 का लाभ सचिवालय सेवा के सदस्यों को अभी तक प्रदान नहीं किया गया है। इसके अलावा सचिवालय सेवा के सदस्यों की प्रोन्नति के मामलों को भी विगत दस माह से कार्मिक सचिव द्वारा लटकाया गया है। इससे सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों में गहरा रोष व्याप्त है।

संघ ने यह भी निर्णय लिया कि यदि उनकी मांगों पर दिनांक नौ सितंबर तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया तो संघ के सभी सदस्य 10 सितंबर से तीन दिन तक सामूहिक अवकाश पर जाने के लिये बाध्य होंगे। झारखंड सचिवालय सेवा संघ सरकार से अपील करता है कि वे जल्द से जल्द इस मामले पर उचित कदम उठायें। ताकि सचिवालयकर्मियों के हितों की रक्षा हो सके और प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान न आये। बैठक में अध्यक्ष के अतिरिक्त महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा, उपाध्यक्ष विनय कुमार बरनवाल, रितेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इरशाद आलम, धर्मवीर कुमार, निधि टोपनो, दीप्ति हेरेंज, संध्या खलखो, उमाशंकर मुंडा, मनोज कुमार, रजनीश शुक्ला, हेमनारायण सिंह, अवध किशोर भगत आदि मौजूद थे।

सुप्रभात
सोमवार 26.08.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 128
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### बच्चों को पिलाया गया पोलियो ड्रॉप



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर प्रखंड के 169 बूथों पर बच्चों को पोलियो ड्राप दिया गया । गोविंदपुर सीएचसी में रविवार सुबह पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत 20 सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी ने एक बच्चे को पोलियो ड्राप देकर की। उन्होंने इस अभियान में सभी से सहयोग की अपील की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विश्वेश्वर कुमार, डॉ एच रहमान, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, अतुल कुमार, विजेंद्र कुमार, चंदेश्वर, मासूम आदि मौजूद थे। सोमवार और मंगलवार को घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्राप दी जाएगी। पूरे प्रखंड में 42000 बच्चों को ड्रॉप देने का लक्ष्य है।

### यूएचएस कुंजी में शिक्षकों ने चलाया पोलियो जागरूकता अभियान

**महुदा।** तेलमोचो नेशनल इम्यूनाइजेशन डे के अवसर पर रविवार को तेलमोचो स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी के शिक्षक -शिक्षिकाओं ने पोलियो जागरूकता अभियान का सफलता पुर्वक संचालन किया. इस कार्यक्रम के तहत यूएचएस कुँजी के शिक्षकों ने गांव के टोलों, हेल्थ एन्ड वैलनेस केंद्र तेलमोचो और आंगनबाड़ी केंद्र जाकर लोगो को पल्स पोलियो अभियान के प्रति जागरूक किया. इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका रागिनी कुमारी, मोहत्शिम उस्मानी, नीरद वरण तिवारी, आरती खवास, शैलेश, कुमारी जागृति, बसंत प्रसाद, मधुमिता दास, साबिर हुसैन, सागर कुमार महतो इत्यादि उपस्थित थे।

### सिजुआ में ट्रैक किनारे युवक का शव मिला

**कतरास।** सिजुआ स्टेशन के ट्रैक के समीप रविवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से यहाँ सनसनी फैल गई. शव मिलने की खबर पाकर लोगो की भीड़ लग गई. खबर पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृतक की पहचान गिरिडीह निवासी दीपक सिंह के रूप में हुई है। शव देखने के उपरांत यह कयास लगाया गया की किसी ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मृत्यु हुई है।

### जामाडोबा वाटर बोर्ड कालोनी में निकली जागरुकता रैली

**जोड़ापोखर।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय जामाडोबा वाटर बोर्ड कालोनी झरिया 2 के छात्र छात्राओं और शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ शिक्षक कर्मी अखिलेश कुमार सिंह,अनुज कुमार शुक्ला, घनश्याम प्रजापति, बिनोद कुमार भगत, बिपिन कुमार पाण्डेय शामिल थे।

### कल्याणकारी योजनाओं से लोग हो रहे लाभान्वित : रतिलाल

**कतरास।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता रतिलाल टूडू ने रविवार को टुंडी विधानसभा के अंतर्गत फतेहपुर पंचायत के नवाटांड़ में ग्रामीणों से मुलाकात कर वहाँ की समस्याओं के निराकरण को लेकर विचार विमर्श किया। मौके पर उन्होंने हेमन्त सरकार की चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली।

# शहरपुर में दो पक्षों के विवाद में डीसी ने की शांति की पहल

**दोनो पक्ष आपसी विद्वेष भुलाकर एक दूसरे से गले मिले**



खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** रविवार को नारायणपुर प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा कुमुद सहायकी अध्यक्षता में प्रखंड के शहरपुर पंचायत के पिठवाडीह में दो पक्षों में शव दफनाने को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के संबंध में त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं दोनो पक्ष के लोगों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त कुमुद सहाय ने घटना के संबंध में दोनो पक्षकारों से बारी बारी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया। जिसमें दोनों पक्षों ने अपने अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं को रखा। उपायुक्त द्वारा इस संबंध में सर्वसम्मति से दोनो पक्षों के साथ विचारोपरांत माननीय न्यायालय जाने का सुझाव दिया, साथ ही दोनो पक्षों से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहने के लिए अपील की। उन्होंने दोनो पक्षों से कहा कि कोई भी स्थिति हो, आपस में झगड़ा नहीं करना है। उन्होंने समाज में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु आपसी प्रेम सद्भाव एवं भाईचारा बनाकर रखने हेतु अपील किया साथ ही उपायुक्त ने कहा की कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने का कार्य करेंगे वैसे लोगों को किसी भी हालत में बक्शा नहीं जायेगा।वहीं उपायुक्त के पहल पर दोनो पक्ष आपसी विद्वेष को भुलाकर एक दूसरे से गले मिले और हाथ मिलाया।

**शव दफनाने को लेकर हुआ था विवाद**

ज्ञातव्य हो कि नारायणपुर थाना क्षेत्र के शहरपुर पंचायत के पिठुवाडीह गांव स्थित एक पुरातन जमीन में शव दफनाने को लेकर शनिवार को दो पक्ष के लोग विवादित जमीन में शव दफनाने को लेकर विवाद हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर प्रशासन घटनास्थल पर दोनों पक्षों के लोगों को समझा-बुझाकर तत्काल मामला को शांत कराया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लांगुरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नारायणपुर मुरली यादव, अंचल अधिकारी जामताड़ा अबिश्वर मुर्मू सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

## सुड़ियापानी गांव के नामजद के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**जामताड़ा।** एनसीबी क्राईम केस 3/24 के सत्यापन के दौरान सूड़ियापानी गांव से पुलिस ने एक पिस्तौल तथा एक एयर गन तथा नगद राशि जप्त की थी। उक्त संबंध में नाला थाना में नामजद आरोपी कालीपद भंडारी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया है, वहीं गिरफ्तारी को लेकर पुलिस द्वारा सघन छापेमारी की जा रही है। मालूम हो कि पिछले दिन सोमवार को एनसीबी टीम गुवाहाटी तथा नाला पुलिस की संयुक्त छापामारी में सुड़ियापानी गांव से नामजद आरोपी के घर से दो पिस्तौल, जिंदा कारतूस गोली सहित 12 लाख 80 हजार नगद राशि जप्त किया गया था। मालूम हो कि नाला थाना क्षेत्र के सड़ियापानी गांव से एनसीबी टीम ने केस नंबर 3/24 के नामजद अभियुक्त कालीपद भंडारी के घर से छापामारी कर 7.65 एमएम एक पिस्टल, 5.5 एम एम एयर गन एक पीस, 7.65 एमएम पिस्टल के जिंदा गोली 9 पीस,तथा 12 लाख 80 हजार नगद रुपया जप्त किया था । उक्त संबंध में पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के निर्देश पर गठित टीम में छापामारी के दौरान एनसीबी गुवाहाटी टीम के मोहन राय ,अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाला मनोज महतो, नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के द्वारा छापामारी की गई थी।कांड के संबंध में बताया जाता है कि 23 अगस्त को सूचना प्राप्त हुई थी जिसमें 1020 कि०ग्रा० गांजा बरामद किया गया था, के वांछित अभियुक्त कालीपदो भंडारी , पिता धनंजय भंडारी, साकिम - सुड़ियापानी ,थाना नाला ,जिला जामताड़ा, अपने घर में छुपे हुए हैं तथा एनसीबी गुवाहाटी की टीम अभियुक्त की सत्यापन एवं छापामारी हेतु नाला थाना आई थी। पुलिस अधीक्षक जामताड़ा के आदेशानुसार एनसीबी गुवाहाटी की टीम के साथ नाला अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाला के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापामारी की गई थी और छापामारी के दौरान उसके घर की तलाशी के क्रम में घर में रखें उपरोक्त दो पिस्टल तथा जो जिंदा गोली तथा 12 लाख 80 हजार नगद राशि जप्त की गई थी। नामजद आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज की गई है और सघन छापामारी की जा रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच की साइकिल रैली



**गोविंदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच गोविन्दपुर शाखा एवं गोविन्दपुर उन्नति शाखा ने रविवार सुबह साइक्लोथोन कार्यक्रम का आयोजन किया । इसमें करीब 80 युवक-युवतियां, बच्चे एवं महिलाएं साइकिल चलाते हुए फॉरेस्ट रिजॉर्ट से अग्रसेन भवन गोविंदपुर पहुंचे। मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, समाजसेवी बलराम अग्रवाल एवं उन्नति शाखा की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह साइकिल रैली मारवाड़ी युवा मंच के पूरे भारतवर्ष में 850 सौ शाखाओ में एक साथ आज के दिन आरंभ की गई। साइकिल रैली निकालने का मकसद युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना और पर्यावरण को भी साफ रखने के लिए प्रेरणा देना है। कार्यक्रम को मंच के सहायक मंत्री आदित्य अग्रवाल, गोविंदपुर शाखा अध्यक्ष विवेक लोधा, शाखा सचिव शैलेश बंसल,उन्नति शाखा की सचिव पायल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष खुशबू अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक सौरभ बजाज, स्नेहा अग्रवाल, आशीष मित्तल मौजूद थे।

## धनबाद में चार लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी पोलियो ड्राप

**पोलियो उन्मूलन अभियान शुरू**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत रविवार को सदर अस्पताल में बच्चो को पोलियों का ड्रॉप पिलाकर सिविल सर्जन ने इसकी शुरूआत की। उन्होंने बताया कि पोलियों को जड़ से खत्म करने के लिए इस की शुरूआत की गई है। इसके लिए जिले के 886 बूथों पर 4 लाख 24 हजार 489 बच्चों को पोलियों का ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 1912 लोगों की टीम बनाई गई है जो बच्चों को ड्रॉप पिलाने का काम कर रहे है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के अलावा जिले के रेलवे स्टेशन बस स्टेड में भी टीम को तैनात किया गया है। पोलियों अभियान के कारण आज सभी स्कूलों को भी खोला गया है। इसके अलावा वार्डों में आंगनबाड़ी सेविकाओं ड्रइस काम में लगाया गया है। जो बच्चे इस अभियान में छूट जायेंगे, उन्हें 26 और 27 अगस्त को घर घर जाकर ड्रॉप पिलाया जायेगा।

## निरसा में दो सड़क हादसे में चार घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** निरसा थाना क्षेत्र के देवियाना मोड़ एवं पुराना निरसा थाना भवन के समीप एनएच-2 पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक थापरनगर श्यामपुर निवासी हाईवा चालक गुरुपदो महतो की गंभीर स्थिति को देखते हुए पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया है। वहीं अन्य तीन घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार रविवार को दोपहर में हाईवा चालक गुरुपदो महतो अपनी बाइक (जेएच 10 बीएल 5603) से देवियाना मोड़ से अपने गांव थापरनगर श्यामपुर जा रहा था। इसी दौरान धनबाद से निरसा की ओर आ रही अज्ञात ऑटो कार ने पीछे से उसे धक्का मार दिया। जिससे गुरुपदो महतो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वही मोटरसाइकिल के आगे आगे ट्राई साइकिल से जा रहा दिव्यांग को भी ऑटो चालक ने धक्का मार दिया, जिससे दिव्यांग का सर फट गया है। पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से गुरुपदो महतो को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया वही दिव्यांग का इलाज स्थानीय स्तर पर किया जा रहा है। दूसरी घटना में मैथन निवासी दंपति बाइक से धनबाद से आ रहे थे। उनके आगे चल रहा ऑटो ने अचानक ब्रेक मार दिया। जिससे अनियंत्रित होकर उनकी बाइक टेंपो को धक्का मार दिया। जिसमें मैथन निवासी दंपति घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने अस्पताल में ले जाकर इलाज करवाया। उसके बाद दंपती मैथन चले गए।

# चार अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**बड़ी घटना को अंजाम देने की थी तैयारी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** दिल्ली के तिहाड़ जेल के सजायफ्ता अपराधी सुधीर यादव समेत चार अपराधियों को गिरिडीह पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। चारो अपराधियों के पास से चार पिस्टल के साथ 19 जिंदा कारतूस, दो बाइक व एप्पल मोबाइल भी जब्त किया गया है। रविवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा, एसडीपीओ धनंजय राम और थाना प्रभारी विनय कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि गिरफ्तार अपराधियो में देवघर के मधुपुर के जमुनियाटांड़ गांव निवासी सुधीर यादव, चतरा जब्राकुटी के रंजीत कुमार साहू, देवघर के मार्गोमुंडा फुलची गांव का एंकर दास और देवघर के कलहजोर निवासी मोहम्मद आरिफ शामिल है। एसपी श्री शर्मा ने बताया कि चारों अपराधियों को बगोदर थाना पुलिस ने उस वक्त दबोचा जब चारों अपराधी अवैध हथियार खरीद कर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने जा रहे थे। इसी दौरान चारो को बगोदर के हरिहर धाम के समीप दबोचा गया। पूछताछ में चारो अपराधियों ने कबूला कि वे लोग किसी के घर डकैती के लिए जा रहे थे। एसपी श्री शर्मा ने बताया कि चारों अपराधियों ने बिहार के किसी जिले से देशी पिस्तौल की खरीदारी की है। जिसकी जानकारी जुटाई जा रही है। बताया कि सुधीर यादव दिल्ली के तिहाड़ जेल का सजायाफ्ता अपराधी है।

## तोपचांची में चोरी की घटनाओं में हो रही वृद्धि का कड़ा विरोध

**महापंचायत बुलाने का ग्रामीणों का एलान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची ।** जिले के तोपचांची थाना अंतर्गत दर्जनों गांवों में हाल के दिनों में चोरी की कई घटनाएं हुई हैं, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक किसी भी घटना का उद्भेदन नहीं किया गया है। इससे चोरों का मनोबल बढ़ गया है और ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है. घटना में वृद्धि को देखते हुए सिंहदाहा पंचायत में रविवार को तोपचांची थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने बैठक की। ग्रामीणों ने वरीय पुलिस अधीक्षक और डीजीपी को 3 हजार हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रेषित करने का निर्णय लिया है।

**ग्रामीणों ने की अफवाह नहीं फैलाने की अपील**

इसके अलावा, ग्रामीणों ने दर्जनों गांवों की महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया है, जिसमें चोरी की घटनाओं के बारे में चर्चा की जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए रणनीति तैयार की जाएगी.ग्रामीणों ने अफवाह नहीं फैलाने का आग्रह किया है और कहा है कि रात में किसी अपरिचित व्यक्ति के आने पर उसके साथ मारपीट नहीं करनी चाहिए, बल्कि सुबह तक उसे बैठा कर रखना चाहिए।

**एक नजर में**

### इस्कान में 26 द्रव्यों के साथ जन्माष्टमी आदिवास



**धनबाद।** इस्कॉन कुसुम विहार द्वारा मनाए जा रहे तीन दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी एवं वृंदावन महोत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत पश्चिम बंगाल से आए भक्तो के कीर्तन के साथ हुई।तत्पश्चात सुंदर गोविंद प्रभु ने ललिता माधव कथा का दूसरा भाग भक्तो के बीच बताया। सुंदर गोविंद प्रभु ने बताया कि ललिता एवम अन्य सखियां किस प्रकार भगवान श्री कृष्ण एवं राधा जी के साथ बचपन में खेला करते थे । सुंदर गोविंद प्रभु ने भक्तो के मध्य भगवान के बाल लीला का हमारे जीवन में महत्व बताया।कथा के पश्चात भक्तो के द्वारा गीत एवम छोटे बच्चो के द्वारा नृत्य की प्रस्तुति की गई। जन्मोत्सव के पूर्व आदिवास मनाया गया। आदिवास में 26 द्रव्यों का प्रयोग किया गया। आदिवास के पश्चात भगवान की आरती एवं महा भोग करवाया गया।

### राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता

**कतरास।** रानी बाजार स्थित किड्स केयर में रविवार को राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में 30 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया जिसमें वर्ग 'ए' से श्री कृष्ण के रूप में विवान सिंह , सुप्रीत सरकार एवं ग्रुप 'सी' से सरगुन सिंह,शिवाय चटर्जी विजेता और उपविजेता बने जबकि ग्रुप 'बी' से राधा के रुप में , आर्या कुमारी, आरुषि सिन्हा, शिवांगी श्रीवास्तव व तृशा सिंह प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार प्राप्त किया. पुरस्कार वितरण विद्यालय के निदेशक प्राचार्य दिलीप कुमार वर्मा, डिनोबिली स्कूल कोराडीह की वरीय शिक्षिका श्रीमती सरिता वर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षिका शकुंतला श्रीवास्तव, डीएवी हाई स्कूल की रुपा सिंह तथा ट्रस्टी अजय राणा ने किया।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर दही-हांडी प्रतियोगिता आज

**धनबाद।** हर वर्ष की भांति इस साल भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव 2024 का आयोजन 26 अगस्त की शाम को 15 एकड़ वीटी इंफ्रा, बलियापुर रोड में भव्य और धूमधाम से होगा।कार्यक्रम में दही हांडी (मटका-फोड़)प्रतियोगिता होगी। जिसमे जिले के गोविंदाओं की तीन टीम भाग लेंगी। हांडी फोड़ने वाली सफल टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। यह प्रतियोगिता पिछले कई वर्षों से श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर होता आया है।प्रतियोगिता के उपरांत भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। जिसमें जिले के मशहूर भजन गायक पप्पू बगेड़िया एंड टीम प्रस्तुति देगी। जन्माष्टमी महोत्सव 2024 के अंत मे श्री कृष्ण जन्मोत्सव पूजा होगी और भोग-प्रसाद वितरित की जाएगी। इसके सफल आयोजन के लिए वीटी इंफ्रा 15 एकड़ सोसाइटी के तत्वावधान में सम्पन्न होगा। इसके सफल आयोजन के लिए लता ठक्कर, दीपेश ठक्कर, हितेश ठक्कर, आरके गर्ग, उमेश मंडल, चंद्रनाथ, शंकर बनर्जी, सुनील शाह, वीरेंद्र सिंह, अंकित गुप्ता, राकेश मंडल, जय वालिया, सुमन बरनवाल, बंटी सिंह आदि शामिल हैं।

# खेलकूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

**डीएवी कोयला नगर में नेशनल स्पोर्ट्स**




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कोयला नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में चल रहे नेशनल स्पोर्ट्स 2024 की राज्य स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग तथा रॉलर स्कटिंग का खेल शामिल था। इसमें डीएवी के 10 प्रक्षेत्रों के 55 विद्यालयों के 1150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आज हुए बैडमिंटन बालिका वर्ग अंडर-14 में डीएवी कोयला नगर ने गुमला को हराकर एवं अंडर-17 वर्ग में चाइबासा को हराकर खिताब पर कब्जा की। वहीं अंडर-19 वर्ग में बरियातु रांची ने डीएवी इस्पात बोकारो को हराकर विजेता बनी। इनलाइन अंडर-19 रॉलर स्कटिंग बालक वर्ग 300 एवं 500 मीटर में नितिन कौशिक कोयलानगर ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं 1000 बालक वर्ग अंडर-17 में अनिकेत प्रताप सिंह अल्कुसा तथा अंडर-19 वर्ग में अनजन कुमार सिंह हजारीबाग को भी स्वर्ण पदक प्राप्त हुए। वहीं बास्केटबॉल बालिका वर्ग अंडर-14 प्रतियोगिता के फाइनल में राजरप्पा ने गाँधी नगर को, अंडर-17 वर्ग में राजरप्पा ने बरही को वहीं अंडर-19 हजारीबाग ने एन आई टी आदित्यापुर को हराकर खिताबी मुकाबला जीता। बालक वर्ग अंडर-14 प्रतियोगिता के फाइनल में हजारीबाग ने डालटनगंज को, बरियातु ने बोकारो को हराकर विजेता बनी। प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने खेल की सराहना करते हुए कहा कि हमारे संस्थान के खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर लगातार देश का सम्मान बढ़ा रहे है। मैं इस प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों को खेल-भावना से खेलने एवं अपनी छिपी प्रतिभा को प्रकट करने पर शुभकामना देता हूँ । अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। मौके पर डीएवी कुसुंडा की प्राचार्या झूमा महता , अल्कुसा के आर के सिन्हा एस के मोहंती आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में जावा महुआ व अवैध शराब जब्त



हरिहरगंज (पलामू)। थाना क्षेत्र के पिपरघाट में अवैध शराब निर्माण के खिलाफ उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को छापेमारी की। इस छापेमारी में 12 क्विंटल जावा महुआ तथा 30 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। इस संबंध में अवर निरीक्षक उत्पाद अमित कुमार सिंह ने बताया कि जावा महुआ और जब्त शराब के साथ ही शराब बनाने के उपकरण को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं धंधे में संलिप्त फरार अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक उत्पाद हुसैनाबाद अंचल अमित कुमार सिंह के अलावे उत्पाद बल व गृहरक्षक बल शामिल थे।

### नर सेवा ही नारायण सेवा : मिशन समृद्धि



मेदिनीनगर। सामाजिक संस्था मिशन समृद्धि के सदस्यों ने दोना पत्तल बेचने वाले जरूरतमंदों के बीच निः शुल्क भोजन का वितरण किया। मिशन समृद्धि संस्था इनके बीच रोटी ही नहीं कपड़े का भी वितरण करती है। संसाधन के अभाव में हम बहुत कुछ करने में सक्षम नहीं हैं फिर भी उनके बीच यथासंभव करने के लिए हमेशा तैयार होते हैं। अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल और दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी का वितरण किया गया। सदस्यों ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। मौके पर ममता गुप्ता, आशा शर्मा, रंजीता, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, शिल्पी गोस्वामी, बेबी पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार सबों का सराहनीय योगदान हमेशा रहता है। संस्था की प्रबंधक अहिल्या गिरि ने उनके योगदान को सराहा।

### कांग्रेस की जनसंपर्क यात्रा पहुंची नौडीहा खजूरी



पाटन (पलामू)। छतरपुर प्रखंड के विषय पर अकोनिया कुटी मोड़, बरडीहा, बिशनपुर, नौडीहा खजूरी गांव में कांग्रेस की जनसंपर्क यात्रा पहुंची। इस जनसंपर्क यात्रा के दौरान दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान ने कांग्रेस की जनकल्याणकारी कार्यों को लोगों को बताया और आम लोगों से आने वाले विधानसभा चुनाव में वोट देने की अपील की। कहा कि कांग्रेस ही गरीब, दलितों व शोषितों का विकास कर सकती है। दूसरी पार्टी इन लोगों को केवल वोट बैंक समझती है। मौके पर मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान, राकेश दुबे, लव सिंह, सुधीर कुमार उपस्थित थे।

### विहिप का स्थापना दिवस समारोह मना



मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद की स्थापना का 60 वर्ष पूर्ण हो चुका है। षष्ठी पूर्ति समारोह के रूप में इस वर्ष स्थापना दिवस को भव्य रूप से प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में आयोजित करने की योजना बनी है। स्थापना दिवस 24 अगस्त से 01 सितंबर के बीच मनाने की तिथि निर्धारित है। जिला विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल और सभी आयामों के साथ बैठक सह स्थापना दिवस समारोह, जिला कार्यालय स्थित श्री कृष्ण मंदिर में आयोजित किया गया। स्थापना दिवस समारोह में विहिप के स्थापना काल से अभी तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। पांकी प्रखंड विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के समिति का पुनर्गठन भी किया गया। अखिलश कुमार को प्रखंड संयोजक, हिमांशु कुमार को प्रखंड मंत्री, शुभम कुमार को प्रखंड सह मंत्री, प्रभात चौरसिया को प्रखंड सह संयोजक, निरंजन सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष और विकास गुप्ता को प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख बनाया गया। कार्यक्रम में विहिप पलामू जिलाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनामिका सिंह, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, जिला धर्म प्रसार प्रमुख विनय कुमार सौंडिक, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, सम्मानित सदस्य विवेक जी, मंदिर मठ प्रमुख मनीष भिवानिया, समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, हरिहरगंज से प्रखंड अध्यक्ष राजेश सौंडिक, नव्य ठाकुर, रिशु गुप्ता, प्रखंड बजरंग दल संयोजक दीपक सोनी, मेदनीनगर से प्रिंस गुप्ता, आकाश कश्यप, सोनू कुमार, नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, अंकित वर्मा, निलांबर पितांबर पुर से प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, मंत्री रौशन मेहता, उपाध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा, पांकी से प्रखंड अध्यक्ष संस्कार सोनी, और अखिलेश जी, विश्रामपुर से प्रखंड संयोजक अंश सोनी, नावा बाजार से जिला बजरंग दल सह संयोजक हिमांशु पांडेय, सतबरवा से सुनील कुमार, छतरपुर से प्रखंड संयोजक बिट्टू जॉन, रूपेश, संतोष शामिल थे।

### सदर प्रखंड में दिव्यांग जनों के लिए सशक्तिकरण शिविर आयोजित



मेदिनीनगर। दिव्यांगता अभिशाप नहीं है बल्कि जीवन की एक चुनौती है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे रविवार को सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांग बच्चों के अधिकार विषय पर आयोजित सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने दिव्यांग जनों से दीप प्रज्वलित कराकर कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन किया। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में पीएलभी के माध्यम से 2167 बच्चों को चिन्हित किया गया है। 1678 बच्चों को पेंशन योजना का लाभ दिया गया है। मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय पीडीजे खुद उसके पास पहुंचे व सरकारी योजना का लाभ दिए। साथ ही उस बच्चे को स्पॉन्सरशिप का लाभ व किसी बेहतर आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व अंचलाधिकारी सदर को निर्देश दिया। मौके पर डीजे अभिमन्यु कुमार, अखिलेश कुमार, राजकुमार मिश्रा, आयशा खान ,स्वेता ढींगरा, शंकर महाराज, संजय सिंह यादव, सीजेएम आनंद सिंह, एसीजेएम संदीप निशित बारा, निशिकांत, शिखा अग्रवाल, परमानंद उपाध्याय, कमल प्रकाश, रितु कुजूर, रोजलिना बारा, अमित आकाश सिन्हा, प्रज्ञेश निगम, रश्मि चन्देल, सदर अंचल अधिकारी अमरदीप सिंह बल्होत्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पीएलभी विनय प्रसाद, संजीव सिंह, मुखिया बिंको उरांव, दुलारी देवी, नाजिर सुनील कुमार, अधिवक्ता संजय कुमार पांडेय, उपाध्याय सिंह, सुदर्शन ठाकुर उपस्थित थे।

## लाडली बेटियों को सुरक्षा दे सरकार : अरुणा शंकर

**प्रथम महापौर के नेतृत्व में कोलकाता रेप एवं हत्या की घटना के विरोध में निकला ऐतिहासिक कैंडल मार्च**

खबर मन्त्र संवाददाता





मेदिनीनगर। शनिवार की शाम होटल ज्योतिलोक के प्रांगण से प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में कोलकाता की मेडिकल छात्रा की हत्या और दुष्कर्म की घटना के विरोध में ऐतिहासिक कैंडल मार्च शहीद चौक (कचहरी चौक) तक निकाला गया। यह शहर में पहला इतना विशाल महिलाओं द्वारा निकाला गया कैंडल मार्च था, जो महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में निकला। इस कैंडल मार्च में ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज की छात्राएं, एलिट कॉलेज की छात्राएं, कुंवर पृथ्वी कुंवर पृथ्वी नाथ बीएड कॉलेज की छात्राएं, मेडिकल स्टूडेंट्स, आनंद मोटर्स की महिला कर्मी एवं चेंबर के लोग काफी संख्या में शामिल थे।

कोलकाता में महिला चिकित्सक की रेप व उसके बाद हत्या की घटना को लेकर छात्राओं में काफी आक्रोश देखा गया।

प्रथम महापौर ने कहा हम सबों को न्याय चाहिए ताकि ऐसी घटना हमारी लाडली बेटियों के साथ दोबारा ना हो सके। प्रथम महापौर ने कहा कि हम अपनी लाडलियों को बड़ी-बड़ी संस्थाओं में पढ़ाई करने भेजते हैं लेकिन वहां भी अगर सरकार सुरक्षा नहीं दे पाती तो यह बहुत ही शर्म की बात है। आखिर हमारी लाडली बेटियां कहां सुरक्षित रहेंगी।

कैंडल मार्च की अगवानी प्रथम महापौर अरुणा शंकर कर रही थीं। मौके पर कॉलेज की छात्रा साक्षी गुप्ता, नेहा रानी, श्रुति तिवारी, नेहा कार्तिक, अलका सिंह, शोभा कुमारी, रचनादीप, अंजली कुमारी, प्रिया पांडे, अनामिका कुमारी, सोनाली कुमारी, प्रगति नंदन एवं आनंद मोटर्स की ओर से श्वेता सिंह, रुबीना कुमारी, स्वाति तथा पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से कृष्ण अग्रवाल, राकेश सोनी, पुनीत सिंह, चंदू कमलापुरी, भूपेंद्र सिंह होरा एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से रविवार को भी खुले रहे प्रखंड कार्यालय

## डीडीसी ने विभिन्न प्रखंडों का किया निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गये

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। जिले में अबुआ आवास के कार्यों में तेजी लाने व ससमय निष्पादित करने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन के निर्देशानुसार सभी प्रखंड कार्यालय रविवारीय अवकाश के बावजूद खुले रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने सदर मेदिनीनगर, नवाबाजार, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज एवं विश्रामपुर सहित अन्य प्रखंडों का निरीक्षण कर कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध योग्य लाभुकों का चयन व संबंधित लाभुकों का आधार/बैंक खाता सहित सभी आवश्यक विवरणी तैयार करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत कई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उप विकास आयुक्त ने विभिन्न ब्लॉक पहुंचकर सभी बीडीओ से कहा कि अबुआ आवास सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है ऐसे में इस योजना में किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपने आवास समन्वयकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सद्भावना भवन में विश्व बंधुत्व दिवस मना



- डॉ. दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति में कार्यक्रम मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद पलामू। शहर के मधुशाला रोड स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय,सद्भावना भवन में विश्व बंधुत्व दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम डॉ. दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया ।

कार्यक्रम की शुरूआत पुष्प अर्पण से हुई वहीं मौजूद सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहन ने बताया प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान में दादी प्रकाशमणि जी का नाम बड़े ही गौरव से लिया जाता है। 25 अगस्त का दिन इस संस्थान के सभी सदस्यों के लिए दादी प्रकाशमणि जी के स्मृति दिवस मनाने का दिन है । 25 अगस्त 2007 को दादी प्रकाशमणि जी ने अपनी पुरानी देह का त्याग किया और स्वयं को फरिश्ता स्वरूप स्थिति में स्थित किया । जैसा की दादी जी का नाम है वैसा दादी जी आज भी अपनी ज्ञान की प्रकाश को मनी के समान आज भी इस पूरे विश्व पर फैला रही है दादी प्रकाशमणि जी एक ऐसी महान विभूति है, जिन्होंने विश्व कल्याण के ईश्वरीय कार्य में अग्रणी भूमिका निभाई है । दादी जी संस्थान की दूसरी मुख्य प्रशसिका तथा निर्देशिका रही है।

मौके पर बी.के.नीरज, बी.के धीरज, बी.के. मनोज भगत, रेखा बहन, वंदना बहन, राम नरेश यादव, धर्मेंद्र,कृष्ण प्रसाद, आनंद किशोर, डॉक्टर गया, डॉ मलय, कुसुम माता, शोभा देवी और सैकड़ो जिज्ञासु उपस्थित थे।

## पेड़-पौधे मानव जीवन के आधार हैं : सीओ प्रवीण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

- सर्वेश्वरी समूह ने पाटन प्लस टू उवि में किया पौधरोपण कार्यक्रम



पाटन (पलामू)। पेड़ पौधे हमारे जीवन के आधार हैं, इसे परिवार की तरह सहेजे रखना ही हमारा धर्म होना चाहिए। उक्त बातें राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय पाटन में सर्वेश्वरी समूह शाखा डालटनगंज द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पाटन सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने कही। सीओ ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति के श्रृंगार हैं इसके बिना मानव जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार ने समूह के पदाधिकारियों व अतिथियों को बूके देकर स्वागत किया। संचालन शिक्षक बालगोविंद मिश्र ने किया। शाखा उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिन्हा ने सर्वेश्वरी समूह द्वारा बीस सूत्रीय कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि समूह मानवता की सेवा को आगे बढ़ाते हुए कुष्ठ रोगियों का इलाज कर वर्ल्ड रिकार्ड बनाते हुए गिनिज बुक में नाम दर्ज किया है। इस अवसर पर बच्चों के बीच 240 फलदार पौधे वितरण किये गये। ब्राइट लैंड स्कूल मेदिनीनगर में भी तीन सौ फलदार पौधे वितरण किये गये। मौके पर मंत्री प्रतापनारायण शाही, व्यवस्थापक योगेंद्र सिंह, अनुज सिंह, ललित नारायण सिंह, सूर्यदेव नाथ शाही, डॉ नरसिंह, संतोष राय, शुभम कुमार, शिक्षक सलीमुद्दीन, पंकज कुमार, शशिकांत, दिलीप कुमार, प्रभाकर, प्रमोद, कृपाशंकर, पवन, अभिमन्यु, रविकांत, शिक्षिका नेहा, रेणु, सुनीता शामिल थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच का जागरूकता अभियान जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। ओ.बी.सी. एकता अधिकार मंच (झारखंड प्रदेश) द्वारा बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसवांद के जरिए लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को नावाबाजार प्रखंड के ग्राम चेचन्हा में एक जनसभा आयोजित की गई।

जनसभा में मंच के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चौधरी और पिंटू यादव ने सभा संबोधित कर ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद के जरिए अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया और आरक्षण में हो रही गड़बड़ी के प्रति सचेत किया।

**ओबीसी समाज के आरक्षण को लेकर हमारी लड़ाई जारी रहेगी : एकता अधिकार मंच**

जनसभा में मंच के नेताओं ने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद जी के साथ जुड़कर ओबीसी समाज को एकजुट करने का जो अभियान चलाया जा रहा है, उसमें लोगों से भागीदारी निभाने का आह्वान किया जा रहा है. इससे ब्रह्मदेव प्रसाद जी के हाथों को मजबूती मिलेगी। ओबीसी समाज की आवाज बुलंद करने के लिए वे विधानसभा पटल पर रख सकेंगे। नेताओं ने कहा कि ओबीसी समाज के आरक्षण को लेकर हमारी लड़ाई जारी रहेगी, इसके लिए हमारे अध्यक्ष जी जान से जुटे हुए हैं। इसलिए उनका नारा है कि जो ओबीसी की बात करेगा वही सत्ता पर राज करेगा। सभा में रामराज जी, सुरेंद्र जी, नारायण महतो, मकुन राम, विनय कुमार मेहता, महावीर कुमार, विकेश कुमार व अन्य लोग शामिल थे।

### खो खो, 1500 मी और 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता 29 को

मेदिनीनगर। पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान 29 अगस्त को प्रातः 8:30 बजे से जीएलए कॉलेज एथलेटिक्स स्टेडियम में बालक/बालिकाओं के लिए इंटर स्कूल खो- खो प्रतियोगिता, ओपन 3000 मीटर दौड़ बालक, 1500 मीटर दौड़ बालिकाओं के लिए प्रतियोगिता होगी। यह प्रतियोगिता केवल एक ग्रुप में होगी । खो खो प्रेतियोगिता में केवल स्कूल के बच्चें ही भाग लेंगे। दौड़ प्रतियोगिता में कोई भी स्कूल कॉलेज के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले को ट्रॉफी, मेडल, और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी।

### एसडीएम ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया



हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी ने पल्स पोलियो राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में नवजात शिशुओं को दवा पिलाकर की। साथ ही कोल्ड चेन सिस्टम का बारीकी से अनुश्रवण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि पोलियो कार्यक्रम में 0 से 5 वर्ष तक के 59490 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जिसमें कुल 213 टीम के द्वारा कुल 426 स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता कार्य करेंगे। 213 टीम के अलावा 7 ट्रांजिट टीम और 01 मोबाइल टीम भी कार्य कार्य करेगी, जिसके कार्य के सुपरविजन के लिए 37 सुपरवाइजर नियुक्त किये गए हैं। अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा सभी उपस्थित सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया कि सभी सुपरवाइजर यह सुनिश्चित करेंगे कि पोलियो की दो बून्द से कोई भी 0 से 05 वर्ष का बच्चा छूट न जाये, साथ ही, टीम झुग्गी झोपड़ी, ब्रिक क्लीन, मलिन बस्ती पर विशेष फोकस करेंगे।

### बिजली बिल जमा शिविर हैदरनगर में आज

मोहम्मदगंज (पलामू)। विद्युत अवर प्रमंडल जपला द्वारा सोमवार को हैदरनगर तिवारी कॉम्प्लेक्स में बिजली बिल जमा करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं 28 अगस्त को मोहम्मदगंज स्टेशन रोड में भी शिविर लगेगा। कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बकाया 5000 रुपये से अधिक है, उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। जिन उपभोक्ता का बकाया राशि के कारण कनेक्शन कट दिया गया है, वैसे उपभोक्ता अपना बकाया बिल जमा कर आरसीडीसी रसीद प्राप्त कर लेंगे, वे अपना कनेक्शन फिर से चालू करवा सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से समय पर बिल भुगतान और घर के अंदर लगे मीटर को बाहर करवाने की अपील की है, अन्यथा विभागीय नियमों के अनुसार उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद (पलामू)। विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभाग के 9 विद्यालयों के कुल 205 भैया-बहनों ने प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि एके सिंह डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, विभाग निरीक्षक नीरज लाल, संरक्षक चंद्रेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, राजेश सिंह, अजय गुप्ता, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, अखिलेश विश्वकर्मा, अरुण चौधरी, शिवबालक सिंह, राजवल्लभ शर्मा, जितेन्द्र राम, जयन्ति सिंह, विन्ध्येश्वरी सिंह, जयन्त कुमार ने संयुक्त रुप से सरस्वती मां एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्चन कर की वहीं कार्यक्रम संयोजक मेदिनीनगर के प्रधानाचार्य दुर्गेश नंदन ने संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम संयोजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे। वहीं सूर्यमणि सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित होने से लोगों का मनोबल बढ़ता है एवं उनका सर्वांगीण विकास होता है। इस प्रतियोगिता में संगणक, अंग्रेजी एवं संस्कृत विषय की प्रश्न मंच प्रतियोगिता हुई। जिसमें एसएसवीएम, जपला के किशोर वर्ग के क्रमशः अंग्रेजी प्रश्न मंच में प्रथम स्थान, संगणक में तृतीय स्थान, बाल वर्ग संस्कृत में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं विभाग में विजेता अन्य विद्यालयों के सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विभाग में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को ट्राफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने सफल विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा प्रान्त स्तरीय प्रतियोगिता के लिये और सुनियोजित ढंग से तैयारी करने की सलाह दी। संचालन हर्षदा उपाध्याय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के सचिव राकेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आये प्रधानाचार्य, संरक्षक आचार्य-दीदी एवं स्थानीय विद्यालय के आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

### ताली बूथ नंबर 89 पर सुनी गई पीएम के मन की बात



चैनपुर (पलामू)। पथरा मंडल में महुगवां शक्ति केंद्र के ताली बूथ न. 89 पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 113वां एपिसोड को भाजपाइयों व आमजनों ने सुना। मन की बात सुनने वालों में सांसद प्रतिनिधि राघवेंद्र कुमार तिवारी, समन्वयक आनंद सिंह, वरिष्ठ नेता जय कुमार दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी विशाल दुबे, पंकज कुमार, विकास तिवारी, प्रभाकर कुमार तिवारी, रजनीश तिवारी एवं मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 'मन की बात' गिनीज बुक में दर्ज हो : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह लातेहार विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा डाल्टनगंज विधानसभा के बूथ नंबर 277 के अंतर्गत अपने आवास पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संबोधित 113 वें मन की बात कार्यक्रम को अपनें बूथ से संबंधित मतदाताओं के साथ सुना। जहां अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कहा कि मन की बात कार्यक्रम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी, राजेश्वर शर्मा, अवध बिहारी सहाय, नरेश प्रसाद गुप्ता, राजेश बिहारी गोयल, प्रकाश राय, नागेंद्र चौबे, अंशुमान चंदन, पिंकी वर्मा, मनीषा पांडे, पूनम कुमारी, अभिलाषा वर्मा, हर्ष सिन्हा, आकाश वर्मा एवं अर्णव पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## प्रधानमंत्री की 'मन की बात' ने कार्यकर्ताओं को दी नई दिशा : कर्नल संजय

- हुसैनाबाद बूथ संख्या 126 पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद (पलामू)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत मन की बात कार्यक्रम का 113वां संस्करण पूरे प्रदेश में सुना गया। भारतीय जनता पार्टी ने इस आयोजन को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया, जिसके तहत हुसैनाबाद के बूथ संख्या 126 पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भी हिस्सा लिया। साथ ही मन की बात को बड़े ही उत्साह के साथ सुना। दूरदर्शन पर कार्यक्रम को देखकर लोग उत्साहित और प्रेरित हुए। सुदूरवर्ती जरहीपर गांव की निवासी लालमती देवी ने कहा कि उन्हें मन की बात इसलिए प्रिय है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी इसमें आम जनता के मुद्दों को सजीव तरीके से प्रस्तुत करते हैं और उनके सुझावों पर काम भी करते हैं। पंचायत समिति सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में हमें प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने का अवसर मिला। कार्यक्रम के उपरांत, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' न केवल देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना को भी जागृत करता है। यह कार्यक्रम हर नागरिक में नई ऊर्जा का संचार करता है। मौके पर पंसस राजा राम पासवान, पूर्व जिला परिषद सदस्य धीरेन्द्र बैठा, मुखिया प्रतिनिधि प्रशांत सिंह, बिन्देश्वरी यादव, विनोद पासवान, जुगनू मेहता, राहुल उपाध्याय, जवाहर अग्रवाल, अजय सिंह, राजकुमार प्रजापति, देवपति देवी, संगीता देवी, शुशीला देवी, मीना देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात



मेदिनीनगर। 76 डाल्टनगंज विधानसभा अंतर्गत मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 2/12 बूथ संख्या 155, 156, 157 के निकट बीजेपी झारखंड प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह के हमीदगंज आवास पर कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से हम सभी कार्यकर्ताओं को प्रेरणादायक सीख के साथ-साथ देश स्तरीय सामाजिक राजनीतिक धार्मिक आर्थिक सांस्कृतिक जैसे अनेक गंभीर विषयों की रोचक जानकारी भी मिलती है। जिससे हम सभी कार्यकर्ताओं में नई चेतना व ऊर्जा का संचार होता है। प्रधानमंत्री जी के मन की बात सुनने के लिए कार्यक्रम प्रभारी विजय कुशवाहा, धर्मेंद्र उपाध्याय, शिवकुमार मिश्रा, सरवन गुप्ता, छोटू सिन्हा, दीपक सिंह, रणजीत सिंह, संजय कुमार, पिंकू सिंह, सोनू कुमार, श्वेतांग गर्ग सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पाटन मंडल के बूथों पर भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात



पाटन (पलामू)। भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह के नेतृत्व में पाटन मंडल के सभी बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन का बात कार्यक्रम को सुना गया। विभिन्न बूथों पर सुनने वाले मंडल अध्यक्ष अपने बूथ संख्या 219 पर सुने वही जितेन्द्र सोनी 190 बूथ पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर मन की बात सुनी। मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम लोगों में उर्जा का संचार व प्रेरणा देता है। कहा कि यह कार्यक्रम पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देता है। मौके पर सुनील सिंह, गिरेंद्र सिंह, आलोक सिंह, छोटू सिंह, पशुपति शर्मा, सतेंद्र सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, आनंद सिंह, उमा शंकर सिंह, रविनाथ साव, प्रिंस कुमार, बिकास कुमार, अभिमन्यु सिंह, उदय सिंह सभी ने कार्यक्रम सुना।

स्पीड न्यूज

## लेखा पुस्तकों को अद्यतन करने को लेकर बैठक



**बोकारो।** जेएसएलपीएस अंतर्गत सभी सामुदायिक संगठनों जैसे संकुल स्तरीय संगठन ग्राम संगठन एवं सखी मण्डलों के लेखा पुस्तकों को अद्यतन करने हेतु विशेष बैठक का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों/क्लस्टरों में किया गया। बैठक का सत्यापन संबंधित सामुदायिक समन्वयक/कैडर/प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा किया जायेगा। जिसमें सभी बिंदुओं पर सघनता से जांच की जाएगी। जेएसएलपीएस डीपीएम श्री प्रकाश रंजन ने बताया कि सत्यापन के बाद लेखा पुस्तकों से संबंधित प्रतिवेदन राज्य कार्यालय को समर्पित किया जाएगा।

## भाकपा माले की संथाल परगना कमेटी की बैठक



**दुमका।** भाकपा माले संताल परगना प्रमंडलीय बैठक पुराना जिला स्थापना शाखा परिसर में रविवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय कमेटी सदस्य सह संयोजक गीता मंडल ने की। बैठक में जिला जिला सचिव बाबुलाल राय, सुभाष चंद्र मंडल, भुंडा बास्की, जामताड़ा से जिला सचिव सुनील राणा, गोड्डा जिला सचिव राम दास साह, देवघर जिला सचिव जयदेव सिंह, अशोक महतो आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 9 सिंतमबर को धनबाद में भाजपा भगाओ, लुट मिटाओ, एकता रैली की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें पूरे संताल परगना प्रमंडल से 2 हजार से अधिक की संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर सहमति बनी है। इसको लेकर 29 अगस्त को जिलावार जिला कमेटी की बैठक आयोजित कर आंदोलन को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार की जायेगी।

## गुहार: पिता की गुमशुदगी को ले थाने में दिया आवेदन



**बेरमो/फुसरो।** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली बाजार निवासी निलेश कुमार ने अपने पिता रामाशंकर प्रसाद (75 वर्षीय) जो लगभग पंद्रह दिनो से लापता है। पीड़ित निलेश कुमार ने अपने पिता की गुमशुदगी को लेकर बेरमो थाना में आवेदन दी एवं खोजबीन करने की गुहार लगायी है। आवेदन में जिक्र किया है कि तेरह अगस्त को सुबह लगभग 10 बजे घर से निकला था जो अभी तक घर वापस नहीं आया है। सभी परिजनो सहीत कई जगहो में काफी खोजबीन की थक हार कर थाना में आवेदन दिया। कहा कि रामाशंकर प्रसाद का मानसिक संतुलन सही नही है। आवेदन में गुहार लगाया गया है कि पिता को तलाश करने की कृपा की जाए।

## सांसद विजय हांसदा की पत्नी का हुआ अंतिम संस्कार

# श्रद्धांजलि देने घर पहुचें सीएम हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाकुड़/साहेबगंज।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के झामुमो सांसद विजय हांसदा की पत्नी कैथरीना हेंब्रम के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रविवार को बरहरवा स्थित उनके आवास पर पहुंचकर अंतिम संस्कार में शिरकत किया। हेमंत सोरेन के संग उनकी पत्नी व गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, विधायक बसंत सोरेन, सांसद नलिन सोरेन ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दे नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बहुत ही दुखदाई घटना है। ऐसा वक्त है कि कुछ कहा नहीं जा सकता है, इतने कम उम्र में कैथरीना का निधन होना परिवार और पार्टी के लिए अपूर्णीय छती है।श्रद्धांजलि सभा में पाकुड़, साहिबगंज जिले के हजारों पार्टी कार्यकर्ता के साथ-साथ साहिबगंज के जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, एम टी राजा,पाकुड़ जिला अध्यक्ष श्याम यादव, पाकुड़ जिला संगठन प्रभारी अजीजुल इस्लाम, पाकुड़ जिला उपाध्यक्ष समद अली सहित सभी प्रखंड अध्यक्ष, अम्लान कुसुम, चंदन तिवारी, टमटम जी एवं प्रमुख पार्टी कार्यकर्ता इशाक अंसारी, मो तनवीर, मुकेश सिंह, प्रकाश सिंह, संजीत भगत, सुसिल भगत, संतोष भगत, प्रेम रजक, करनेलियास हेंब्रम, हरिवंश चौबे, छोटू भगत मौजूद थे।इसके अलावा जिला परिषद अध्यक्ष जूली हेंब्रम, महेशपुर विधायक की पुत्री पिंकी मरांडी श्रद्धांजलि दी। मालूम हो कि विजय हांसदा की पत्नी कई महीनो से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी और उनका इलाज एम्स दिल्ली में चल रहा था। बीते शुक्रवार की रात उनका निधन एम्स में हो, निधन होने के पश्चात उनके डेड बॉडी को फ्लाइट से कोलकाता लाया गया, कोलकाता से सड़क मार्ग से बरहरवा स्थित काली तला आवास पर लाया गया। जहां ईसाई रीति रिवाज के अनुसार प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

प्रार्थना सभा के आयोजन के पश्चात पेट्रोल पंप के समीप उन्हें दफनाया गया। इस मौके पर परिवार, सगे संबंधी के सैकड़ो लोग मौजूद थे। साथ में श्रद्धांजलि सभा में प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल साहिबगंज और पाकुड़ के डीसी एसपी सहित तमाम पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद दिखे।

## लाठीचार्ज के खिलाफ बोकारो में भाजपा ने सरकार का पुतला फूका



**बोकारो।** रांची के मोरहाबादी मैदान में भाजपा कार्यकताओं पर किये गए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले चलाये जाने की घटना के विरोध में भाजपा कार्यकताओं ने जिला अध्यक्ष जयदेव राय के नेतृत्व में बोकारो के एसपी कार्यालय के समक्ष राज्य सरकार का पुतला दहन किया। श्री राय ने कहा कि हेमंत हेमंत सरकार की कथित वादाखिलाफी के विरोध में युवाओं द्वारा मोरहाबादी मैदान में जन आक्रोश प्रदर्शन किया गया था जहां सरकार के आदेश पर झारखंड पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्ण तरीके से लाठीचार्ज किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार ने युवा महिला किसान और शिक्षक सेविका सहायिका अनुबंधित कर्मियों को चुनावी घोषणा के माध्यम से उनका वोट लेकर सरकार बनाई। आज उनके कार्यकाल के 3 महीने शेष बचे हैं। इस कार्यक्रम में धीरज झा रामलाल सोरेन गौर रजवार संजय त्यागी मंटू राय मुकेश राय परिंदा सिंह अनिल सिंह मनोज सिंह अमर स्वर्णकार हरि गोप अविनाश सिंह भानुप्रताप सिंह ब्रज दुबे पवन ठाकुर रघुनाथ टुडू राजू गुप्ता चंद्रशेखर सिंह सुजीत चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

## सामुदायिक शौचालय के साथ सौर चलित डीपबोरिंग निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड के साडम पूर्वी पंचायत के नैनाटांड में ओएनजीसी बोकारो के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मदसे स्वयंसेवी संस्था सर्वोदय महिला विकास केंद्र के तत्वाधान में आयुष आरोग्य मंदिर नैनाटांड मे अपना इलाज टिकाकरण एवं जांच वगैरह करवाने आने वाले ग्रामीणों व स्वास्थ्य कर्मियों और सहिया दीदी के लिए सामुदायिक शौचालय साथ सौर चलित डीपबोरिंग निर्माण कार्य का शुभ शिलान्यास गोमिया विधायक लंबोदर महतो ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर गोमिया चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बलराम मुखी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री महतो ने कहा की विगत यहां कई वर्षो से इस आयुषमान आरोग्य मन्दिर मे सामुदायिक शौचालय और पेयजल कि व्यस्था नही होने के कारण ग्रामीण लाभार्थियों को अनेको परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जो अपना इलाज के लिए यहाँ आते है किन्तु अब ग्रामीणों को किसी प्रकार के परेशानियों का सामना करने कि आवश्यकता नहीं है। और न ही शौच के लिए खुले मे जाने कि जरूरत है। साथ ही यहां कार्यक्रम के आयोजन के लिए किसी भी तरह के परेशानियों का सामना विल्कुल नहीं करना पड़ेगा। आगे कहा की ओएनजीसी बोकारो के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद तहत अपने कार्य क्षेत्र के अंतर्गत अनेको सराहनीय कार्य करवा रही है, जिसका सीधा लाभ ग्रामीणों को प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में मुखिया प्रतिनिधि सुनिल यादव, नेपाली सिंह, उषा सिंह, रिंकी सिंह, संस्था की सचिव अंजलि कुमारी, मोनी कुमारी, पिंकी देवी, बेबी देवी, राधा रानी, शैलेंद्र कुमार, सरोज कुमार, रमेश रबिदास, मुकेश रबिदास, दुर्गा रबिदास सहित दर्जनों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्तिथ थे।

## बीएसएल के ईडी सीआर महापात्रा की अध्यक्षता में एवं बोकारो एससी/एसटी वेंडर्स के बीच बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के ईडी सीआर महापात्रा की अध्यक्षता में बोकारो एससी /एसटी वेंडर्स के साथ आयोजित बैठक में सीजीएम अनिल कुमार पीके बैसाखिया जेवी शेखर ए बंकिरा हर्ष निगम सीआर मिश्रा व प्रकाश कुमार एवं जीएम धनंजय कुमार डीजीएम आईएच अंसारी झारखंड सरकार जिला उद्योग केंद्र धनबाद के जीएम राजेंद्र प्रसाद एससी/एस टी अनुभाग की वरीय प्रबंधक किरण तिरु के साथ लगभग 20 से अधिक एससी/एसटी वेंडर्स शामिल थे। जीएम धनंजय कुमार ने सभी का स्वागत किया व डीजीएम आईएच अंसारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। ईडी श्री महापात्रा ने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट एस सी/एस टी वेंडर्स के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। बिजनेस एक्सीलेंस विभाग की वरीय प्रबंधक सुश्री देवयानी चक्रवर्ती के द्वारा आईएसओ 8000 के बारे में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी। बैठक में एससी/एसटी वेंडर्स ने विभिन्न मुद्दे बीएसएल के समक्ष रखा। बीएसएल की ओर से वेंडर्स के द्वारा आपूर्ति किये गए सामग्रियों तथा सेवाओं में बेहतरी लाने पर भी चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने बैठक के दौरान परस्पर समन्वय द्वारा सभी पहलुओं के सकारात्मक निदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## तीन दिनों तक चलाया जाएगा पोलियो की खुराक अभियान : डॉ खालिद



**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** प्रखंड क्षेत्र के फतेहपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को तीन दिवसीय पोलियो की खुराक अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्रखंड प्रमुख जुहीप्रिया मरांडी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ खालिद अहमद ने नवजात से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों को दो बूंद पोलियो की दवा पिलाकर इसकी शुरूआत की। साथ ही उपस्थित लोगों को पोलियो से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया गया। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ खालिद अहमद ने बताया कि प्रखंड में कुल करीब 15544 हजार बच्चों को पोलियो दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें रविवार को 102 पोलियो बूथ के माध्यम से नवजात शिशु से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। शेष बचे हुए बच्चों को सोमवार एवं मंगलवार को गांव स्तर पर डोर टू डोर अभियान चलाकर सहिया, सेविका एवं स्वास्थ्य कर्मी द्वारा छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मौके पर डॉ शिवम कुमार, डॉ देवांशु, डॉ दानिश, लेखापाल धनपति गिरी सहित अन्य

## चोरी व गुम हुआ 60 मोबाईल धारकों को दुमका पुलिस ने सौंपी

दुमका। जिले विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी एवं खोया मोबाईल दुमका पुलिस मोबाईल धारकों को सौंपा। करीब 60 मोबाईल धारकों को दिया गया। इस बावत समाहरणालय भवन स्थित एसपी कार्यालय में एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने मोबाईल धारकों को मोबाईल दिया। इस अवसर पर एसपी खेरवार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत लोगों के चोरी एवं खोया मोबाईल धारकों को दिया गया। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में खोया एवं चोरी हुए मोबाईल बरामद कर उक्त धारकों को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थाना के थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया था कि चोरी व खोया मोबाईल अधिक से अधिक संख्या में मोबाईल धारकों को पता लगा कर सौंपा जायेगा।

## फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन द्वारा रक्तदान कार्यक्रम



**बोकारो।** बोकारो जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के द्वारा रेड क्रॉस भवन बोकारो में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में कुल 58 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में रेड क्रॉस के पदाधिकारी के द्वारा संस्था को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बोकारो जिला फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के अध्यक्ष जयंत जायसवाल सचिव उमेश कुमार और कोषाध्यक्ष आरजू भाई बीडीपीटीए के सदस्य सीके पंडित उर्फ गब्बर भाई श्रीकांत सिंह संजय कुमार शमीम खान परवेज नरोत्तम रजवार विजय कुमार श्याम कुमार संजय शर्मा दिनेश शर्मा गुंजा देवी मानसी तान्या कुमारी शिवकांत जी नीरज बरनवाल नितिन कुमार संतोष कुमार वंदना विपिन आनंद सिंह संदीप डे बिट्टू कुमार सुदीप दा तौहीद इत्यादि लोगों की उपस्थिति रही। बीडीपीटीए के द्वारा रेड क्रॉस ब्लड सेंटर बोकारो के डॉक्टर मोहंती एवं बोकारो के रक्तवीर संजय शर्मा को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## चार दिन पूर्व तमिलनाडु काम करने गये थे मजदूर, पहुंचते हीं अपराधियों ने बनाया बंधक

# दुमका व गोड्डा के 11 मजदूरों को बंधक बनाकर, कर रहे फिरौती की मांग

**▸▸ मजदूरों को छोड़ने के एवज में 1.20 लाख की मांगी फिरौती, एक मजदूर के परिजनों ने 15 हजार फोन-पे पर भेजा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** रोजगार को तमिलनाडू गए दुमका के 11 मजदूरों को बंधक बनाने का मामला रविवार को सामने आया है। बंधक बनाए गए सभी मजदूर जिले के रामगढ़ प्रखंड के विभिन्न पंचायत व गांव के आदिवासी एवं पहाड़िया समुदाय से है। बंधक बने मजदूरों के परिजनों से कॉल कर पैसे की मांग की जा रही है। परिजनों ने आवेदन देकर जिला प्रशासन व मुख्यमंत्री से मजदूरों के सकुशल घर वापसी की गुहार लगायी है। भाजपा नेता सह सरसाबाद मुखिया राजू पुजहर के नेतृत्व में बंधक बने मजदूरों के परिजनों ने एसपी पितांबर सिंह खेरवार को आवेदन सौंप जिला प्रशासन एवं सीएम से न्याय की गुहार लगाया है। यहां बता दें कि चार दिन पूर्व दुमका एवं गोड्डा के कुल 11 मजदूर कपड़े के मील में काम करने के लिए तमिलनाडु गए थे। जहां उन्हें बंधक बना मारपीट करते हुए उनसे रुपये की मांग की जा रही है। इसकी सूचना मजदूरों ने अपने परिजनों को दी तो इसमें एक परिवार ने ऑनलाइन 15 हजार रुपये का भुगतान भी कर दिया। लेकिन उसे अब तक छोड़ा नहीं गया है। परिजनों ने एसपी से मिलकर सारी बात बताते हुए परिजनों को छुड़ाने का आग्रह किया है। बंधक बने मजदूरों में दीपक पहाड़िया, शंकर पहाड़िया, राजू पहाड़िया, नोरेन सोरेन, जोगेश सोरेन, मुंशी मुर्मू और राजकिशोर पहाड़िया है। सभी मजदूर रामगढ़ प्रखंड के अमड़ापहाड़ी गांव निवासी मुंशी मुर्मू के साथ तमिलनाडु गए थे। दुमका जिले और सीमावर्ती रामगढ़ प्रखंड के अमड़ापहाड़ी, सिंदरीजोला, कैरासोल, गरदापहाड़ी, गादी कौरैया गांव के 11 मजदूर शामिल है। चार दिन का सफर तय कर आज सुबह मजदूर पहुंचे ही और चंद घंटे के बाद उन्होंने अपने परिवार वालों को फोन किया कि हमें कुछ लोगों ने यहां बंधक बना लिया है। हमें यह नहीं पता चल पा रहा है कि हम कहां हैं। ये लोग हमारे साथ मारपीट कर रहे हैं और पैसे की मांग कर रहे हैं। इसी बीच इन युवकों को बंधक बनाने वाले लोगों ने परिवार वालों को एक मोबाइल नंबर दी और कहा कि तुम लोग इसमें रुपए भेजोगे नहीं तब तक सभी हमारे कब्जे में रहेंगे। उन्होंने किसी से 15 हजार तो किसी से 40 हजार रुपये की मांग की। इसमें दीपक पहाड़िया के परिजनों ने मोबाइल नंबर 90641 37437 पर 15 हजार रुपये भेज भी दिया, लेकिन उन लोगों ने दीपक को अब तक नहीं छोड़ा। बंधक मजदूरों के रिहाई के बदले 1.20 लाख रुपए की अपहरणकत्ताओं ने मांग किया है। परिजन से सारी बात सुन एसपी श्री खेरवार ने कहा कि इनके कुछ लोग काम करने के लिए तमिलनाडु गए थे। जहां उन्हें बंधक बनाया गया है। हमलोग उनकी रिहाई के लिए प्रयास में जुट गए हैं और अगर जरूरत पड़ी तो दुमका पुलिस टीम तमिलनाडु भी जायेगी।

खबर एक नजर में

## रोटी बैंक ने आवासीय विद्यालय में लगाया दंत जांच शिविर



**दुमका।** रोटी बैंक दुमका के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय गादी कोरैया में जन्माष्टमी के पूर्व संध्या रविवार को 150 स्कूली के छात्रों के बीच नि:शुल्क दंत जांच किया गया। जांच दंत रोग चिकित्सक डॉ स्वेता स्वराज ने जांच शिविर लगाकर की। डॉ स्वेता स्वराज ने छात्रों के बीच दवा, ब्रश एवं मंजन का भी वितरण की। उन्होंने बच्चों को दांतों की सही देखभाल, ब्रश अथवा मंजन करने का सही तरीका बताते हुए उन्हें जागरूक की। उन्होंने कहा कि अगर दांतों में कोई भी तकलीफ हो तो वह फौरन डॉक्टर को दिखाएं। मुंह अथवा दांतों के किसी भी रोग को हल्के में नहीं लें, बल्कि तत्काल चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराये। इसके अलावा डॉ स्वेता स्वराज ने बच्चों के बीच चॉकलेट, बिस्कुट, केक वितरण की। मौके पर समाजसेवी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त जतिन कुमार ने कहा कि मानव की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। हम लोग प्रयास करेंगे की गांव में इस तरह का कार्यक्रम आगे भी करते रहें। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मोहन राय, राहुल कुमार, नरेंद्र कुमार, सुभाष राय, स्कूली बच्चें मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ प्रतिनिधिमंडल ने की पूर्व विधायक योगेंद्र से भेंट



**बेरमो/ललपनिया।** रविवार को मुरुबंदा स्थित आवास में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कर्मी संघ, झारखंडप्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया क्षेत्र पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो से भेंट की। अपनी मांगों से अवगत कराते हुए सरकार के समक्ष उनकी 3 सूत्री मांगों को रखते हुए निराकरण की फरियाद करते हुए मांग पत्र सौंपा। उन्हें बताया कि शिक्षिका/शिक्षकेत्तर कर्मी 17-18 वर्षों से एक लाख बच्चियों के आवासीय व्यवस्था की देख भाल करते आ रहे हैं। ड्न्ख्ख्श्च की बच्चियों के अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय पटलपर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है। प्रत्येक वर्ष मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों से परीक्षा फल बेहतर रहा है। सैंकड़ों बच्चियां सरकारी नौकरी प्राप्त कर चुकी हैं। लेकिन हम कर्मियों की मांगों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही जबकि हर उचित जगह फरियाद लगा चुके हैं। आपसे बहुत उम्मीदें हैं। संघ ने अध्यक्ष सह पूर्व विधायक जी से 10 साल से सेवारत कर्मियों का सीधा समायोजन सरकार द्वारा करने, समान काम, समान वेतन को लागू करते हुए संविदा कर्मियों की तर्ज पर 50 प्रतिशत वेतन वृद्धि करने एवं पेंशन, एढ्ढऋएवं मेडिकल भत्ता का लाभ देने की मांग से अवगत कराया। अध्यक्ष सह पूर्व विधायक श्री महतो ने संघ के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि आपकी मांगों से मुख्यमंत्री हेमंत सर को अवगत कराएंगे एवं समस्या निराकरण के लिए सकारात्मक कार्रवाई की पहल करेंगें।

## चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में राजभाषा कार्यों का निरीक्षण



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में विभिन्न विभागों में राजभाषा कार्यों का निरीक्षण डीवीसी मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा किया गया। आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि मानव संसाधन विभाग वित्त विभाग मुख्य महाप्रबंधक व परियोजना प्रधान का कार्यालय तथा संविदा एवं सामग्री विभाग में राजभाषा के कार्यों का निरीक्षण आशुतोष पाण्डेय उप प्रबंधक राजभाषा डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के द्वारा किया गया। श्री पाण्डेय ने कार्यालय में हो रहे राजभाषा कार्यों की फाइलों एवं दस्तावेजों के साथ साथ डायरी डिस्पैच को भी बारीकी से देखा। इसके साथ ही कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को राजभाषा को कैसे सरलता से कार्यालय में व्यवहार किया जाय- इसे विस्तार से बताया। उन्होंने राजभाषा नियम तथा अधिनियम को विशेष रूप से समझाया। कार्यालय में सर्व साधारण कर्मचारी से लेकर अधिकारी वर्ग को हिंदी के व्यवहार पर अधिक प्रकाश डालने की बात कही। उन्होंने कार्यालय में राजभाषा कार्यों की वृद्धि करने एवं उसकी प्रतिशतता बढ़ाने पर अधिक जोर दिया। इस निरीक्षण कार्य में विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भरपूर सहयोग किया तथा सभी ने अपने अपने विभागों में हिंदी के काम की प्रतिशतता बढ़ाने की बात कही।

## फुसरो बाजार के बैंक मोड में दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर बैठक आयोजित



**बेरमो /फुसरो।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी फुसरो बाजार स्थित बैंक मोड फुसरो में दुर्गा पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाने हेतु श्री श्री दुर्गा पूजा कमेटी की बैठक फुसरो बाजार के आरएस कंपलेक्स में आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता महारुद्र नारायण सिंह ने किया। यहॉ दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाने के लिए कमेटी का विस्तार किया गया। जिसमें संरक्षक दयानंद बरनवाल, केदार सिंह व महारुद्र नारायण सिंह को बनाया गया। अध्यक्ष विजय सिंह, सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक, उपाध्यक्ष रमेश स्वर्णकार, भरत वर्मा, नागेंद्र सिंह, रवि छाबड़ा, मनोज सिंह, राजेश गुप्ता एवं मनोज शर्मा, सह सचिव अनिल गुप्ता, शंभू यादव, धर्मेंद्र सिंह, गोपी डे, संजय सिंह, संतोष सिंह, बैभव चौरसिया को नियुक्त किया गया। मेला प्रभारी मनोज गुप्ता, मनोज शर्मा, अमन गुप्ता, विजय प्रसाद, पूजा प्रभारी की जिम्मेवारी शिवकुमार सिन्हा, अनिल गुप्ता एवं प्रकाश राईका को दिया गया। वही प्रेस प्रवक्ता की जिम्मेवारी खिरोधर महतो व बैभव चौरसिया, चंदा प्रभारी धनश्याम प्रसाद, रविंद्र कुमार शर्मा संतोष गुप्ता तथा भरत वर्मा को बनाया गया। टेंट लाइट प्रभारी रमेश स्वर्णकार, कृष्ण चांडक, नागेंद्र सिंह, शिव सिन्हा तथा धर्मेंद्र सिंह को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य में विश्वजीत पाल, अमित कुमार अड्डी, सुशांत राईका, प्रसादी महतो, छीतरमल अग्रवाल बंसल, राकेश मालाकार, जुगनू सिंह, बैजू मालाकार विनय कुमार, विष्णु विश्वकर्मा, आकाश सिंह, विक्की यादव एवं सन्नी बरनवाल को चुना गया।

## जैन पब्लिक स्कूल में हुआ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन

**बोकारो।** स्थानीय जैन पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में संपन्न श्री कृष्ण जन्माष्टमी में श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 112 बच्चों ने हिस्सा लिया। स्कूल के छात्र छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें भगवान श्री कृष्ण के जीवन और शिक्षाओं से संबंधित पारंपरिक नृत्य और गीत शामिल थे। बच्चों ने श्री कृष्ण राधा की सुंदर झांकियां भी प्रस्तुत की। स्कूल के सचिव आलोक जैन ने बताया कि जन्माष्टमी से जुड़ी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन बच्चों द्वारा किया गया। आलोक जैन ने कहा कि ऐसे उत्सव से न केवल बच्चों में ऊर्जा प्रदान होती है बल्कि ये उन्हें अपने संस्कृति से भी जोड़कर रखते हैं। उप प्राचार्य मृत्युंजय सहाय ने श्री कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी शिक्षाओं का महत्व बच्चों को समझाया। शिक्षिका बेबी कुमारी के दिशा निर्देशन में सारे सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। श्रेया कुमारी एवं एकांश कुमार को सर्वश्रेष्ठ राधा कृष्ण खुशी कुमारी को माखन चोर एवं रुपाली कुमारी तथा तान्या कुमारी को सर्वश्रेष्ठ कृष्णा के रूप में पुरस्कृत किया गया। शिक्षका कविता झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सुनीता जैन अलका जैन ग्रीष्मा जैन दलजीत कौर रितिका कुमारी रोशनी कुमारी सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जातिगत गणना

जाति के आधार पर 2011 में जनगणना हुई थी। यह रिपोर्ट आते तक (2014 में) केन्द्र में भाजपा की सरकार आ गई थी। चूंकि उसमें बड़ी संख्या में फर्जी आंकड़े पाये गये थे इसलिए सरकार ने उसे रद्द कर दिया था। यह भी माना जाता है कि पिछड़े वर्गों के समर्थन से भाजपा को काफी फायदा मिला है। अगर पारदर्शी रिपोर्ट आती है तो अनेक लोगों को राजनैतिक नुकसान पहुंच सकता है, जिनमें भाजपा भी शामिल है। इसलिये वह जाति आधारित जनगणना कराने के हक में नहीं है। इधर हाल ही में संसद में एक कानून के जरिये अन्य पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने वाली सूची में शामिल करने का अधिकार राज्यों को दे दिया गया है, ऐसे में जाति आधारित अनेक नेता और दल जो जाति विशेष के नुमाइंदे होने का दावा करते हैं, उन्हें तो नुकसान पहुंचेगा ही, जो जातिगत आरक्षण का अनावश्यक लाभ लेकर वास्तव में हकदार जातियों व लोगों का हक छीन रहे हैं, उन पर भी रोक लग सकेगी। वैसे भी किसी भी समुदाय के लिए दी जाने वाली सुविधाएं तब तक सही ढंग से निर्धारित नहीं हो सकती जब तक कि उस समुदाय या वर्ग में शामिल लोगों की सही-सही संख्या का पता न चले। सारी योजनाएं एवं कार्यक्रम इसी आधार पर तय किये जाते हैं। यह इस मायने में भी आवश्यक है कि जातियों के फर्जी आंकड़ों के आधार पर होने वाले राजनैतिक ध्रुवीकरण रुक सकेंगे। सटीक आंकड़े उपलब्ध न होने से समाज में एक-दूसरे के खिलाफ वैमनस्यता, द्वेष और घृणा को फैलने से भी रोका जा सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में आवश्यक है कि पूरे देश में जाति आधारित मतगणना हो। यह मांग चाहे राजनैतिक दलों की ओर से उठाई गई हो परन्तु जिस तरह से सभी दल इस पर एकमत हैं, उम्मीद है 2025 में जनगणना को लेकर सरकार गंभीर होगी और देश की आबादी का पता चल सकेगा।

## श्रम कानून के बदलाव

दरअसल, तर्क है कि सरकार न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन की दिशा में एक कदम आगे बढ़ी है। तर्क है कि कानून श्रमिकों की पेशागत सुरक्षा को प्राथमिकता देती है जो काम करने का बेहतर वातावरण बनाने और आर्थिक विकास को गति देने का कार्य करेंगे। साथ ही सुधार कारोबारी सुगमता को सुनिश्चित करेंगे। तर्क यह भी है कि इससे लालफीताशाही और इंस्पेक्टरी राज पर अंकुश लगेगा। ये सुधार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेंगे और भविष्य निधि संगठन तथा कर्मचारी राज्य निगम के दायरे का विस्तार करके श्रमिकों को सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेंगे। कहा जा रहा है कि देश के संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को इससे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। अब सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। उनका वेतन डिजिटल माध्यम से भुगतान करना होगा। साल भर में श्रमिकों का हेल्थचेकअप करना भी अनिवार्य किया गया । सरकार का कहना है कि वह प्रवासी श्रमिकों का डेटा बैंक तैयार कर रही है तथा व्यवस्था की जा रही है कि प्रवासी मजदूरों को मूल निवास जाने के लिये साल में एक बार यात्रा भत्ता दिया जाये। पहले किसी कंपनी में दुर्घटना होने पर जुमार्ने की जो राशि सरकार के खाते में जाती थी, अब नये कानून में जुमार्ने की आधी राशि पीड़ित को देने की बात कही गई है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और कई श्रमिक संगठन इन सुधारों का विरोध कर रहे हैं। भारतीय मजदूर संघ ने भी कानून बनाने में जल्दी करने पर सवाल उठाये हैं। लेकिन सुधारों का प्रभाव और समय को लेकर भले हम आलोचना करें लेकिन इन नीतियों के प्रभाव हमें अगले वित्तीय वर्ष में ही देखने को मिलेंगे। देश में निजी क्षेत्र के बढ़ते प्रभाव और श्रमिक-नियोक्ता तनाव के बीच यह कानून व्यापकता लिये हुये है लेकिन के क्रियान्वयन का मूल्यांकन अभी शेष है।

# विकास और रोजगार में क्रांति लाता इंटरनेट




**भारत** सहित दुनिया के इतिहास में बीते तीन दशक इस लिहाज से खासे अहम हैं कि इसने व्यक्ति, अभिव्यक्ति और सभ्यता के साझे बूते के साथ आधुनिकीकरण की पूरी प्रक्रिया और आशय को ही बदल दिया। दिलचस्प यह कि यह सब जिस तेजी के साथ घटित हुआ उसके पीछे तकनीक की वह संजालीय ताकत है, जिसे हम इंटरनेट कहते हैं। दुनिया के बाकी हिस्सों के मुकाबले भारत में इस बदलाव का खास मतलब इसलिए है क्योंकि यहां समाज और संस्कृति का बहुलतावादी अस्तित्व पारंपरिक तौर पर कायम रहा है।

**इंटरनेट के ढाई दशक**

इंटरनेट ने भारत में 25 साल पूरे कर किए हैं। इंटरनेट इस्तेमाल करने के मामले में हमारा देश दुनिया में दूसरे स्थान पर है। दरअसल, बीते ढाई दशक से भारत जिस तरह डिजिटल मोड में आता गया है, उसमें बड़ी भूमिका निभाई है कंप्यूटर ने। कंप्यूटर से हमारा परिचय उदारीकरण के दौर से पहले का है। यह परिचय अपवाद से तब आम व्यवहार का हिस्सा बना जब 15 अगस्त 1995 को भारत को इंटरनेट का तोहफा मिला। विदेश संचार निगम ने देश का पहला इंटरनेट कनेक्शन दिया। 2010 तक आते-आते स्मार्टफोन की आमद ने हमारी निजी और सार्वजनिक दुनिया को एक साथ नियंत्रित करना शुरू कर दिया।

आज आलम यह है कि देश में 70 करोड़ से ज्यादा लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह हमारे लिए पानी या आक्सीजन की तरह जरूरी हो गया है। बदलाव की यह प्रक्रिया हमारे जीवन को कई स्तरों पर बदल रही थी। लेखन से लेकर अभिव्यक्ति और मनोरंजन की दुनिया के हिस्से यह बदलाव जिस रूप में आया, वह तो दंग कर देने वाला है। एक सामान्य समझदारी के लिए हम कह सकते हैं कि मानव सभ्यता का 21वीं सदी में दाखिला उस आभासलोक में उतरने जैसा है, जो कहने को तो हमें पूरी दुनिया से एक माउस या एक क्लिक के साथ जोड़ देता है पर वास्तव में यह जुड़ाव संवेदना और सामाजिकता की दुनिया में एक व्यक्ति को किस तरह नितांत अकेला करता गया है, यह आज हम अनुभव कर सकते हैं।

**कोरोना और ओटीटी**

इस साल के दूसरे-तीसरे महीने से कोरोना का कहर हमारे आसपास पहुंच चुका था। टीवी धारावाहिकों और सिनेमा हॉल में जाकर फिल्म देखने के शौकीन आज वेब सीरीज या ओटीटी (ओवर द टॉप)पर रिलीज होने वाली फिल्मों की बात कर रहे हैं। यह एक बड़ा बदलाव है और यह आगे किस तरह और ज्यादा प्रभावी होगा इसे कुछ अध्ययनों और तथ्यों से हम समझ सकते हैं।



- अनू अंबालिका

> 2025 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं।

2025 तक भारत में ओटीटी इंडस्ट्री में 45 फीसद वृद्धि की संभावना है। इसे यों भी कह सकते हैं कि कोरोना ने इस संभावना को दोगुना कर दिया है। पहले जहां देश में अमेजॉन और नेटफ्लिक्स जैसे विदेशी प्लेटफॉर्म्स का ही दबदबा था, वहीं अब ओरिजनल कंटेंट के मामले में भारतीय प्लेटफॉर्म्स उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। कुछ भारतीय ओटीटी प्लेटफॉर्म तो इनसे काफी आगे हैं। लेट्सओटीटीग्लोबल डॉट कॉम की मलेशिया स्थित संपादक डॉ. सुनीता कुमार बताती हैं कि भारत में साल-डेढ़ साल पहले 40 ओटीटी प्लेटफॉर्म थे, लेकिन अब इनकी संख्या दोगुनी होकर 80 से भी ज्यादा हो गई है। बदलाव का यह संजाल हमें आगे और कहां ले जाएगा यह कहना मुश्किल है। हां, एक बात जो मौजूदा स्थिति में कही-समझी जा सकती है वह यह कि इस बदलाव के साथ अभ्यस्त होने से ज्यादा जरूरी है इसके प्रति सचेत होना। यह सचेत भाव इसलिए भी जरूरी है क्योंकि इससे कहीं न कहीं मनुष्य की वह नियति तय होगी जिसमें यह तारीखी तौर पर जाहिर होगा कि मनुष्यता पर अगर तकनीक इस कदर हावी हो जाए कि अनुभव और अभ्यास की उसकी रचनात्मकता बड़े पैमाने पर आभासी दुनिया में तैरने लगेगी तो फिर आधुनिकता और मनुष्यता का साझा हश्र क्या होगा। वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के क्रम में लिटमस या एसिड टेस्ट की बातें खूब होती हैं। यह शब्द विचार और विमर्श के क्षेत्र में भी खासा प्रचलित है। अभी हम जिन संजालीय बदलावों और उनसे जुड़ी चिंता की बात कर रहें हैं उसे समझने के लिए मौजूदा समय काफी माकूल है।

ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना संकट के दौरान निश्चित तौर पर सहयोग और सौहार्द की कई बड़ी मिसालें देखने को मिली हैं, पर ये सारे उदाहरण या तो आपवादिक हैं या कुछ लोगों के निजी पुरुषार्थ के किस्से। आम समाज का चरित्र इस दौरान अपने ही लोगों के प्रति खासा असहयोगपूर्ण रहा है, असहिष्णु रहा है। इसलिए इस दौरान जो हम टीवी स्क्रीन, कंप्यूटर या स्मार्टफोन पर देख रहे हैं, उससे जुड़ी विषयवस्तु या कंटेंट काफी मायने रखता है।

**हाल और सवाल**

सेक्रेड गेम्स को न सिर्फ दर्शक मिले बल्कि वे टिके भी रहे। इसके प्रसारण के समय से ही यह सवाल सुगबुगाने लगा कि ओटीटी प्लेटफॉर्म को स्वच्छंद छोड़ना ठीक है क्या आज आलम यह है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जाना ही इसलिए जा रहा है कि यह देह और संबंधों की दुनिया को हर स्तर पर बेनकाब करता है।

**तकनीक और इंसानी स्फीति**

सवाल यह है कि सभ्यता के इतिहास में अब तक जो रचनात्मक अनुभव हमारे हिस्से आए हैं क्या हम उसे अंतिम तौर पर गंवाने के मुहाने पर खड़े हैं।कोरोनाकाल के कुछ अध्ययनों में यह बात आई भी है कि संवेदना और सौहार्द के दरकार के दौर में हम लगातार हिंसक होते जा रहे हैं। यह हिंसा मन और शरीर से आगे भाषा तक में जाहिर हो रही है। आगे हमारे लिए यह चुनौती होगी कि इस हश्र के पीछे की तकनीकी ताकत को लेकर हम नए सिरे से विचारशील होंगे या फिर उन स्फीतियों को सीधे-सीधे स्वीकार कर लेंगे, जिनके शिकार आज हम तेजी से हो रहे हैं।

**खबरों की लीक और तकनीक**

बात तकनीक और इस कारण आए बदलावों की हो और मीडिया की चर्चा न हो, ऐसा संभव नहीं है। इंटरनेट के कारण खबरों की एक नई दुनिया आज हमारे सामने है। इस दुनिया ने खबरों के अर्थ और आशय को ही सिर्फ नहीं बदला है, बल्कि इसके साथ ही बदल गई है इसे देखने-समझने की हमारी पूरी दृष्टि।

### खास बात

## पैतृक संपति में बेटी का अधिकार

मृत्युंजय प्रसाद

**कड़वी** सच्चाई यह है कि उन्हें वह आजादी और वित्तीय स्वतंत्रता नहीं मिलती है, जो पुरुषों के लिए सुलभ है। अच्छी बात यह है कि अब स्थितियां बदल रही हैं। उदाहरण के लिए भारत में विरासत कानूनों को ही लें, विशेष रूप से हिंदू परिवारों में उत्तराधिकार और विरासत के कानूनों को। हाल में सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि बेटियों को हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) की संपत्तियों में समान हिस्सेदारी के अधिकार मिलेंगे, भले ही उनके पिता 9 सितंबर तक जिंदा थे या नहीं। डीएसके लीगल में पार्टनर नीरव शाह ने कहा, 'पहले स्थिति यह थी कि 2005 का अधिनियम शुरू होने की तारीख को किसी जीवित समान हिस्सेदार की जीवित बेटी होनी चाहिए। पिछली कानूनी स्थिति जन्म से प्राप्त हिस्सेदारी के अधिकार को पूरा करने में असफल रही है। शाह कहते हैं, 'हाल के फैसले ने यह स्थिति बदल दी है। इसमें कहा गया है कि बेटी को अपने जन्म से ही पैतृक संपत्ति में समान अधिकार मिलेगा, भले ही उसके पिता उसके जन्म के समय जिंदा थे या नहीं।' सीधे शब्दों में कहें तो इस फैसले से संयुक्त परिवार की संपत्ति की विरासत के लिहाज से बेटियों के अधिकार और जिम्मेदारियां बेटों के समान हो गई हैं।

समीर जैन कहते हैं, ' एक संयुक्त हिंदू परिवार (जेयूएफ) वह है, जिसमें सभी व्यक्ति किसी एक पूर्वज के वंशज हैं और जिनकी एकसमान उपासना पद्धति और संयुक्त संपत्तियां हैं।' समान हिस्सेदारी कानून की उत्पत्ति है। यह संयुक्त हिंदू परिवार का छोटा रूप है, जिसमें वंश का प्रमुख और तीन क्रमानुगत पुरुष वंशज शामिल हैं। पैतृक संपत्ति वह है, जो किसी हिंदू बेटे को अपने पिता, दादा और परदादा से मिलती है। जैन कहते हैं, 'वर्ष 2005 के संशोधन का मकसद बेटियों को भी इस तथाकथित प्रीमियम क्लब में शामिल करना था।'गौर करने वाली बात यह है कि 9 सितंबर, 2005 से पहले जन्मी बेटियां केवल संशोधन की तारीख से अपने अधिकारों का दावा कर सकती हैं।

**विपदा** में
मन के बल का हथियार
चलाना पड़ता है
अपने हिस्से का सूरज भी
खुद खींच के लाना पड़ता है ,
वापस आना पड़ता है,
फिर वापस आना पड़ता है।
– अमिताभ बच्चन

### आपके ट्वीट

**अंतरिक्ष** विज्ञान के क्षेत्र में भारत को नई पहचान दिलाने वाले समस्त वैज्ञानिकों को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आज ही के दिन चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की थी।
–अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री





**बदलापुर** में दो मासूमों के साथ हुए अपराध के बाद उनको इंसाफ दिलाने के लिए पहला कदम तब तक नहीं उठाया गया जब तक जनता ह्यन्याय की गुहारह्न करते हुए सड़क पर नहीं आ गई।
– राहुल गांधी, सांसद

## अतीत का ध्वंस

### धर्म-प्रवाह

डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र

**अतीत** के जीर्णशीर्ण खंडेरों पर भविष्य के सौधशिखरों की नींव नहीं रखी जा सकती। उन्हें ढहाये बिना, भूमि को समतल किए बिना नये निर्माण का स्वप्न साकार नहीं किया जा सकता। पुराने भ्रान्त-सिद्धांतों के संकेत नए सृजन-पथ के निर्देश नहीं बन सकते, अतः उनका परिहार-निवारण अपरिहार्य है। भविष्य की यही भ्रमरहित दूरदृष्टि उनसे समस्त कौरव पक्ष सहित भीष्म-द्रोण जैसे सांस्कृतिक स्तम्भों का भी ध्वंस कराती है। नए निर्माण के पथ में आने वाले प्रत्येक अवरोध को, चाहे वह कितना भी प्रतिष्ठित क्यों न हो; हटाना ही होगा। यही श्रीकृष्ण की राजनीति का मूलमंत्र है। कंस से लेकर जरासन्ध और दुर्योधन से लेकर कर्ण-भीष्म तक समस्त राजपुरुषों को धराशायी करने-कराने में कृष्ण कहीं भी ममता और मोह से ग्रस्त नहीं हुए हैं। इसीलिए सफल हैं।

प्रगल्भता अर्थात प्रत्युत्पन्नमतित्व श्रीकृष्ण की सर्वाधिक प्रखर शक्ति है। गोकुल में कंस द्वारा प्रेषित संहारक आसुरी शक्तियों के विनाश में उनकी प्रगल्भता का महान योगदान है। महाभारत का युद्ध वे बिना शस्त्र उठाए प्रगल्भता के बल पर ही जिता देते हैं।

इंद्र द्वारा कर्ण को प्रदत्त महासंहारक एकघ्नी का घटोत्कच पर प्रहार कराना, धरती में धंसेरथ-चक्र को निकालने में व्यस्त कर्ण का बध करने के लिए अर्जुन को प्रेरित करना; गदायुद्धरत दुर्योधन की जंघा पर प्रहार हेतु भीम को उनकी प्रतिज्ञा संकेत द्वारा याद दिलाना आदि अनेक महत्वपूर्ण कार्य है।

### कार्टून वर्ल्ड




साभारः कॉटूनमूवमेंट.कॉम

### लेटर टू एडिटर

#### आचरण पर सवाल

**संसद** में विपक्षी सांसदों के अभद्र, अनीतिपूर्ण हंगामे तथा कृषि से सम्बन्धित विधेयकों के बारे में सटीक विश्लेषण प्रस्तुत करने वाला था। सत्तापक्ष का भी यह दायित्व बनता है कि मयार्दा अनुसार अपने कर्त्तव्य का वहन करे। विपक्ष को हर समय हर मुद्दे पर विरोध जताने की बजाय उचित फैसलों पर सरकार का साथ भी देना चाहिए। उचित व्यवहार का प्रदर्शन करना चाहिए। –पिकू जमशेदपुर

#### नशे का प्रभाव

**धन** ऐश्वर्य-संपन्नता की वसूली नशे के माध्यम से करते हुए फिल्में, धारावाहिक, मनोरंजन का घालमेल समाज में परोसा जा रहा है। दूसरों को टेंशन मुक्त करता बॉलीवुड आज स्वयं टेंशन का शिकार है। दुनिया को हंसाने-रुलाने का बीड़ा उठा खुद की जिंदगी से खिलवाड़ करने का अवसर जुटा रहा है। प्रशासन व शासन सख्त कानून बना नशे में लिप्त फिल्मी व्यवसायियों पर कड़ी निगरानी बनाए।
– रविन्द्र कुमार, हजारीबाग

# आप अपने चश्में से खबरों को देख सकते हैं

### सामयिक

सुधीश पचौरी

**हाथरस** की बेटी को न्याय दिलाने के लिए मरे जा रहे चैनलों की नजर में हाथरस की बेटी का रेप शुरू में सिर्फ चंद लाइनों की खबर थी, लेकिन जैसे ही पीड़िता सफदरजंग अस्पताल लाई गई और भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद ने धरना प्रदर्शन शुरू किया, त्यों ही ऊपर के आदेश के बहाने अधिकारियों ने रात के तीन बजे, रास्ते में ही कहानी का द एंड कर दिया! साफ है :न होगा बांस न बजेगी बांसुरी!

पुलिस ने अपना कौशल दिखाया। रास्ते के किनारे लक्कड़-कंडे जुटा कर चिता बनाई, मिट्टी का तेल या डीजल डाला और माचिस दिखा दी। हो गया अंतिम संस्कार! अब बहसते रहो कि बलात्कार था कि नहीं? जब शव ही नहीं, तो क्या सिद्ध करोगे?

जिस तरह सुशांत की कहानी मुंबई पुलिस ने मैनेज की, उसी तरह यूपी पुलिस ने मैनेज किया। कोई मरे या जिए सरकारों पर आंच न आए! मगर कैसा दैव दुर्विपाक कि एक चैनल की रिपोर्टर ने चुपके से इस दिव्य दाह-संस्कार का वीडियो बना कर वायरल कर दिया और पुलिस को लेने के देने पड़ गए! पोस्टमार्टम की रपट में वीर्य का निशान नहीं मिला, इसलिए यह बलात्कार नहीं था हाथरस अस्पताल में रेप टेस्ट नहीं किया गया। सात दिन बाद पीड़िता के शरीर को साफ-सुथरा करके अलीगढ़ अस्पताल में टेस्ट किया गया!

एक बड़े पुलिस अधिकारी ने प्रेस को बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में उसके शरीर पर वीर्य के निशान नहीं मिले, इसलिए नो रेप! यह तर्क दूसरा हारर था।

तीसरा हारर तब आया जब चैनलों ने एक मजिस्ट्रेट को पीड़ित परिवार को धमकाते दिखाया कि तुम्हें यहीं रहना है हमें भी यहीं रहना है, अगर तुम बार-बार बयान बदलोगे तो हम भी बदल जाएंगे उसके बाद एंकर पूछते रहे कि परिवार को धमकी क्यों दी?

फिर कुछ चैनलों की बहसों ने गैंग रेप को नया नारमल ही बना डाला! बहसें बताती रहीं कि यूपी में इतने बलात्कार, राजस्थान में इतने बलात्कार, लेकिन केरल टाप पर। कुल भारत में इतने हजार बलात्कार! हर तीन-चार मिनट पर एक बलात्कार! हाथरस जाने से पहले राजस्थान का बलात्कार देखने क्यों न गए राहुल, प्रियंका! हाथरस के बलात्कार बरक्स राजस्थान के बलात्कार की स्पर्धा करा कर चैनलों ने अंततः बलात्कार को एक बार फिर नया नारमल बना दिया!

एक चैनल ने एक्सप्रेस वे पर हाथरस के लिए पैदल जाते राहुल को आठ फ्रेमों में गिरते दिखाया तो दूसरे ने सोलह फ्रेमों में गिरते दिखाया और युगपत सिद्ध किया कि राहुल को किसी ने गिराया नहीं था, वे खुद गिरे

यह है पत्रकारिता का ह्यनया नारमल एकदम अभियानी पत्रकारिता कि जो मांगोगे वही मिलेगा! मर्डर मांगोगे तो मर्डर मिलेगा। तीन सौ दो धारा मांगोगे तो तीन सौ दो धारा मिलेगी! हम किसी को निराश नहीं करते। और उस खास चैनल को तो हरगिज नहीं करते, जो सबसे बड़ा हल्लाबोल चैनल है! आजकल सिर्फ खबर देना काफी नहीं। अपनी राजनीतिक लाइन को सही करने के लिए आप जन-आंदोलन का आह्वान कर सकते हैं। कैमरे को देख जनता आएगी ही। उसे दिखा-दिखा कर आप कमजोर संस्थानों पर दबाव बना सकते हैं यानी कि जो चाहोगे वही मिलेगा! हां, अपनी आवाज को जनता की आवाज की तरह बेचो। आत्महत्याभी मर्डर नजर आएगी। और जनता जब कहे कि वह हत्या है, तो उसे हत्या ही होना होगा, वरना अपन हत्या की ही हत्या कर देंगे।

कई बार लगता है कि सुशांत मामले को सिर्फ एक चैनल चला रहा है और उसको एक नेताजी चला रहे हैं!

# आधुनिक जीवन शैली की देन है रात में नींद न आना

### स्वास्थ्य

जीवीएस शास्त्री

**आपको** कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है।

पूरी नींद नहीं सोने से कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। रात को नींद नहीं आने का आपके दिन के साथ पूरा संबंध है। आपकी जीवनशैली, खान-पान और शरीर से जुड़ी कोई अन्य बीमारी सब इसके जिम्मेदार हैं। आज के समय में ज्यादातार लोगों को अनिद्रा की शिकायत होती है। अनिद्रा हमारी सेहत के लिए काफी नुकसानदेह होती है और नींद क्यों नहीं आती यह सोच-सोच कर भी हम अपनी नींद खराब कर लेते हैं।

**बिस्तर से दूर करता दफ्तर**

हम सबकी जीवनशैली ऐसी हो गई है कि बस पंजों पर खड़े रहते हैं। काम का बोझ एक ऐसा सच है जो हर कोई अपनी मर्जी से नहीं ढोना चाहता। बहुत लोगों की मजबूरी है कि उन्हें बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है तो कुछ लोगों को लगता है कि ज्यादा से ज्यादा काम करना ही आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका है।

कुछ लोगों को सात से आठ घंटे सोना समय की बबार्दी लगती है। लेकिन आप देखेंगे कि अगर काफी दिनों तक ढंग की नींद नहीं लेते हैं तो आपका शरीर किसी न किसी बीमारी का शिकार हो जाता है और डॉक्टर आपकी पर्ची पर बिस्तर पर आराम लिख देते हैं। नौकरी के तनाव का भी बहुत असर नींद पर पड़ता है। तो यह सोच लें कि तनाव लेने भर से कोई काम आसान नहीं हो जाता है।

नौकरी को लेकर अति संवेदनशील रहने वाले लोग भी अनावश्यक तनाव लेते हैं। एक समय नौ से पांच की नौकरी का मजाक उड़ाने वाली पीढ़ी आज चौबीस गुणे सात के जाल में उलझ गई है। लेकिन अब लोग सेहत और काम के बीच के तनाव के बारे में जागरूक भी हो रहे हैं।

**आपके दिमाग में क्या है**

सुबह की सैर करते हुए ईयरफोन लगा कर गाना सुन रहे हैं तो गाड़ी चलाते हुए पॉडकास्ट पर राजनीतिक बहस, खाना खाते वक्त फेसबुक पर इसका जवाब दे रहे हैं कि ह्यआपके दिमाग में क्या हैह्न तो दफ्तर जाने के पहले इंस्टाग्राम को भी अद्यतन करना ही है। बीच में टीवी देखना और आनलाइन खबरें पढ़ना। बिस्तर पर जाने के बाद सोशल मीडिया के किसी बहस में उलझ जाना। हमने अपने दिमाग को एक मिनट के लिए खाली छोड़ा ही नहीं है तो फिर नींद पर उन सूचनाओं का एक साथ हमला होने लगता है।आपको कौन सी सूचना कहां से और कैसे ग्रहण करनी है इसकी प्राथमिकता तय कर लें। सोशल मीडिया के हर मंच पर हमेशा मौजूदगी दर्ज करानी जरूरी नहीं है। बिस्तर पर सोने जाने के एक घंटा पहले किसी भी तरह के स्क्रीन और सोशल मीडिया से दूरी बना लें।

अपनी मनपसंद कोई हल्की-फुल्की किताब पढ़ें और किसी भी तरह की विवादित बातें न सोचें। इन दिनों एक मजाक प्रचलित है कि नींद आंखें बंद करने से नहीं इंटरनेट का डाटा बंद करने से आती है। अच्छी नींद के लिए बिस्तर पर जाने से पहले आभासी दुनिया से कट जाने में ही भलाई है।

**शारीरिक गतिविधि**

अच्छी नींद के लिए शरीर का थकना बहुत जरूरी है। अपनी सेहत और रुचि के हिसाब से कोई भी शारीरिक गतिविधि चुन लें। अगर वक्तनिकाल सकते हैं तो सुबह और शाम दोनों की सैर करें। जो लोग दौड़ सकते हैं वो तो ऐसा करें ही। किसी एक व्यायाम को चुन लें और उसे हफ्ते में कम से कम पांच दिन जरूर करें। शुरूआत में व्यायाम हल्का ही रखें और धीरे-धीरे क्षमता बढ़ाते चलें। अगर नृत्य का कोई रूप पसंद हो तो वो भी एक बेहतरीन कसरत है। नृत्य शरीर के साथ दिमाग को भी तनावमुक्त करता है। लेकिन अपने शरीर को इतना भी न थका लें कि सारी रात दर्द से ही नींद न आए।

**खानपान पर भी दें ध्यान**

अगर आपको अनिद्रा की शिकायत है तो किसी भी तरह के नशे से दूर रहें। नशा करके नींद लाना सेहत के लिए सबसे नुकसानदेह होता है। शाम होने के बाद ज्यादा चाय-कॉफी से दूर रहें तो बेहतर होगा। सोने जाने के एक घंटे पहले रात का खाना जरूर खा लें। रात को हल्का और सुपाच्य भोजन लें।

# कटकमदाग में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आठ सितंबर से शुरू होगा : सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**टूर्नामेंट के लिए समिति गठित अध्यक्ष बने सुनील यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, तुलसी प्रसाद कुशवाहा और विकास यादव, सचिव अरुण राणा, कोषाध्यक्ष दीपक पंडित**




**कटकमदाग।** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित सांसद खेल महोत्सव-2024 के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट के को लेकर रविवार को सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के सभी 13 पंचायतों के भाजपा कार्यकर्ताओं और खेल प्रेमियों की बैठक सांसद सेवा कार्यालय परिसर में कटकमदाग प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष शहुलास कुशवाहा की अध्यक्षता में हुई। मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए । टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर विशेष रणनीति बनाई और चर्चा की। साथ ही नमो फुटबॉल टूर्नामेंट संचालन समिति का भी गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, तुलसी प्रसाद कुशवाहा और विकास यादव, सचिव अरुण कुमार राणा, कोषाध्यक्ष दीपक पंडित और प्रवेशकर्ता के रूप में अभिषेक कुमार यादव और सुनील मालाकार को चुना गया ।

जायसवाल ने कहा कि नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र से ही साल 2016 से हुई है और पिछले साल तक यह हजारीबाग और रामगढ़ जिले के कई प्रखंडों तक पंहुचा था। वर्तमान वर्ष इसका आयोजन संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में करने का निर्णय हमने लिया है और इसका आगाज रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड से हो चुका है। उन्होंने कहा की कटकमदाग प्रखंड के कटकमदाग फुटबॉल मैदान में आठ सितंबर से इस टूर्नामेंट का विधिवत आगाज होगा और 15 सितंबर को समापन होगा। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा की नमो फुटबॉल टूर्नामेंट हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से निकलकर अब हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बीच लोकप्रिय फुटबॉल टूर्नामेंट होने जा रहा है ।

कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष हुलास प्रसाद कुशवाहा, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष इन्द्रनारायण कुशवाहा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य के.पी. ओझा, पूर्व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, महामंत्री अरुण कुमार राणा, भाजयुमो जिला महामंत्री आशीष गुप्ता, उपाध्यक्ष कमल कुमार साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष तुलसी प्रसाद कुशवाहा, मुखिया प्रतिनिधि सुनील गोप, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, विकास यादव, सुरेंद्र गुप्ता, अरुण महतो,संजय राणा, पियूष राणा, सुनील मालाकार, राजेंद्र यादव, राजकुमार राम, गणेश प्रसाद, दीपक पंडित, लखन गोप सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### ईमानदारी से काम करे महिलाएं



**कुजू।** उज्जवला फाउंडेशन की मासिक बैठक रविवार को जेपी रेस्टोरेंट एंड बैंक्वेट हॉल में हुई। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन शांति देवी ने किया। बैठक में फाउंडेशन की सदस्यों ने आय- व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी को लेकर निर्मित किए गए फाउंडेशन के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। प्रजापति ने कहा कि अगर हम सभी लोग आपस में मिलकर काम करेंगे तो निश्चित रूप से सफलता हाथ लगेगी। दिगभ्रमित नहीं हो, ईमानदारी से काम करें। क्योंकि सेवा भाव से किया गया कार्य हमेशा बेहतरीन होता ह। 40 महिलाएं फाउंडेशन में शामिल हुई। सभी का जगेश्वर प्रजापति ने स्वागत किया। मौके पर कौशल्या देवी, मनसरी देवी, वीणा देवी, गुड़िया देवी, पूनम देवी, आशा देवी, आरती देवी, सुनीता देवी, अर्चना देवी, मनवा देवी, नीतू, रीना, सबिता देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थे।

### भाजपा ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**कुजू।** हेमंत सोरेन सरकार द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर युवा आक्रोश रैली के दौरान किये गये लाठी चार्ज विरोध में कुजू ओपी के सामने प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन करते हुए सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया ।भाजपा मांडू मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह व भाजयुमो मांडू मंडल रवि साहू के संयुक्त नेतृत्व में कार्यकर्ता ने हेमंत सोरेन के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह से बेलगाम हो गयी है। पुतला दहन में ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुशवाहा, मांडू प्रखंड महामंत्री अशोक कुमार, आशीष साहू, पंचित कुमार, अनिल अग्रवाल, उमेशचंद्र पटेल, दीपक कुमार, सूरज महतो, नरेश गुप्ता, छोटू सोनी, पप्पू केशरी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### तोपा में लोकल सेल ने किया प्रदर्शन

कुजू। ई-ऑक्शन कोयले की मांग को लेकर रविवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत तोपा परियोजना के लोकल सेल संचालन समिति व रैयत विस्थापितो ने तोपा कांटा घर में सांकेतिक बंदी की। बंदी के दौरान सेल संचालन समिति समर्थित रैयत विस्थापितो ने ई ऑक्शन कोयला मुहैया नहीं करने के मामले में प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही, कंटाघर को बाधित कर दिया। जिससे संप्रेषण कार्य ठप हो गया। बंदी करने वालो में सेल संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष सह मो अलियास, राजेश्वर गंझु, रामभजन लाल महतो, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, युनूस परवेज, विनोद महतो, अहमद अली, कासिम मियां, ज्ञानी महतो, मो अनवर, मो दानिश, शमीम समेत दर्जनों रैयत ग्रामीण शामिल रहे।

### ठेका मजदूरों ने किया उत्पादन बंद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा आउटसोर्सिंग खुली खदान में कार्यरत पीएसएमई के ठेका मजदूरों ने अपनी सात सूत्री मांगो को लेकर शनिवार को आठ घंटे तक कोयला का उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। इसके बाद पीएसएमई अधिकारी व सीसीएल प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया। ठेका मजदूरों ने बताया कि उनकी मांगो में पीएसएमई में कार्यरत मजदूरों को कोल इंडिया के दसवां वेतन समझौता के तहत न्यूनतम मजदूरी भुगतान करने, मासिक वेतन 1-10 तारीख के बीच करने, पीएसएमई में कार्यरत मजदूरों को पहचान-पत्र निर्गत करने, मजदुरों की सुरक्षा को देखते हुए सुपरवाइजर के देख-रेख कार्य कराने, हैवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने, वेटिंग लिस्ट के 38 मजदूरों में से ही नये मजदुरों को रखने, सेफ्टी मानक पर ही मजदुरों को काम कराने आदि मांगे शामिल है। आंदोलन में विरेंद्र यादव, गणेश बेदिया, नकुल सिंह, संतोष मुंडा, संजय नायक, दिनेश मुंडा, राजा कुमार हांसदा, ब्रह्मदेव गोप सहित कई लोग शामिल थे।

### कुजू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

कुजू। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र खेल के लिए प्रचलित है। खेल से जुड़कर कई खिलाड़ी आगे निकलकर आते है। उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने कही। श्री जायसवाल रविवार को खेल महोत्सव के तहत कुजू पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूनार्मेंट में बतौर मुख्य अतिथि खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नमो एक ब्रांड है। इसके तहत लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न खेलो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे मांडू प्रखंड के कुजू व घाटो में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट कराया जा रहा है। ऐसे टूनार्मेंट के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर अपने राज्य और देश का नाम रोशन करने की बात कही। इससे पूर्व टूर्नामेंट का शुभारंभ दीप प्रज्वलित, मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मारकर किया। टूनार्मेंट के उदघाटन मैच एनवाईसी जोड़ाकरम बनाम बीएस बहेराटांड़ के बीच खेला गया। जोड़ाकरम की टीम 2-0 से विजयी हुआ।

### ओछी राजनीति कर रही कांग्रेस : आजसू

भुरकुंडा (रामगढ़)। पिछले कई दिनों से बरका-सयाल की सीसीएल की कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति बाधित है। पतरातू में क्षतिग्रस्त पाइप बनवाने के नाम पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद द्वारा राजनीति की जा रही है। विगत कई दिनों से कार्यस्थल पर जाकर विधायक द्वारा सिर्फ फोटो खिंचवाया जा रहा। मामले पर कोई ठोस रिजल्ट धरातल पर नहीं दिख रहा। उक्त बातें आजसू के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि पेयलापूर्ति में देरी होने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनालाल चौधरी ने क्षतिग्रस्त पाइप स्थल का निरीक्षण किया। साथ ही बरका-सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से मुलाकात कर मामले की जानकारी लेते हुए पाइप को जल्द दुरूस्त कराने की मांग की। लेकिन आजसू पार्टी द्वारा मामले पर संज्ञान लेते हीं कांग्रेस के लोगों को बात हजम नही हो रही। आखिर लगभग महीने भर से वहां क्या नौटंकी चल रहा है की पाइप नही बन रहा था। पाइप रिपेयरिंग का कार्य करने वाले कौन लोग हैं।

# आईलेक्स पब्लिक स्कूल में मनी जन्माष्टमी

## फैंसी ड्रेस और दही हांडी प्रतियोगिता आयोजित

बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल ने शनिवार को सभी ब्रांचों में जन्माष्टमी के विशेष कार्यक्रम किया। आइलेक्स पब्लिक स्कूल ने पंचमाधव, गोरियाकरमा, बड़कागांव, गाड़िकला, बरकट्ठा और पाण्डेयबारा ब्रांचों में शनिवार को ही उत्सव का आयोजन किया। प्रत्येक ब्रांच में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों ने कृष्ण और राधा के आकर्षक वेशभूषा में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, कुछ ब्रांचों में दही हांडी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसे शिक्षकों की विशेष देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जन्माष्टमी के इस उत्सव में छात्रों ने राधा-कृष्ण के गानों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। पांच माधव ब्रांच में बच्चों को



कृष्ण जन्म के आधार पर बनाए गए वीडियो भी दिखाए गए। कार्यक्रम के दौरान नन्द के आनंद भयो, वो है अलबेला, ओ कान्हा और राधा बिना कृष्ण अधूरा जैसे भव्य गानों पर बच्चों ने जमकर नृत्य किया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने कहा, जन्माष्टमी केवल धार्मिक अनुष्ठानों और मिठाइयों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे छात्रों को जीवन के मूल्यवान सबक सिखाने का अवसर भी है। भगवान कृष्ण का जीवन हमें सिखाता है कि कितनी भी मुसीबतें आ जाएं, हमें हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए। उनका जीवन हमें प्रेरित करता है कि कैसे हम चुनौतियों का सामना कर सकते हैं और समस्याओं का समाधान खोज सकते हैं।आईलेक्स पब्लिक स्कूल में इस वर्ष जन्माष्टमी उत्सव को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया, जो कि छात्रों को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

## चौपारण में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

**चौपारण ।** शनिवार रात में एसपी की गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रुप से अंग्रेजी शराब लोड एक स्वीफ्ट को चौपराण पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने बताया कि शराब को तस्करी करने के लिये चतरा इटखोरी की तरफ से चौपारण होते हुए बिहार ले जाया जा रहा था। डोमाडाडी के पास बैरिकेटिंग लगा के वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। करीब 02:30 बजे सुबह स्वीफ्ट दिखाई दिया। जिसे पुलिस रुकने का ईशारा किया, चालक गाड़ी रोककर भागने लगा। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर चालक को पकड़ा। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर नाम अभिषेक कुमार राजगीर थाना- राजगीर जिला- नालंदा (बिहार) बताया।

## अम्बा प्रसाद की पहल पर बिजली समस्या हुयी दूर

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा सहित आसपास के क्षेत्रों में पिछले आठ दिनों से बिजली की समस्या से आम जनता परेशान है। इसकी जानकारी मिलते ही शनिवार की देर शाम विधायक अम्बा प्रसाद बिजली विभाग के एसडीओ पूरन कुमार को लेकर भुरकुंडा बाजार पहुंची।

इस दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोग बिजली की समस्या से त्रस्त हैं। 4-5 घंटा ही बिजली मिल पा रहा था। बिजली की समस्या की जानकारी मिलने पर वह विभाग के अधिकारियों वार्ता कर बिजली की समस्या का समाधान कराते हुए कहा कि अब लोगो को सुचारू रूप से बिजली मिलेगी। विधायक ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान करना ही मेरा उद्देश्य है। मेरे पास जिस समस्या की सूचना आयेगी, उसका तत्काल समाधान कराने का प्रयास करूंगी। इधर बिजली विभाग के एसडीओ पूरन कुमार ने बताया कि 33 केवीए का केबुल पंचर हो गया था। जिसे बना लिया गया है। अब बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से होगी। बारिश में बिजली की समस्या होती है। जिसे ठीक कर लिया गया है। मौके पर जेई पुष्पेंदु कुमारी, रोहितास कुमार, ननकू महतो, जुगलकिशोर पांडेय, नन्द किशोर पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजकिशोर पांडेय, डब्लू सिंह, सरोज गिरी, बासु सिंह, सिकन्दर, संजय साव, रवि साव, जफर अंसारी सहित दर्जनों व्यवसायी मौजूद थे।

## अनमोल बचपन स्कूल में मनी जन्माष्टमी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अनमोल बचपन प्ले स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने शनिवार को जन्माष्टमी मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने राधा-कृष्ण के प्रतिमा पर दीप प्रचलित व पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद बच्चों ने राधा-कृष्ण सहति अन्य देवी-देवताओं का रूप धारण कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान मटके व बांसुरी लिए राधा-कृष्ण की जोड़ी आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान कृष्ण लीला के नाट्य भी मंचन किया गया। बच्चों ने गानों पर नृत्य प्रस्तुत कर विद्यालय परिवार का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर राधा-कृष्ण की विभिन्न जोड़ियों ने फैशन रैप पर भी चलकर अपना प्रदर्शन किया। साथ ही सभी जोड़ियों ने झूले का भी आनंद लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच मिठाई का वितरण करते हुए निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न संस्कृति कार्यक्रमों में शामिल कराया जाता है ताकि उनका मानसिक और बौद्धिक विकास हो सके। साथ ही अपने धर्म-संस्कृति और त्योहारों के बारे में पूरी जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनो से भक्ति का संचार बढ़ता है। सिंह ने भगवान श्री कृष्ण के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमसबों को श्री कृष्ण के बताए धर्म के मार्ग पर चलकर अच्छे कर्म करने चाहिए। अपने कर्मभूमि में निष्ठा से काम करना चाहिए। महोत्सव में समृद्धि शर्मा, सक्षम, आराध्या, समृद्धि, भारती, संध्या, अंश, सृष्टि, दिव्या, आदरीज यस, अयांश, किट्ठ, स्वीटी, दिव्या, ध्रुव शर्मा, श्रेयांश श्रीवास्तव, दिव्यांश सोनी, अनन्या, अवनी आर्य, मान्या, प्रियांशु, जॉनसन, ओरिया, आराध्या, पुनीत, काव्या, अयांश राज सिंह, आर्या, प्रीत, लक्ष्मी, प्रज्ञान, शिवांश कुशवाहा, रिद्धि सिंह, राजदीप, मानवी ठाकुर, रुद्र प्रताप, अर्पित, निधि, कशीश, वंश, यश पटेल, सूर्यांश, शौर्य भारती, संध्या, अंश ठाकुर, अभिमन्यु यादव, आरोही, कुणाल, रिया, शगुन साहू, अक्षत, आस्था कुमारी सहित दर्जनों बच्चों ने राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका जयश्री गोस्वामी, उर्मिला, भूमि, मानसी, नमिता मिश्रा, निधि सिंह, दिव्या, पूर्णिमा, सुशीला एंथोनी का विशेष योगदान रहा।

## इचाक के कारिमाटी पंचायत में जेबीकेएसएस का कमिटी गठित



**इचाक।** कारिमाटी पंचायत में जेबीकेएसएस का पंचायत कमिटी का गठन किया गया।जिसमे भाजपा का दामन छोड़कर आकाश कुमार को अध्यक्ष,नरेश कुमार को उपाध्यक्ष,मनसुख कुमार सचिव विजय मेहता को कोषाध्यक्ष , नीरज कुमार दास को संयोजक,महेंद्र प्रसाद को महामंत्री ,अजय कुमार को संगठन मंत्री,अनिल कुमार को मीडिया प्रभारी ,और कृष्णा मेहता को सह सचिव मनोनित किया गया। गौतम कुमार ने कहा कि बरकट्ठा विधानसभा में इचाक टाटीझरिया, व दारू फिलहाल सबसे मजबूत स्थिति में है। क्षेत्र में मेहनत व पकड़ के आधार पर 25 पंचायत में जेबीकेएसएस 50 हजार से ज्यादा वोट ग्रहण करेगी। विधानसभा में जेबीकेएसएस 2 लाख मतदाताओं के पास पहुंचने का लक्ष्य है। प्रखंड अध्यक्ष राकेश मेहता ने कहा कि हमलोग 16 पंचायत में कमिटी का गठन कर लिए अगले दो दिन में बाकी पंचायत में कमिटी गठन कर बूथ स्तर पर काम चालु हो जाएगा। समाजसेवी रामचंद्र मेहता ने कहा कि जेबीकेएसएस भाजपा व कांग्रेस गठबंधन को पीछे छोड़ कर जेबीकेएसएस बरकट्ठा विधानसभा का किला फतह करेगी। कार्यक्रम के दौरान, मुकेश कुमार मेहता,पंच्छित कुमार, अरुण कुमार मेहता, पप्पु कुमार दास, राजकुमार मेहता, मनीष कुमार दास,संदीप कुमार,विकास कुमार,मुकेश पासवान, सुरज पांडे, तालेश्वर मेहता,राजकुमार दास,मनोहर कुमार,बहादुर कुमार,इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पल्स पोलियो अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़ जिले में अगस्त तक करीब पौने दो लाख बच्चों को दी जायेगी दवा की खुराक**




**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने रविवार को सदर अस्पताल रामगढ़ में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाने के उपरांत सभी जिले वासियों से अपने 5 वर्ष तक के बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक जरूर पिलाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने पल्स पोलियो अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि पोलियो कितना खतरनाक है पूर्व में लोगों में पोलियो को लेकर कई भ्रांतियां थी लेकिन धीरे-धीरे लोगों को जागरुक कर हमने पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाया है। उपायुक्त ने जिले में पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर सभी अधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग कार्यों में लेने की बात कही वहीं उन्होंने शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करते हुए प्रत्येक शून्य से 5 वर्ष तक की आयु के बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की। सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद ने उपायुक्त व सभी का स्वागत करते हुए 27 अगस्त तक जिले में चलने वाले पल्स पोलियो अभियान एवं लक्ष्य की प्राप्ति हेतु तैयार किए गए माइक्रो प्लान की जानकारी दी। वहीं उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को सफलतापूर्वक पल्स पोलियो अभियान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी। राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ उमा सिन्हा ने शत प्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने, हाउस टू हाउस विजिट कर कार्य पूर्ण करने सहित अन्य आवश्यक जानकारियां दी । वहीं उपाधीक्षक सदर अस्पताल एवं डीआरसीएचओ द्वारा भी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी को शुभकामनाएं व आवश्यक जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से एसीएमओ, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, डीएमओ, डीएमपीयू टीम, एएनएम, जीएनएम, सहियाओं सहित अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे ।

## एक नजर में

### कराटे प्रतियोगिता में प्रिया ने जीता सिल्वर



**बरही।** रसोईया धमना की रहने वाली प्रिया कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर अपने प्रखंड और हजारीबाग का नाम रोशन किया है। प्रिया, जो ईश्वर साव और गिरिजा देवी की पुत्री हैं, उन्होंने कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित आठवीं अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें भारत समेत छह देशों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रिया ने विभिन्न फाइट्स में अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से सिल्वर मेडल हासिल किया। कराटे में 12 वर्षों से कठिन मेहनत कर रही प्रिया ने बताया कि इस सफलता में बड़ी बहन प्रीति कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान है, जिन्होंने सिंगापुर में कराटे प्रतियोगिता में भाग लेकर देश का नाम रोशन किया था। प्रीति कुमारी वर्तमान में जिला परिषद की सदस्य भी हैं और कराटे की प्रैक्टिस भी करती हैं। प्रिया को पिछले माह ब्लैक बेल्ट फर्स्ट डन की उपाधि झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक सह प्रभारी सिंहान उदय कुमार द्वारा प्रदान की गई थी। प्रिया ने अपने गुरु सिंहान उदय कुमार को इस सफलता के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया। प्रिया को बरही व हजारीबाग लोगों ने दी शुभकामनाएं ।

### बंदरबेला में श्री विधि खेती दी गयी ट्रेनिंग



**पदमा।** बंदरबेला ग्राम पंचायत में कृषक पाठशाला के प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। कृषक पाठशाला का विषय श्री विधि से धान की खेती था इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आत्मा हजारीबाग के उप परियोजना निदेशक रजनीश आनंद ने भाग लिया। साथ ही किसानों की हौसला अफजाई करते हुए किसानों के साथ मिलकर धान की रोपाई भी की एवं तकनीक की विस्तृत जानकारी दिया । उन्होंने कहा श्री विधि से खेती करने पर खेती में पानी की जरूरत कम होती है, और 25 से 30 प्रतिशत सिंचाई जल की बचत की जा सकती है। धान की खरीफ और गरमा फसलों की खेती में इस विधि का सफलतापूर्वक प्रयोग कर सकते हैं। रोपा वाले सभी खेतों में इस विधि को अपनाया जा सकता है । पानी की तो बचत होती ही है, वहीं उत्पादन भी कई गुना तक ज्यादा मिलता है। श्री विधि में एक एकड़ खेत में धान रोपने के लिए सिर्फ 2 किलो बीज की आवश्यकता होती है कश्री विधि द्वारा खेती करने से परंपरागत की तुलना में कई गुना अधिक उपज प्राप्त की जा सकती है श्री विधि में किसी भी धान की किस्म का इस्तेमाल किया जा सकता है श्री विधि की खेती में पानी कम लगता है इस विधि का प्रयोग खरीफ, रबी एवं जायद तीनों मौसम में कर सकते हैं बीमारियों और कीटों का प्रकोप कम होता है। पदमा प्रखंड के प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राहुल राय, कृषक पाठशाला के संचालक निरंजन कुमार राणा एवं अन्य कृषक उपस्थित होकर प्रशिक्षण के माध्यम से बताए गए तकनीक को सीखा।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज की टीम टाटा रवाना




**पदमा।** मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रो. अविनाश कुमार के नेतृत्व में तीन प्रशिक्षु कामेश्वर कुमार, मोहित गिरि एवं सोनू मेहता की टीम प्रातः 04:35 बजे जमशेदपुर के मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित हो रहे '24वें राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप' में भाग लेने के लिए रवाना हुई। ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय इस चैंपियनशिप में विगत दिनों जिला स्तर के चैंपियंस को शामिल किया गया है। महाविद्यालय परिवार ने एक दिन पूर्व ही टीम को प्रदर्शन की शुभकामनाओं के साथ विदा किया जिसमें प्रमुख रूप से संस्थाध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता, सचिव हरि कुमार, उपसचिव श्री अजीत कुमार तथा निदेशक श्री रवि प्रकाश के साथ प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद उपस्थित थे। प्रशिक्षण की राज्य स्तरीय भागीदारी के लिए महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पूर्ण वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया।

### चरही में गणेश पूजा को लेकर बैठक

**चरही।** इस वर्ष भी चरही में पांच दिवसीय गणेश पूजा धूमधाम से मनाए जाने को लेकर सार्वजनिक दुर्गा स्थान में ग्रामीणों की बैठक हुई ।जिसकी अध्यक्षता पूजा कमिटी के अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने किया ।बैठक में कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया ।उसके बाद गत वर्ष की लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया ।तथा पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमिटी का गठन किया गया ।जिसमें अध्यक्ष लालचंद महतो,कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश सिंह,उपाध्यक्ष सतिश कुमार साहू, निर्मल ठाकुर और सत्येन्द्र नारायण सिंह, सचिव विनोद ठाकुर,उप सचिव गौतम सोनी,संतोष कुमार दास और अर्जुन करमाली,कोषाध्यक्ष सिंटू वर्मा,अनिरुद्ध प्रकाश और विरजू ठाकुर, संरक्षक जिप सदस्य बासुदेव करमाली, भुनेश्वर ठाकुर,रोहन ठाकुर, अजित कुमार सिंह और चंद्रदेव विश्वकर्मा सहित कई कार्यकारिणी सदस्य चुने गए ।मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में दही हंडी प्रतियोगिता

**चरही।** गोविंदपुर टकाहा स्थित सपोर्ट पब्लिक स्कूल में शनिवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका अराधना कुमारी ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों मैं बच्चों के रुचि के अनुसार उनके कौशल निखारने का हर संभव मदद विद्यालय परिवार करती आई है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर दहीहंडी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया गया ।जिसमें बच्चों ने सक्रिय रूप से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की ।कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष कुमार पृथ्वी,राहुल उपाध्याय,पवन पांडेय, नुजहत आलम,शिखा कुमारी,सोनम खातून,पूजा कुमारी , पिंकी कुमारी ,पिंकी मिश्रा, तारा मरांडी ,सीमा कुमारी,मंजू कुमारी, संदीप कुमार आशीष कुमार, प्रथम कुमार ,एकता कुमारी, अनुप्रिया कुमारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### फुसरी चौक में फागू बेसरा का स्वागत

चरही। बहेरा पंचायत के फुसरी चौक में रविवार को झारखंड समन्वय समिति के सदस्य सह झामुमो केंद्रीय महासचिव फागू बेसरा का झामुमों कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।स्वागत करने वालों में बीस सूत्री उपाध्यक्ष लखीराम मांझी, केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, प्रखंड सचिव आनंद मरांडी, कुर्बान अंसारी, लालो मांझी, प्रभु मुर्मू, उप मुखिया शिवचंद मुर्मू, शंकर सिंह भोक्ता, श्याम मरांडी, बॉबी करीम, मुचरु मांझी, तुलसी गंझू, संदीप गुप्ता सहित कई लोग शामिल थे।

### टाटीझरिया बाबा बालक नाथ मंदिर में संगोष्ठी

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में रविवार को भाकपा माले वा मार्क्सवादी समन्वय समिति कि संयुक्त बैठक टाटीझरिया बाबा बालक नाथ मन्दिर परिसर में आयोजित किया गया । जिसमे 9 सितम्बर को धनबाद में होने वाली रैली और आगामी विधान सभा के विधायिकी चुनाव सफल बनाने को लेकर संगोष्ठी किया गया । बैठक के दौरान कॉम प्रखण्ड अध्यक्ष मालती देवी, मासस ,के जिला सचिव आरडी मांझी ,उपेंद्र राणा, महेंद्र कुमार पासवान ,रामवृक्ष ठाकुर ,शीला देवी, कांग्रेस के सूर्यकांत प्रजापति शीला देवी ,शाहिद अंसारी विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष जानकी शर्मा ,संतोष ठाकुर, सुनील कुमार सूर्यदेव मांझी, दुलारचंद, संजय कुमार, पप्पू कुमार ,संदीप कुमार माले के जिला सचिव पाचू राणा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## डायरिया से मां-बेटे की मौत

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ के पास डायरिया से एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई। मृतका की पहचान नवाडीह गांव निवासी मोती साव की पत्नी विमला देवी (32) और बेटा सूरज कुमार (12) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बारिश के कारण उनके घर में पानी भर गया था, जिसके बावजूद वे उसी घर में रह रहे थे।चापाकल के गंदे पानी को पीने के कारण शनिवार को उन्हें डिहाइड्रेशन की शिकायत हुई और रविवार की सुबह 4:00 बजे दोनों की मौत हो गई। इस घटना से आसपास के लोगों में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने जल जमाव की शिकायत प्रशासन से की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। घटना के बाद बीडीओ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## वनरक्षियों की हड़ताल दसवें दिन भी जारी

**चतरा।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के बैनर तले चतरा में वनरक्षियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल दसवें दिन भी जारी है, जिससे वन विभाग के कई काम प्रभावित हो रहे हैं, जैसे अवैध बालू और कोयले की ढुलाई में वृद्धि, वन संपदा का नुकसान, जंगलों से अवैध लकड़ी की कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण, पौधरोपण और वन महोत्सव जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वनरक्षी अल्प वेतन, भत्ते और बिना किसी विशेष सुविधा के जंगल और वन्य प्राणियों की सुरक्षा में दिन-रात दुर्गम स्थलों पर रहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें सुविधा देने के बजाय उनका अवसर छीन रही है, जैसे वनपाल के पद पर 100 प्रतिशत सीटें पदोन्नति से भरी जाती थीं, लेकिन नियमावली में संशोधन के कारण अब 50 प्रतिशत सीटें सीधी नियुक्ति से भरी जाएंगी, जिसका वनरक्षक विरोध कर रहे हैं और जब तक उनकी मांगों पर विचार नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए नेता जीतन राम

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा के भाजपा नेता जीतन राम सिमरिया मंडल के सिमरिया बूथ नंबर 7273 में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए और उसे सुना। मंडल के अध्यक्ष दया निधि सिंह, सिमरिया के वरिष्ठ नेता उपेंद्र कुमार सिंह, राजू कुमार, अनामिका देवी, सुनीता बहन, शाहित दर्जनों देवतुल नेता एवं कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे और लोगों से जुड़े।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा क्षेत्र में तीन दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत 25 अगस्त को हुई। टंडवा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सुदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की और बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई। अभियान को सफल बनाने के लिए टंडवा प्रखंड क्षेत्रों में 113 बूथ बनाए गए हैं, जहाँ 26598 वैक्सीनेटर पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखते हैं। अभियान के पहले दिन बूथों पर शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाई जा रही है, जबकि 26 अगस्त को दूसरे दिन और 27 अगस्त को तीसरे दिन घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान की निगरानी के लिए जिला स्तर के पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण करेंगे और पंचायत से प्रखंड और जिला स्तर तक मॉनिटरिंग की जाएगी। अभियान को सफल बनाने के लिए 27 सुपरवाइजर और 468 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

# डॉक्टर पर हत्या का मामला दर्ज कर अभिलंब गिरफ्तार किया जाय : प्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपचो चौक स्थित शिवम मेडिकल में रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज के कारण एक 70 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ गई, स्थिति बिगड़ता देख झोलाछाप डॉक्टर ने निजी वाहन से महिला को सदर अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोंपरांत उक्त महिला को मृत घोषित कर दिया। वहीं परिजनों के द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। तत्पश्चात शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में किए जाने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा जाएगा।

**क्या है मामला :** पूरे मामले पर मृतक 70 वर्षीय कुरेशा खातून पति सुब्हानी अंसारी के पुत्र युनुस अंसारी के द्वारा जानकारी दिया गया कि मेरी मां कुरेशा खातून के बदन में दर्द था और मेरी छोटे भाई की पत्नी के हाथ में भी चोट लगी थी, मैं दोनों को लेकर पिपचो चौक स्थित शिवम मेडिकल ले गया और अपनी मां अपने छोटे भाई की पत्नी को वहां छोड़कर मैं किसी काम से बाजार चला गया। इसके तुरंत बाद ही मेरी छोटे भाई की पत्नी फोन कर बताती है की मां को सुई लगाने के बाद तबीयत बिगड़ने लगा है और मुंह से झाग भी आ रहा है, आप फौरन आइए। तब मैं मेडिकल स्टोर पहुंचा, जहां मेरी मां की तबीयत काफी बिगड़ गई थी। इस बीच झोलाछाप डॉक्टर रंजीत कुमार एक निजी वाहन बुलाकर मेरी मां को सदर अस्पताल ले जाने के लिए बोला, मैं अपनी मां को लेकर सदर अस्पताल आ गया,

### झोलाछाप डॉक्टर ने ली महिला की जान



जहां चिकित्सक ने मेरी मां को मृत घोषित कर दिया। वहीं उन्होंने आगे कहा शिवम मेडिकल के झोलाछाप डॉक्टर रंजीत कुमार के द्वारा मेरी मां कुरेशा खातून को गलत इंजेक्शन दे दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे मेडिकल स्टोर संचालक व झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए जो बगैर जानकारी के गलत इलाज करते हैं, जिससे लोगों की जान चली जाती है। मेरी मां की जान गलत इलाज करने के कारण गई है। मैं कानूनी कार्रवाई उक्त मेडिकल स्टोर व झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ करूंगा। आपको बता दें इस घटना की जानकारी कोडरमा थाना को दिया गया, जहां से कोडरमा पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और परिजनों का बयान दर्ज किया गया व आगे की कार्रवाई की जारी है। तत्पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं प्रकाश रजक ने कहा कि जिले में झोलाछाप डॉक्टर की संख्या चौक चौराहों पर ड्रग्स इंस्पेक्टर के मिली भगत से वृद्धि हो रही है, जिनके पास डिग्री नहीं है वह भी दुकान खोलकर गोरख धंधा चला रहे हैं। शिवम मेडिकल के झोलाछाप डॉक्टर पर हत्या का मामला दर्ज कर अभिलंब गिरफ्तार किया जाए एवं जिला प्रशासन मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपया मुआवजा दिया जाए। यदि गिरफ्तार नहीं किया गया तो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आंदोलन करेगी।

## शारदीय दुर्गा पूजा समिति गुमो का हुआ गठन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शारदीय दुर्गापूजा समिति की बैठक रविवार को दुर्गा मंदिर परिसर में की गयी। बैठक की अध्यक्षता शिव शंकर पांडेय व संचालन उमाकांत पांडेय ने किया। वहीं पूर्व कोषाध्यक्ष सुनील पांडेय और पूर्व सचिव उमाकांत पांडेय ने पिछले साल के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। दुर्गा पूजा को इस वर्ष धूमधाम से मनाने के लिए पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें मुरली मनोहर पांडेय को अध्यक्ष, नव कुमार पांडेय को सचिव और राजन पांडेय को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। कमेटी की अगली बैठक रविवार को होगी, जिसमें पूजा कमेटी का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा रक्षाबंधन धूमधाम से बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं सोमवार को गुमो के ठाकुर बाड़ी में राधा-कृष्ण की प्रतिमा का स्थापना होगा और प्राण प्रतिष्ठा के बाद रात्रि में कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस मौके पर प्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया जाएगा। इसके लिए कई लोगों ने अपना-अपना सहयोग दिया।

### प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भरस्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि

# नगरपरिषद में वाटर मीटर के नाम पर 80 लाख रुपए की बंदरबांट : सईद नसीम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद क्षेत्र में 1500 वाटर मीटर खरीदने और लगाने के लिए 1 करोड़ रुपये का जेम पोर्टल से निविदा जेम/2024/बी/5246927 आमंत्रित किया गया था, जिसकी अंतिम तिथि 21 अगस्त 2024 थी, इसे बाद कार्यादेश दिया गया। वहीं झारखंड के जुगसलाई नगर परिषद (टाटा नगर रेलवे स्टेशन) में 65 लाख रुपये में 5000 वाटर मीटर खरीदने, लगाने और दो वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव के लिए जेम पोर्टल से निविदा जेम/2024/बी/5190657 आमंत्रित किया गया।

इसकी अंतिम तिथि 23 अगस्त 2024 थी। इसका मतलब यह है कि जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र जैसे पाश शहर में प्रति वाटर मीटर 1300 रूपये खर्च आयेगा। इस तरह झुमरीतिलैया में 1500 वाटर मीटर खरीदने, लगाने, संचालन एवं रख रखाव में कुल 19.5 लाख



रुपये खर्च होना चाहिए था। यानी सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने, हड़पने व बंदरबांट करने की नीयत से अधिकतम तय रकम से 80.5 लाख रुपये अधिक यानी प्रति वाटर मीटर लगभग 6700 का निविदा निकाली गई।

जबकि जेम पोर्टल पर 15 एमएम का वाटर मीटर 900 से लेकर अधिकतम 2749 रुपये में उपलब्ध है। यह कारनामा अंकित गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी के प्रश्रय में नगर प्रबंधक सतीश कुमार द्वारा किया जा रहा है।

एक करोड़ रुपये की निविदा निकालने के लिए मुख्य अभियंता से दर कि तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य है। वहीं बिना अधिकृत स्वीकृति प्राप्त किए सरकारी राजस्व के बंदरबाट व गबन करने की तैयारी है। इस कारनामे में दीपक कुमार कनीय अभियंता और नगर प्रबंधक सतीश कुमार ने मिलकर वाटर मीटर के तकनीकी विशिष्टता स्वीकृति प्रदान किया है।

वहीं कार्यपालक पदाधिकारी अंकित गुप्ता एक माह पूर्व पदस्थापन के बाद से ही केवल और केवल निविदा जारी करने और मोटी कमाई करने में लगे हैं। इसलिए उपायुक्त, निदेशक, नगरीय प्रशासन, सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग, विभागीय मंत्री, वित्त मंत्री एवं मुख्यमंत्री से आग्रह है कि सरकारी राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से निकाले गए इस निविदा को रद किया जाए। इन्होंने नगरपरिषद में नागरिक सुविधा का काम भगवान भरोसे छोड़कर सरकारी रकम की बंदरबाट करने, लूटने और वित्तीय अनियमितता करने में संलिप्त है।

## करमा महोत्सव 13 को, होगा भव्य आयोजन

**कोडरमा।** झारखंड संस्कृति एवं प्रकृति प्रेम व भाई बहन का पर्व करमा 13 सितंबर को मनाया जाएगा। घटवार-घटवाल आदिवासी महासभा संघ कोडरमा की बैठक में 13 सितंबर को भव्य रूप से करमा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इस बार करमा महोत्सव जयनगर के पतरामो में मनाने का प्रस्ताव बैठक में पारित किया गया। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिलास्तर पर घटवार-घटवाल आदिवासी महासभा संघ की इंदरवा में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीतलाल सिंह घटवार व संचालन दारोगी प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह घटवार ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बार करमा महोत्सव जयनगर प्रखंड में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने समाज के सभी युवाओं से करमा महोत्सव पर्व को भव्य रूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा की घटवार/घटवाल महासंघ हर साल महोत्सव के जरिये सामाजिक एकजुटता का संदेश प्रसारित करती है। साथ ही सामाजिक एकता के बलबूते सामाजिक कुरीतियों को दूर कर प्रकृति प्रेम और भाईचारगी बढ़ाने पर जोर देती है।

## गिद्धौर में सरदार वल्लभ भाई पटेल टूनामेंट का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिद्धौर।** गिद्धौर के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम फुटबॉल मैदान में यूनाइटेड क्लब गिद्धौर के तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई पटेल टूनामेंट का आयोजन किया गया। विधायक किशुन कुमार दास, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, मुखिया निर्मला देवी, उज्ज्वल दास, भाजपा पार्टी जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर, फीता काटकर और किक मारकर टूनामेंट का उद्घाटन किया।

टूनामेंट की शुरूआत राष्ट्रीय गान के साथ हुई और अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। विधायक किशुन कुमार दास और जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें क्योंकि खेल मनुष्य के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# शतप्रतिशत बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दें : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत की गयी। इस दौरान सदर अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीडीसी ऋतुराज ने बच्चों को पोलियो की खुराक पिला कर अभियान की शुरुआत की। वहीं उन्होंने कहा कि जिले में शून्य से लेकर 5 वर्ष आयु वाले 1,56,460 को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हरहाल में प्राप्त करें। अभियान के दौरान एक भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। वहीं सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि 25 और 26 अगस्त को आयोजित अभियान को पूरी तरह सफल बनाने और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हरसंभव प्रयास किया गया है, अभियान को लेकर ट्रांजिट और मोबाइल टीम मिलाकर कुल 927 बूथ बनाये गए है, इन बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए 1854 वैक्सिनेटर और 107 सुपरवाइजर प्रतिनियुक्त किया गया है, अभियान के पहले दिन बूथों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। वहीं 26 अगस्त को घर घर सर्वे कर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाया जाएगा।

### डीडीसी, सीएस ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया अभियान की शुरुआत



जिले में रविवार को डीडीसी ऋतुराज द्वारा सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिला कर अभियान की शुरुआत किया। इस दौरान निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं रांची डॉ. जॉन एफ केनेडी, सीएस डॉ.अनिल कुमार, डीएस डॉ. मनोज कुमार, एसीएमओ डॉ.रंजीत कुमार, डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार समेत अन्य चिकित्सकों के द्वारा बच्चों को पोलियो का ड्रॉप का पिलाया गया। वहीं डीडीसी ऋतुराज ने कहा कि बच्चों को जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, स्थानीय विद्यालय, आंगनबाडी, स्थानीय चैपाल, मेला बाजार चैक पर ऐसे स्थानों पर पोलियो के ड्रॉप पिलाए जाएंगे।

# आम्रपाली सीसीएल द्वारा जमीन को अधिगृहित कर फर्जी ग्राम सभा का मामला पकड़ा तुल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंदाग में सैकड़ों ग्रामीणों की एक बैठक आहूत की गई।जिसकी अध्यक्षता सेवानिर्वित बालेश्वर प्रसाद साहू एवं संचालन ललित साहू उर्फ गणेश प्रसाद साहू ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता कुलदीप कुमार दास को आमंत्रित किया गया था। दराशल मामला ऐसा है कि सेरनदाग में सीसीएल द्वारा जमीन को अधिगृहित कर टंडवा अंचल अधिकारी द्वारा पत्रांक संख्या 614 दिनाक 12 जून 2023 निकला गया था जो कार्यालय में बैठकर ही पर्यवेक्षक द्वारा फर्जी ग्रामीण का हस्ताक्षर कर के ग्राम सभा किया



गया। इस बात को पंचायत प्रतिनिधि को कानों कान पता चलने के बाद सभी ने अपने-अपने लेटर पैड पर लिखकर उपयुक्त चतरा से मांग किए हैं कि हम लोग का हस्ताक्षर तथा ग्रामीणों का चयन फर्जी है इसमें सम्मिलित कर्मियों पर अभिलंब कार्रवाई किया जाए परंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो होकर अंचलाधिकारी द्वारा ताबड़तोड़ लगभग 11 वी बार ग्राम सभा का पत्र जारी कर दिया गया। जिसे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आक्रोश ने ग्रामीणों ने भ्रष्ट आंचल कर्मियों के खिलाफ एक तत्कालीन बैठक बुलाई गई थी। जिसमें इस गांव के सैकड़ों ग्रामीणों में काफी अक्रोषित देखा गया।बताया गया कि पूर्व में पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, बड़कागांव विधायिका अंबा प्रसाद, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के द्वारा पत्र जारी किया गया की एनओसी के मामले में कुछ कर्मचारियों के द्वारा फजीवाड़ा किया गया था जिसको लेकर चतरा उपायुक्त को आवेदन लिखा गया जिसमें बताया गया कि फजीवाड़ा में सनलिप्त कर्मचारियों के ऊपर अभिलंब करवाई किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि फजीवाड़ा में संलिपित कर्मचारियों के ऊपर कारवाई ना करते हुए ताबड़तोड़ 11वीं बार ग्राम सभा का पत्र जारी कर दिया है जिससे यहां की जनता में काफी आक्रोश भरा हुआ है। आगे युवा नेता कुलदीप दास ने बताया कि इस तरह का मामला काफी निंदनीय है। और मैं इसका घोर निंदा करता हूं और मैं उपायुक्त से मांग करता हूं कि ऐसे भ्रष्ट कर्मियों पर अभिलंब कार्रवाई हो एवं 29 अगस्त 2024 को ग्राम सभा का पत्र जारी है उसे तत्काल स्थगित करे और नही तो मै सेरनदाग के जनता के साथ हूं और जनता के साथ हर कदम हर वक्त खड़ा रहने को तैयार हूं।

अगर 29 अगस्त का ग्राम सभा स्थापित नहीं होती है तो यह लड़ाई आर पार की होगी मौके पर बलदेव प्रसाद साहू, पारस कुमार गुप्ता, मनोज कुमार साहू, परमेश्वर साहू, कृष्णा भुइया, जगन्नाथ साहू, फुलदेव साहू, गणेश कुमार, लक्ष्मण कुमार साहू, उपेंद्र साहू, तिलक साहू, बालेश्वर साहू(नेता जी) अशोक साहू, कामाख्या प्रसाद, रामचंद्र साहू, एवं सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

एक नजर में

## उतरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ केन्द्रीय समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** उतरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ केन्द्रीय कार्य समिति की बैठक क्षत्रिय र्मशाला कोडरमा में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह और संचालन महासचिव राम लखन सिंह और रंजीत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। बैठक को संबोधित करते हुए कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि क्षत्रियता सहयोग और भाईचारगी का पाठ पढ़ाता है। हमेशा अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना, गरीबों की मदद करना हमारा कर्तव्य है। समाज को सही दिशा में परस्पर आगे बढ़ाने के लिए ईमानदारी से निःस्वार्थ भाव से समाज के हित में कार्य करें। समाज की भलाई के लिए व्याप्त कटूता को मिलजुल कर बैठकर दूर करें। उन्होंने कहा कि समाज का निर्माण बहुत से लोगों के सहयोग, ईमानदारी और त्याग से हुआ है। इसे सजाने संवारने के लिए युवाओं को अपनी भागीदारी निभानी होगी। महासंघ के महासचिव रामलखन सिंह ने कहा कि समाज में न विद्वता की कमी है न त्याग की कमी है न हम किसी अन्य चीज में कम है, बावजूद जितनी मजबूती हमारे समाज में होनी चाहिए थी अभी नहीं है, इस पर विचार करने की जरूरत है। हम सब एक होकर समाज की मजबूती के लिए आगे बढ़ें। केंद्रीय समिति की बैठक में महासचिव राम लखन सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए बीते महीनों में केन्द्रीय कमेटी की गतिविधियों का परिचय कराया और बैठक के एजेंडे को रखा। वहीं कोषाध्यक्ष विजय सिंह ने आय व्यय का व्योरा प्रस्तुत किया। बैठक में विभिन्न प्रक्षेत्र से आये अध्यक्ष, सचिव और सक्रिय सदस्यों ने अपने-अपने प्रक्षेत्र में किए गए कार्यों को सबों के बीच रखा। बैठक की शुरुआत केंद्रीय अध्यक्ष व अन्य द्वारा झंडोत्तोलन व दीप प्रज्वलन कर किया गया। बैठक में रामचंद्र सिंह, नारायण सिंह, रामनाथ सिंह, राजेंद्र सिंह, शिवलाल सिंह, प्रदीप सिंह, दिनेश सिंह, रामप्रसाद सिंह, प्रो. राजेश सिंह, पवन सिंह, जयनारायण सिंह, महेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, शिवलाल सिंह, प्रदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, वकील सिंह, सतीश सिंह, राजेन्द्र सिंह, रणजीत सिंह, विनय कुमार सिंह, राज नारायण सिंह, मदन सिंह, संजय सिंह धारावी, सत्यनारायण सिंह, राजेंद्र सिंह, रामदेव सिंह, उदय सिंह, राजू सिंह, आनंद सिंह, दीपनारायण सिंह, विजय सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## चोरी किये गए पिकअप को पुलिस ने किया बरामद, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग जगहों से चोरी किये गए पिकअप वाहन को पुलिस ने बरामद कर लिया है, साथ ही इसमें संलिप्त दो अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मामले का उद्भेदन करते हुए बताया कि थाना कांड संख्या 65/24 में चोरी किये गये पिकअप वाहन संख्या जेएच12ई-2336 एवं डोमचांच थाना कांड संख्या 76/2024 में चोरी किये गये पिकअप वाहन संख्या जेएच12एच-4470 को बरामद्गी, काण्ड के उद्भेदन, अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। वहीं एसपी द्वारा लगातार मामले की निगरानी रखा गया तथा गठित टीम द्वारा लगातार छापामारी किया जाने लगा। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ढाब थानान्तर्गत ग्राम बरहई के करमीकुण्ड जंगल से अप्राथमिकी अभियुक्त 24 वर्षीय पप्पु कुमार उर्फ पप्पु कुमार मेहता पिता नारायण मेहता मसनोडीह थाना डोमचांच जिला कोडरमा एवं 24 वर्षीय रोहित कुमार उर्फ रोहित कुमार मेहता उर्फ धोनी पिता फागु मेहता भेलवाटांड थाना डोमचांच निवासी को गिरफ्तार किया गया। उसी के निशानदेही पर चोरी किये गये वाहन संख्या जेएच12ई-2336 एवं वाहन संख्या जेएच12एच-4470 को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजकर विि-सम्मत अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में प्रेम कुमार, थाना प्रभारी, डोमचांच, पुअनि अजीत कुमार महतो, डोमचांच थाना, पुअनि दिन्दर उरांव, डोमचांच थाना, सअनि कमल लाल तांती व सशस्त्र बल डोमचांच थाना के जवान शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा नगर मंडल में जिला उपायक्ष गोपाल कुमार गुतूल के आवास पर प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का 113वां एपिसोड एलईडी स्क्रीन पर भाजपा कार्यकर्ताओं संग देखा और सुना गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से निवर्तमान नगर अयक्ष नरेंद्र पाल, ज़ाहिद हुसैन, दीप नारायण सिंह, संदीप गुप्ता, काली शाह, अंबिका प्रसाद, मुकेश यादव, महादेव दास, राजू राम, राजा कुमार सहित अन्य कई युवा एवं महिला कार्यकर्ता शामिल थे।

## झुमरीतिलैया में दुर्लभ ब्रह्म कमल फूल, वर्ष में मात्र एक बार लगते हैं फूल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कहते हैं सब्र का फल मीठा होता है लेकिन इस बार सब्र का फल दुर्लभ फूल हुआ है। झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 23 गैस गोदाम गली निवासी राम दयाल सिंह के घर एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद उनके घर की आंगन में दुर्लभ ब्रह्म कमल फूल खिला है। उत्तराखंड का यह राजकीय दुर्लभ पुष्प सामान्य तौर पर कम तापमान वाले राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश एवं कश्मीर में पाया जाता है।

**13 वर्ष पहले बेंगलुरु से पत्ता लाकर लगाया गया था पौधा :** एमएमटीसी के रिटायर्ड ऑफिस मैनेजर रामदयाल सिंह की पत्नी आशा देवी ने बताया कि उनके पति वर्ष 2011 में बेंगलुरु ट्रांसफर हो गया था। बेंगलुरु में रहने के दौरान उन्हें पड़ोस के परिवार के घर में यह दुर्लभ ब्रह्म कमल फुल देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013 में जब उनके पति रिटायर्ड हो गए, इसके बाद बेंगलुरु से वापस लौटते समय उन्होंने अपने पड़ोसी से ब्रह्म कमल पौधे का एक पत्ता लेकर अपने घर के आंगन में लगाया था। इसके बाद 4 वर्षों के लंबे इंतजार और उचित देखभाल के फलस्वरूप वर्ष 2017 में उनके आंगन में ब्रह्म कमल का पहला फूल खिला था।

**रात में खिलता है दुर्लभ और सुगंधित ब्रह्म कमल :** उन्होंने बताया कि यह फूल वर्ष में एक बार जुलाई से अक्टूबर के बीच रात में तापमान कम होने पर खिलता है। सुबह होते ही इसका फूल बंद हो जाता है। पिछले कई दिनों से पूरे प्रदेश में हो रही बारिश से तापमान में गिरावट हुई है। शायद इस वजह से इस बार फूल कुछ दिन पहले खिल गया है।

### केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में चढ़ाए जाते हैं यह खास फूल

यह फूल भगवान शिव का सबसे प्रिय फूल है। जिसे केदारनाथ और बद्रीनाथ के मंदिरों में प्रतिमाओं पर चढ़ाए जाते हैं। वही औषधीय दृष्टिकोण से माना जाता है कि इसके पंखुड़ियों से अमृत की बूंदें टपकती है। खास बात यह है कि आमतौर पर कमल के फूल पानी में खिलते हैं लेकिन यह पानी में नहीं बल्कि जमीन में पत्ते से उगते है। ब्रह्म कमल फूल खिलने की जानकारी होने पर आसपास के कई लोग इसके दर्शन के लिए पहुंचे। आशा देवी ने बताया कि वह पूरे वर्ष ब्रह्म कमल के पौधे की पूजा करती हैं। एक वर्ष के लंबे इंतजार के बाद के खिले ब्रह्म कमल फूल को श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के दरबार में विभिन्न देवी देवताओं के समक्ष अर्पित किया गया।

# एनजीटी में आवेदन देने की बात अर्जुन मुंडा ने स्वीकार किया था : डॉ अजय कुमार

## भुईंयाडीह मामले में चाणक्य नीति हुई फेल

खबर मन्त्र ब्यूरो



पूर्व सांसद डा अजय।

जमशेदपुर। पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ. अजय कुमार ने रविवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि भाजपा पहले आग लगाती है और फिर उसको बुझाने का नाटक करती है, यही उसका चरित्र है। इस पूरे खेल में जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय बराबर के भागीदार है। अब तो पूरी तरह से साफ हो गया कि अर्जुन मंडा ने ही एनजीटी में आवेदन किया था। सबसे बड़ी बात कि जनजातीय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को पर्यावरण मंत्रालय मामले में हस्तक्षेप करने की आवश्यकता क्यों पड़ी। मुंडा को बताना चाहिए कि क्या किसी कार्पोरेट कंपनी के साथ कोई डील हुई थी। उनको एनजीटी में किए गए आवेदन को भी सार्वजनिक करना चाहिए. ताकि लोगों इस मामले की पूरी जानकारी मिल सके।

डॉ. अजय ने सरयू राय पर निशाना साधते हुए कहा कि सरयू राय को बताना चाहिए कि वो भाजपा नेता अर्जुन मुंडा को क्यों बचाने का प्रयास कर रहे हैं? उनके बीच क्या रिश्ता है? एनजीटी के आर्डर में तो साफ लिखा है कि 30 अगस्त 2023 को तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा जमशेदपुर में हुए अतिक्रमण मामले में आवेदन किया गया था। एनजीटी के कोलकाता बेंच के आर्डर से साफ है कि पहली चिंगारी बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा ने लगाई थी। उसके बावजूद विधायक सरयू राय अर्जुन मुंडा को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अर्जुन मुंडा को एनजीटी में उनके द्वारा किए गए आवेदन को सार्वजनिक कर अपना पक्ष रखना चाहिए। मुझे जानकारी मिली है कि यह आवेदन शहर में अतिक्रमण कर बसे सभी बस्तियों के लिए किया गया था। सच जल्द सामने आएगा।

डॉ. अजय ने कहा कि इस मामले में चाणक्य नीति कहीं फेल होती दिख रही है. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस जनता ने आप पर भरोसा कर आपको विधायक बनाया और आपने सिर्फ अपने राजनीतिक लाभ के लिए उनके साथ धोखा किया। उनको बरगलाते रहे। आप उस क्षेत्र के वर्तमान विधायक है। गरीब जनता के घरों को बचाने की जिम्मेवारी आपकी थी और आप उन्हें झुठा दिलासा देते रहे। क्या आपको इस मामले की पूरी जानकारी नहीं थी या आपने जानकारी होने के बावजूद बीजेपी और अर्जुन मुंडा को बचाने के लिए नाटक करते रहे। आप तो कानून के जानकार है, हर मामले में गहराई तक जाकर पता लगा लेते है तो फिर इस मामले में इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई। यह आपको क्षेत्र की जनता को बताना चाहिए।

# राजनीतिक लाभ लेने के लिए अजय कुमार मामले को घुमा रहे हैं, उन्हें कोई फायदा नहीं होगा : विनोद सिंह

## बस्तियों नहीं, नदी के किनारे बन रही बहुमंजिली इमारतों को लेकर की थी शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के करीबी जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष विनोद सिंह ने रविवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में डॉ. अजय पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि डॉ. अजय कुमार अवसरवादी नेता हैं। अपना हित साधने के लिए कई दलों (झाविमो, आप) की यात्रा कर चुके हैं। कल्याणनगर-इंद्रानगर मामले में वे अपना राजनीतिक हित साधना चाहते हैं। लेकिन उनका मंसूबा पूरा नहीं होगा। पूर्वी विधानसभा से विधायक बनने का उनका सपना वहां की जनता धूमिल कर देगी।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा के वरिष्ठ नेता और अर्जुन मुंडा के करीबी विनोद सिंह।

कहा कि उनका चाल चरित्र यहां की जनता जानती है। एसपी रहते उन्होंने गरीबों का घर उजाड़ा, फर्जी इन्काउंटर किया, जब जेल जाने की नौबत आयी तो नौकरी से इस्तीफा दे दिया। विनोद सिंह ने माना कि अर्जुन मुंडा ने नदी की तलहटी में बिल्डर, जमीन माफिया द्वारा बनायी जा रही ऊंची-ऊंची इमारतों को पर्यावरण के लिए खतरा बताते हुए एनजीटी को पत्र लिखा था। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, पार्टी नेता हलधरनारायण साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# चांडिल डैम में डूबे विमान का लोकेशन मिला, आज निकाला जायेगा मलबा





खोज अभियान पूर्ण कर सोनार एवं अन्य उपकरण लेकर बोट से उतरते इंडियन नेवी के विशेषज्ञ।

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

चांडिल। मंगलवार को क्रेस हुए विमान को नौसेना कि टीम ने रविवार को चांडिल डैम में खोज निकाला है। रविवार को सुबह लगभग नौसेना कि टीम अलग-अलग बोट पर सवार होकर विमान की तलाश में डैम में घुसी। इस दौरान टीम ने दोपहर करीब ढाई बजे डूबे विमान का पता लगाया। डैम में दुर्घटनाग्रस्त विमान का पता लगाकर भारतीय नौसेना कि टीम शाम लगभग साढ़े चार बजे वापस लोटे। टिम के वापस लोटते ही पूर्व सैनिकों ने भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। संभवतः सोमवार को नौसेना कि टीम के द्वारा क्रेस हुए टु सिटर एयरक्राफ्ट को चांडिल डैम से बाहर निकाला जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार चांडिल डैम नौका विहार से करीब दस किलोमीटर अंदर एयरक्राफ्ट मिली है। बता दें कि छह दिनों पूर्व सोनारी एयरपोर्ट से उड़ा अल केमिस्ट एविशन का प्रशिक्षण विमान कुछ देर बाद पायलट और प्रशिक्षु पायलट को लेकर एटीसी के राडार से गायब हो गया था। तीन दिनों पूर्व इंडियन नेवी और एनडीआरएफ ने पायलट और ट्रेनी पायलट का शव बरामद कर लिया था किन्तु विमान का पता नहीं चल पा रहा था।

## बन्ना गुप्ता ने बच्चों को पिलायी पोलियो की खुराक

जमशेदपुर। बन्ना गुप्ता, माननीय मंत्री स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा राज्य स्तरीय पल्स पोलियो कार्यक्रम का शुभारंभ रामजन्म नगर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रांगण से किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। बता दें कि अभियान के तहत पूर्वी सिंहभूम के सभी बूथ पर आज 0-5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाया गया। 26 एवं 27 अगस्त को घर-घर जाकर पोलियो का खुराक सहिया, सेविका एवं गैर सरकारी संस्था के द्वारा पिलाया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार ने भी बूथ पहुंचकर बेटी को पोलियो की खुराक पिलाई।पूर्वी सिंहभूम जिला में कुल 395368 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, पूरे जिले में कुल 3066 बूथ बनाए गए हैं।

## हेमंत सरकार लगातार विकास की नई रेखा खींच रही है : मंगल कालिंदी

जमशेदपुर। आज गोविंदपुर के आशा भवन में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में शामिल होने पद यात्रा करते हुए अपने समर्थकों के साथ विधायक कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस दौरान कार्यकताओं द्वारा विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक ने हेमंत सरकार और उनके द्वारा जुगसलाई विधानसभा में करवाये जा रहे विकास कार्यों को आमजन तक पहुंचाने की बात कार्यकताओं से कही। हेमंत सरकार लगातार विकास की नई रेखा खींच रही है। विधायक ने कहा कि दो साल कोरोना का दंश झेलना पड़ा। तीन साल उन्हें काम करने का मौका मिला.जिसमें जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खींची गयी है।

# रथिंद्र दा बने जमशेदपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और बलाई पांडा उपाध्यक्ष बने

## महासचिव कुमार राजेश रंजन की धमाकेदार जीत

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर बार एसोसिएशन कार्यकारिणी (2024-26) का अध्यक्ष अधिवक्ता रथिंद्र नाथ दास को चुन लिया गया और उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता बलाई पांडा ने दोबारा अपनी जीत दर्ज की। वही महासचिव पद पर कुमार राजेश रंजन 632 मत चुने गए। उनकी जीत धमाकेदार एंट्री के साथ हुई। पहली बार उन्होंने महासचिव पद का चुनाव लड़ा और सबसे ज्यादा मत हासिल किया। अधिवक्ता आरएन दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मलकीत सिंह सैनी को 220 मतों के अंतर से हराया। अध्यक्ष पद के पांच उम्मीदवारों यथा अधिवक्ता मलकीत सिंह 347 मत, अधिवक्ता ओंकार नाथ अरुण 30 मत, अधिवक्ता आरएन दास 567 मत, अधिवक्ता रोहित कुमार 114 मत एवं अधिवक्ता विमल कुमार पांडेय 119 मत हासिल हुए। महासचिव पद के तीन उम्मीदवार अधिवक्ता अजय कुमार सिंह राठौड़ 362, अधिवक्ता हरेंद्र कुमार 171 एवं अधिवक्ता कुमार राजेश रंजन 632 ने मत हासिल किया। उपाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता बलाई पांडे ने दोबारा अपनी शानदार जीत दर्ज की। उन्हें 511 मत हासिल हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी अधिवक्ता अनुराधा चौधरी को 188, अधिवक्ता बसंत कुमार मिश्रा को 34, अधिवक्ता रविशंकर त्रिपाठी 278 को एवं अधिवक्ता सुधीर कुमार को 135 मत प्राप्त हुए। संयुक्त सचिव पद पर अधिवक्ता संजीव रंजन बरियार 346 मत एवं अधिवक्ता विनीता सिंह 385 मत प्राप्त किये और उन्हें विजय घोषित किया गया। यहां संयुक्त सचिव पद की गिनती को लेकर उम्मीदवार एवं पूर्व संयुक्त सचिव राजहंस प्रसाद तिवारी ने लिखित तौर पर आपत्ति जताई है, चुनाव परिणाम के अनुसार उन्हें 336 मत मिले हैं जबकि 12 मत, जो उनके पक्ष में थे, गिनती नहीं की गई, जबकि दोबारा गिनती का आश्वासन दिया गया था। संयुक्त सचिव पद के अन्य उम्मीदवार दिलीप कुमार महतो को 328, जन्मेजय कुमार सिंह को 119, मोहम्मद शाहिद इकबाल को 80, निरंजन झा को 24, पवन कुमार को 38, पवन कुमार तिवारी को 312, राजहंस प्रसाद तिवारी को 336, रूपेश कुमार सिन्हा को 115 एवम श्री राम दुबे को 51 मत प्राप्त हुए।



विजयी पदाधिकारियों को अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया।

# 118 वर्षों के सफर के दौरान टाटा स्टील ने राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। जैसे ही भारत अपनी स्वतंत्रता के 78वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, टाटा स्टील, जो देश के औद्योगिक विकास का पर्याय है, अपनी 118वीं स्थापना दिवस का जश्न मना रही है। 19वीं सदी के अंत में एक साधारण शुरूआत से लेकर, टाटा स्टील ने भारत की आर्थिक और औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभाई है।

1907 में जमशेतजी नसरवानजी टाटा द्वारा स्थापित टाटा स्टील, उस आत्मनिर्भरता की भावना का प्रतीक है जिसने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित किया। कंपनी की स्थापना एक साहसिक कदम था, जिसने भारत को इस्पात निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी बनाया और देश के औद्योगिकीकरण की नींव रखी। टाटा स्टील ने अपने शुरूआती वर्षों में कई कठिन चुनौतियों का सामना किया, जिसमें वित्तीय संकट और ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों की ओर से अविश्वास शामिल थे। फिर भी, जमशेतजी टाटा के दूरदर्शी विचार और सर दोराबजी टाटा के दृढ़ नेतृत्व से प्रेरित होकर, कंपनी ने लगातार प्रगति की और अपनी नींव को मजबूत किया।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान, टाटा स्टील ने युद्ध प्रयासों के लिए इस्पात की आपूर्ति कर अपनी अहम भूमिका निभाई, जिससे उद्योग में अपनी मजबूत पहचान बनाई और वैश्विक मंच पर भारतीय उद्योग की क्षमता को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया।

जैसे-जैसे भारत स्वतंत्रता की ओर अग्रसर हुआ, टाटा स्टील ने भी अपनी प्रगति जारी रखी और देश की आत्मनिर्भरता और आर्थिक विकास के लक्ष्यों के साथ खुद को जोड़ा। स्वतंत्रता के बाद के दौर में, कंपनी ने पुल, बांध और रेलवे जैसी महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया, जिसने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

टाटा स्टील की प्रतिबद्धता केवल भौतिक आधारभूत संरचना तक सीमित नहीं रही है। कंपनी ने श्रमिक कल्याण योजनाओं में भी अग्रणी भूमिका निभाई है, जैसे आठ घंटे का कार्य दिवस, सवेतन अवकाश, और भविष्य निधि योजनाएं, जो भारत में कानूनी रूप से अनिवार्य होने से पहले ही लागू कर दी गई थीं। इन पहलों ने देश में श्रम प्रथाओं के लिए एक नया मानक स्थापित किया और समावेशी विकास के प्रति कंपनी की दृढ़ प्रतिबद्धता को उजागर किया।

टाटा स्टील भारत के अगले विकास चरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। सस्टेनेबिलिटी, इनोवेशन, और समावेशी विकास पर विशेष ध्यान देते हुए, कंपनी देश को $5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने और उसके सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने में योगदान देने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

जमशेदपुर के इस्पात संयंत्र से लेकर एक वैश्विक इस्पात कंपनी बनने तक का टाटा स्टील का उल्लेखनीय सफर भारत की विकास यात्रा को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। कलिंगानगर में अपनी विश्वस्तरीय सुविधा के विस्तार की योजनाएं इसके राष्ट्र निर्माण के प्रति निरंतर समर्पण का प्रमाण हैं। इसकी विरासत केवल औद्योगिक सफलता की नहीं है, बल्कि देश और उसके लोगों के प्रति गहरी और स्थायी प्रतिबद्धता की भी है– एक प्रतिबद्धता जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत के भविष्य को आकार देती रहेगी।

स्पीड न्यूज

## छतीसगढ़ी समाज की महिलाओं ने हलषष्ठी कमरछठ पूजा अर्चना की

जमशेदपुर। भगवान बलराम की जन्मजयंती और भादो मास के कृष्णपक्ष की षष्ठी के अवसर पर छत्तीसगढ़ी समाज के महिलाओं के द्वारा कमरछठ हलषष्ठी का व्रत और पूजन किया जाता है, श्री श्री शीतला माता मंदिर टुइलाडूंगरी में समाज की महिलाओं ने संतान प्राप्ति संतान के स्वास्थ और संपन्न होने की कामना को लेकर पूजा अर्चना की, इस पूजा को महिलाएं मंदिर अथवा किसी के घर पर एकत्रित हो कर जमीन में गड्ढा खोद कर या अस्थाई सागरी बना कर ब्राम्हण से कथा सुन गौरी गणेश की पूजा अर्चना करके आरंभ करती है, पूजन सामग्री में भैंस का दूध, दही, घी, लाई, महुवा, कांसी, पसहर का चावल, फूल, दुब, रोली, चंदन, नारियल, सुहाग की सामग्री, बच्चो के खिलौने और छः प्रकार की भाजी से पूजा करती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा की पूरा शहर में जहां जहां छत्तीसगढ़ी समाज के लोग निवास करते है वहां महिलाएं सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर अपनी बाल बच्चो की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना करती है।

## विधायक सविता महतो ने टीएमएच से कराया 41 हजार का बील मांफ

चांडिल। रुदीया पंचायत अंतर्गत तारकुआं निवासी चंदना सिंह सरदार का पेट में एप्रेनटीक्स की समस्या होने पर परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया था। इस दौरान वे स्वास्थ्य हुए और इलाज के दौरान उनका अस्पताल में बकाया बिल काफी हो गया। परिजनों ने कुछ बिल चुकाने के बाद बाकी बचे शेष बील चुकाने में असमर्थता जताते हुए जगदीश सिंह सरदार ने विधायक सविता महतो को दिया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक नजर में

## जमशेदपुर में किया साइक्लोथॉन 4.0 का भव्य आयोजन

जमशेदपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रविवार को मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा, टाटानगर अचीवर्स शाखा, स्टील सिटी शाखा और अग्रवाल युवा मंच जमशेदपुर द्वारा पहली बार संयुक्त रूप से साइक्लोथॉन 4.0 का भव्य आयोजन किया गया। इसमें 350 से अधिक लोग शामिल हुए जिनमें से 250 प्रतिभागियों ने निःशुल्क पंजीकरण कराया। 100 को विशिष्ट इवेंट टी-शर्ट प्रदान की गईं, जबकि सभी 250 प्रतिभागियों को रिस्टबैंड, पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। यह आयोजन सर दोराबजी टाटा पार्क (मोदी पार्क) बिष्टुपरु से शुरू होकर बाग-ए-जमशेद गोल चक्कर, रेड क्रॉस सोसाइटी, जुबली पार्क गेट और डीसी ऑफिस गोल चक्कर से होते हुए कॉन्वेंट स्कूल के सामने समाप्त हुआ। कार्यक्रम समापन के बाद उपस्थित सभी लोगो को नाश्ता करया गया। इस कार्यक्रम ने जमशेदपुर के सामाजिक और खेल प्रेमी समुदाय में एकता और समर्पण का संदेश फैलाया। मालूम हो कि इसका आयोजन देशभर में एक साथ 851 शाखाओं द्वारा किया गया था, जिसमें से 1,50,000 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**विजयी प्रतिभागियों को मिला सम्मान:-** इस साइक्लोथॉन को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था। बच्चे (15 वर्ष से कम), पुरुष और महिलाएं। प्रत्येक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को विधिवत पदक और चाँदी का सिक्का और द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजयी प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की श्रेणी (15 वर्ष और उससे कम) में यश कुमार प्रथम, निखिल सिंह दूसरे और जयप्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। महिलाओं में ऋचा केडिया प्रथम, वाटिका शाह द्वितीय और संस्कृति शर्मा तीसरे स्थान पर रही। पुरुषों में सायन कच्छप प्रथम, राजेश मलिक द्वितीय और निर्माण मंडल तीसरे स्थान पर रहे।

**इनकी रही मौजूदगी:-** कार्यक्रम में पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरव तिवारी, पूर्व विधायक कुणाल षाड़गी, मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया, कोषाध्यक्ष सीए अनिल रिंगसिया, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, सचिव विनोद शर्मा, मारवाड़ी समेलन जुगसलाई शाखा अध्यक्ष सुरेश शर्मा लिप्पू मंच के प्रदेश महासचिव सार्थक अग्रवाल, संयोजक विष्णु गोयल एवं मोहित मूनका, राजीव अग्रवाल दीपक चेतनी आदि उपस्थित थे।

## स्टेट वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 31 प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

जमशेदपुर। सोनारी कम्युनिटी सेंटर में रविवार को आयोजित स्टेट वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में राज्य के विभिन्न जिलों से आए 60 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रर्दशन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय रेफरी मोहम्मद खालिद हसन, टाटा स्टील के कोच गुरुदयाल सिंह, गौतम आचार्य, संजय पांडे, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, अमल चक्रवर्ती, जेपी महांती, गणेश राव, गुरविंदर सिंह, शेख मोइनुद्दीन, पपिंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह, पूर्वी सिंहभूम वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सिंह व महासचिव महेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान रांची, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, कोडरमा, साहेबगंज से आए 60 पुरुष व महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच सह टाटा स्टील के हेल्थ एंड वेलनेस स्पोर्ट्स डिवीजन के कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद हसन इमाम मल्लिक व विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक अभियंता प्रताप महांती ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। पुरुष वर्ग 49 किलो में प्रथम अमन मुंडा (185 किलो), द्वितीय निखिलेश लकड़ा (173), तृतीय आदित्य राज। 55 किलो में क्रमशः राज मुंडा, सुभाष साव व प्रीतम भाई पटेल। 61 किलो में ओम कुमार, सनीश एरेन व पवन कुमार। 81 किलो में ऋषिराज, हर्षित बेग व निखिल बानरा। 73 किलो में शिवम कुमार, समीर घोष व शशांक शेखर। 67 किलो में सूरज कुमार महतो, पीयूष कुमार सिंह व अंकुश राज। महिला वर्ग के 55 किलो में अनुपमा कुमारी, समृति बाग व कुसुम तरी प्रजापति। 40 किलो में मनीषा सोरेन व सुचित्रा मृदुल प्रजापति। 45 किलो में बबिता कुमारी व नम्रता हेंब्रम। 49 किलो में दनपति कुमारी, मनीषा कुमारी व रितिका कुमारी। 71 किलो में आरुषि कुमारी। 76 किलो में अद्रिका तिवारी। 81 किलो में पूनम सिन्हा को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## तुलसी भवन में जमशेदपुर साहित्य उत्सव उत्कृष्ट समापन

जमशेदपुर। सिंहभूम जिला हिदी साहित्य सम्मेलन तुलसी भवन एवं कोलकाता की प्रतिष्ठित पत्रिका सदीनामा के संयुक्त आयोजन के दूसरे दिन मीडिया सत्र में समाज परिवर्तन में मीडिया के सकारात्मक प्रभाव विषय पर चर्चा हुई। स्थानीय तुलसी भवन के चित्रकूट सभागार में हुए इस कार्यक्रम का प्रारम्भ माधवी उपाध्याय के सरस्वती वंदना से हुई। तत्पश्चात सदीनामा की सह संपादक रेणुका अस्थाना ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया। साहित्यकार पद्मा मिश्र ने विषय प्रवेश के दौरान कहा कि समाचारों में व्यक्त विचार जबरदस्त शक्ति की तरह होते हैं, जो एक सुसंगठित समाज का नव निर्माण कर सकते हैं पर जैसे निरंकुश पानी का बहाव गाँव के गाँव डुबो देता है, फसलें नष्ट कर देता है। उसी प्रकार कलम का निरंकुश प्रवाह नाश करता है..मानवता का, करुणा का, इन पर भीतरी अंकुश होना चाहिए"। अध्यक्षता सदीनामा के संपादक जितेंद्र जितांशु ने की। मुख्य अतिथि प्रभात खबर के संपादक संजय मिश्र थे। मुख्य वक्ता डॉ० मनोज पाठक आजिज तथा विशिष्ट वक्ता डॉ० संध्या सिन्हा ने अपना वक्तव्य दिया। अन्य प्रबुद्ध वक्ताओं में हिन्दुस्तान के संपादक गणेश कुमार मेहता, प्रसार भारती से राजेश कुमार लाल दास, तेज तर्रार महिला पत्रकार अन्नी अमृता एवं तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र मूनका थे। सभी अतिथियों को शाल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों/ई-मीडिया/सोशल मीडिया आदि क्षेत्रों के चुनिंदा व्यक्तित्वों का भी सम्मान हुआ जिनमें पूजा सिंह, कन्हैया लाल सिंह, गौतम ओझा, श्याम कुमार प्रसाद, अभिषेक भकत तथा प्रमोद कुमार झा को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सत्रों का संचालन डॉक्टर मनीला कुमारी के पास रहा जबकि कार्यक्रम संयोजन विक्रम आदित्य सिंह ने किया। अंतिम सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमे कुल 28 कविताओं का पाठ किया गया। सत्र की अध्यक्षता इंद्रदेव प्रसाद (उपाध्यक्ष, तुलसी भवन) तथा वसंत जमशेदपुरी (मानचंद्र अग्रवाल) जी ने संयुक्त रूप से की। उपरोक्त जानकारी सदीनामा के जमशेदपुर के मीडिया संयोजक विक्रम आदित्य सिंह ने दी है।

## राजमहल के सांसद विजय हांसदा की पत्नी की अंत्येष्टि में शामिल हुईं सांसद जोबा माझी

जमशेदपुर। राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी कैथरीन हेम्ब्रम के निधन की खबर मिलने पर रविवार को सांसद जोबा माझी राजमहल पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन समीर बड़ी संख्या में झामुमो के नेता और कार्यकताओं ने अंतिम संस्कार में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद ने कहा दुखद खबर से स्तब्ध हूं। उन्होंने श्रीमती कैथरीन के इतने कम समय में चले जाने पर गहरा दुख व्यक्त किया और इसे झामुमो परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने राजमहल सांसद से मिलकर ढांढ़स बंधाया। कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और इस विकट घड़ी में परिवारजनों को दुःख सहने की शक्ति दें। मालूम हो कि रविवार को सांसद का मनोहरपुर दौरा निर्धारित था। लेकिन सांसद विजय हांसदा की धर्मपत्नी के निधन की खबर पाकर आने सारे कार्यक्रम रद्द कर राजमहल रवाना हो गई।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत मामले में परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका, किया सड़क जाम

## लगभग ढाई घंटे तक एनएच-99 पर परिचालन रहा पूरी तरह से बाधित, लोग रहे परेशान,तत्काल आर्थिक सहायता दिये जाने के बाद माने जमाकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** एनएच 99 (अब 22) रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत हिसरी पेट्रोल पंप के समीप शनिवार की शाम एक बेकाबू अज्ञात बोलेरो के द्वारा स्कूटी सवार बबलू उरांव को रौंद कर मार डालने व संजय गंझू को बुरी तरह से घायल किये जाने के मामले को लेकर आक्रोशित परिजनों एवं ग्रामीणों ने एनएच-99 को जाम कर दिया।

पोस्टमार्टम के बाद बबलू के शव के गांव पहुंचने के बाद परिजन व ग्रामीण शव के साथ लगभग 3 घंटे तक सड़क पर बैठे रहे। परिजन इसे दुर्घटना नहीं बल्कि सुनोयोजित हत्या बता रहे थे। जाम की शुरूआती सूचना के बाद चंदवा थाना के कुछ अधिकारी सुरक्षा बल के जवानों के साथ मौके पर पहुंचे व जामकताओं को समझने का प्रयास किया, लेकिन जामकर्ता वरीय अधिकारियों को जाम स्थल पर बुलाने और उनकी मांगों को सुनने की बात को लेकर अड़ गए।

इसके बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक चंदवा इंस्पेक्टर रणधीर कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता की।

मृतक के परिजनो ने अधिकारियों से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने एवं पूरे मामले की जांच हत्या के दृष्टिकोण से करने की मांग की। इसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा प्रदान किया जाएगा साथ ही मृतक के परिजनों को जो भी संदेह है उसको लेकर आवेदन दें, सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए पूरे मामले की गहनता से जांच की जाएगी। इस दौरान मृतक के परिजनों को प्रशासन की ओर से 11500 रुपये अंतिम संस्कार के लिए सहायता राशि दी गई, जिसके बाद जमाकर्ता मान गए व सड़क जाम समाप्त हुआ व लगभग ढाई घंटे बाद एनएच पर परिचालन सामान्य हुआ। इस दौरान एनएच के दोनों छोर पर छोटे-बड़े वाहनों की भारी जाम लगी रही।



जामकर्ताओं द्वारा किया गया सड़क जाम व समझाते प्रशासन

### पीड़ित परिवार से मिले भाजपा नेता प्रकाश राम

इधर देर शाम भाजपा नेता प्रकाश राम भी गांव पहुंचे व मृतक बबलू उरांव के परिजनो से मुलाकात कर ढाढंब बंधाया। प्रकाश राम ने कहा कि अगर किसी प्रकार का संदेह है तो परिजन उनके समक्ष रखें वे मामले में एसपी से उच्च स्तरीय जांच के लिए आग्रह करूंगा।

**मामले मंत्री बैजनाथ राम ने प्रशासन व पीड़ित परिवार से की बातचीत :** इधर सड़क जाम की सूचना के बाद झामुमो के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव, बिससूत्री प्रखण्ड उपाध्यक्ष मनोज चौधरी मौके पर पहुंचे व राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सह मद्य निषेध मंत्री वैद्यनाथ राम से परिजनों व अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक से दूरभाष पर बात करायी। मंत्री वैद्यनाथ राम ने भरोसा दिया कि वे जल्द ही पीड़ित परिवार के साथ मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी लेंगे।

## रैयतो को हक दिलाने को लेकर एनएचएआई प्रभावित संघर्ष समिति का किया गया गठन

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र में एनएचएआई के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें सड़क में आने वाले भूमि का रकम सरकार के द्वारा भू-रैयतों को बहुत ही कम राशि निर्धारित किया जा रहा है। जिसको लेकर चंदवा प्रखंड सासंग के मध्य विद्यालय के परिषर में रैयतों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही कमिटी का गठन किया गया है। जिसमें रैयतों का कहना है कि सर्वप्रथम सड़क के किनारे पड़ने वाले रैयती भूमि का राशि आज के बाजार मूल्य के हिसाब से मुआबजा की राशि का निर्धारण किया जाए और जो भी रैयत का भूमि में कागजात की गड़बड़ी है उसे कम खर्च में सुधार किया जाए साथ ही अधिग्रहित भूमि में पड़ने वाले मकान, चापाकल पेड़ पौधा इत्यादि का मुआवजा उचित दर से मिलनी चाहिए।

## फुलदेव उरांव मेमो. फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



उद्घाटन के मौके पर खिलाड़ियों के साथ अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत पंचायत सचिवालय खेल मैदान में स्व. फूलदेव उरांव की स्मृति में शेर स्पोर्टिंग क्लब जमीरा के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, मुखिया दुर्गावती देवी, मुखिया जतरू मुंडा, स्व. फूलदेव उरांव की पत्नी सीता देवी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई भी किया। अतिथियों ने कहा कि स्व. फूलदेव उरांव की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। फूलदेव उरांव ने खेल के क्षेत्र में न सिर्फ नाम रोशन किया बल्कि खेल के माध्यम से ही नौकरी प्राप्त की। आगे कहा कि आप सभी खिलाड़ियों एवं क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा का भंडार छिपा हुआ है, प्रतिभा को पहचान कर नियमित अभ्यास व सही दिशा देने की जरुरत है। इधर उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला लाधुप बनाम ज्योति क्लब हड़गड़वा के बीच खेला गया जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में लाधुप की टीम विजय प्राप्त कर दूसरे चक्र में स्थान पक्का किया।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**चंदवा।** स्थानीय प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में मनरेगा अन्तर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ का तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय गैर आवासीय प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हो गया। शुक्रवार से शुरू होकर प्रशिक्षण के तीसरे दिन कुल 09 ग्राम पंचायतों के मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवम् पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत दूसरे दिन हुए प्रशिक्षण की पुनरावृत्ति के साथ प्रारंभ हुई। तत्पश्चात प्रशिक्षण को आगे बढ़ाते हुए अगले दो सत्र में मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला एवं अमित बरला द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ई-मास्टर बुक, एवं सेवन पंजी के बारे में बताया गया वहीं अंतिम सत्र में मनरेगा पोर्टल का व्यवहारिक प्रशिक्षण देते हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन की समाप्ति की गई। उक्त प्रशिक्षण में रितेश कुमार, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, सभी 9 पंचायत के मुखिया, ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत स्तरीय तकनीकी विशेषज्ञ समेत अन्य उपस्थित थें।

### दुर्गा पूजा समिति रक्सी जमीरा के पुनः अध्यक्ष बने सितमोहन मुंडा

## दुर्गा पूजा समिति रक्सी-जमीरा की बैठक संपन्न, कमेटी गठित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** रक्सी स्थित सामुदायिक भवन परिसर में आगामी दुगार्पूजा महोत्सव को धूम धाम से मनाने को लेकर रविवार को दुर्गा मंडल रक्सी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सितमोहन मुंडा ने की। बैठक में रक्सी में धूम धाम से दुगार्पूजा मनाने का निर्णय लिया गया व सर्वसम्मति से दुर्गा मंडल कमिटी का पुनर्गठन गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पुनः सितमोहन मुंडा को अध्यक्ष, ब्रह्मदेव प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव मणिलाल यादव, कोषाध्यक्ष चंद्र किशन गिरी, उपाध्यक्ष धीरज प्रजापति, विनोद उरांव, बबलू प्रजापति, रघुनंदन प्रजापति, रविन्द्र यादव व बालक यादव, उप सचिव अनिल यादव, रमेश यादव, बरन भोगता, डब्लू प्रजापति, बालक प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष शंकर उरांव, अवध प्रजापति, गोपाल प्रजापति, रूपलाल प्रजापति व सुरेंद्र प्रजापति को बनाया गया।

इसके अलावे यदु प्रजापति, राजेन्द्र प्रजापति, कुशेश्वर यादव, विनोद प्रजापति, रमेश प्रजापति, नागेश्वर यादव, महावीर प्रजापति, कृष्णा प्रसाद, मना प्रजापति, सूर्यनाथ सिंह, सुरेश यादव, चरका यादव, पवन लाल, विजेश प्रजापति व मिथिलेश प्रजापति को संरक्षक बनाया गया है साथ हीं संतोष प्रजापति, किशोर गंझू, यशवंत प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, अमृत किशोर प्रजापति, श्याम मोहन प्रजापति, अमृत प्रजापति, राजन यादव, राजकुमार प्रजापति व शिव शंकरपुर प्रजापति को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बैठक में सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद थे।



बैठक में शामिल धर्मप्रेमी

### एक नजर में

## हाइवा ने बाइक सावार को मारा धक्का एक घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ- पांकी मुख्य पथ पर शनिवार की देर रात झाबर ग्राम के बिरहोर टोला की समिप हाइवा ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दिया। इस टक्कर में बाइक सवार युवक विवेकानंद कुमार 23 वर्ष पिता बिनोद साव ग्राम टमटमटोला बालूमाथ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को 108 एंबुलेंस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध बताया जा रहा है कि घायल युवक आई कार्ड कुरियर में काम करता है और वह झाबर ग्राम में कुरियर देकर वापस अपने घर बालूमाथ लौट रहा था तभी बिरहोर टोला के पास विपरीत दिशा से जा रही हाइवा ने टक्कर मार दिया।

## सैकड़ों भाजपाईयों ने हेमंत सरकार का पुतला दहन किया

**बारियातू।** भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में शनिवार शाम को सैकड़ो कार्यकताओं के साथ बारियातू थाना के ठीक सामने हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया। पुतला दहन कर रहे भाजपा कार्यकताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा की आक्रोश रैली के दौरान राज्य के सरकार द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए लाठी डंडा बरसा कर कई कार्यकताओं को घायल कर दिया गया। हेमंत सरकार की तानाशाही रवैया के खिलाफ उनका पुतला दहन किया जा रहा है।पुतला दहन के क्रम में हेमंत सोरेन मुदार्बाद हेमंत सरकार की तानाशाही रवैया नहीं चलेगी सहित कई नारेबाजी भी की गई। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा की सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बरवाडीह आरपीएफ को मिली सफलता, एसी कोच से जप्त किया 28 केजी गांजा

**बरवाडीह।** बरवाडीह आरपीएफ टीम ने गुप्त सुचना के आधार पर रविवार को अहले सुबह ट्रेन सख्या 18309 संबलपुर जम्मूतवीं एक्सप्रेस के एसी कोच से चार लावारिश बैग में रखे 28 किलो ग्राम गांजा जप्त किया है। जिसकी अनुमानित राशि लगभग 3 लाख रुपए हैं। मामले को लेकर सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बरकाकाना से बरवाडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश रंजन को मिली सुचना के आधार पर गठित टीम के द्वारा कार्यवाई करते हुए संबलपुर जम्मूतवीं एक्सप्रेस के बरवाडीह पहुँचते हीं एसी अ1 कोच की सीट संख्या 33/47 के नीचे लावारिश हालत में रखे गए चार बैग को इंस्पेक्टर राकेश रंजन के साथ प्रधान, आरक्षी संजय मरांडी और आरक्षी संजय कुमार के सहयोग से जप्त किया गया। जिसमे जांच करने पर 28 पैकेट गांजा मिला। बैग में प्रति पैकेट एक किलोमीटर गांजा रखा हुआ था। गांजा जप्त किये जाने के बाद पुरे मामले में कारवाई को लेकर बरवाडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सूचना बरकाकाना जीआरपी को भेज दी है।

### झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर

## वनरक्षियों का 10वें दिन भी प्रदर्शन रहा जारी



प्रदर्शन में शामिल वनरक्षी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के आह्वान पर झारखंड सरकार द्वारा झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2014 में अहितकारी संशोधन करके झारखंड राज्य अवर वन क्षेत्रकर्मी संवर्ग नियमावली, 2024 बनाकर वनपाल के शत प्रतिशत प्रोन्नति के पद में कटौती करते हुए 50% पदों पर सीधी नियुक्ति करने तथा अन्य अलाभकारी निर्णय के विरुद्ध और अन्य लंबित मांगों को लेकर लातेहार जिले के सभी वनरक्षियों ने अपने सभी विभागीय कामकाज को छोड़कर 16 अगस्त से चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के दशवें दिन भी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक संरक्षक पलामू के प्रांगण में भाग लिया। झारखंड के वनरक्षी अल्प वेतन-भत्ते और बिना किसी विशेष सुविधा के जंगलों की सुरक्षा एवं विकास तथा वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं वन्य प्राणियों से लोगों की सुरक्षा सहित अन्य विभागीय कार्यों के लिए दुर्गम स्थानों पर दिन-रात लगे रहते हैं। इनकी जान-माल की क्षति की संभावना हमेशा बनी रहती है। उनके लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय सरकार ने वनरक्षियों के प्रोन्नति के अवसर को छिनने का कार्य किया है। आंदोलन के दशवें दिन अब तक विभाग अथवा सरकार द्वारा वनरक्षी हित में किसी भी प्रकार से सकारात्मक पहल नहीं की जा रही है। सभी दुःखी और मजबूर भी हैं क्योंकि वनरक्षी दिन रात वनों की सुरक्षा और विकास तथा उससे संबंधित अन्य कार्यों में अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। लेकिन उनकी चिंता करने वाला कोई नहीं हैं। इस बीच विभिन्न माध्यमों से सूचना प्राप्त हो रही है कि वनरक्षियों के धरना प्रदर्शन शुरू होने के बाद वन अपराध में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। बालूमाथ क्षेत्र में जंगली हाथियों का तांडव अपने चरम स्तर तक पहुँच गया है। वन माफिया द्वारा खुलेआम कोयला, लकड़ी, और पत्थर जंगलों से निकाले जा रहे हैं। क्योंकि उनको लगाम लगाने के लिए वन प्रशासन के पास कोई विकल्प नहीं है। फिर भी सरकार द्वारा इस ओर ध्यान नहीं देने से ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग और सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है। इस बीच वन, वन संपदा तथा वन्य प्राणियों की नुकसान को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के वित्त मंत्री रामेश्वर उराँव तथा मंत्री हफीजुल हसन, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता से भी मिला है।

## 0 से 05 वर्ष के बच्चों को पिलायी गयी पोलियो की दवा



पोलियो की दवा पिलाते स्वास्थ्य कर्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार प्रखण्ड के शिबला, गोनिया, फूलसु, अमरवाडीह, टोटी बालूभाँग, बारियातू, साल्वे व डाढ़ा पंचायत के निर्धारित सार्वजनिक स्थल व सभी आंगनवाड़ी केन्द्रो मे 0 सें लेकर 05 वर्ष की बच्चों को पोलियो की दवा पिलाया गया। प्लस पोलियो टीकाकरण अभियान मे मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के सहिया, आंगनवाड़ी सेविका, एमपी डब्लू सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मुख्य भूमिका निभाते दिखे। स्वास्थ्य सहिया, पूनम देवी,हलीमा खातून,किरन्ती देवी, रीता देवी, कुंती देवी, धनिया देवी, दिव्या देवी, रानो देवी, बुधनी देवी, पार्वती देवी, सुनीता भोगता, शिला देवी सहित कई सहिया व आंगनवाड़ी सेविका सबिता देवी, देवँती देवी, अनिता देवी ने बताया कि केंद्र पर 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों को प्लस पोलियो की दवा खुराक अपने अपने सेंटर मे पिलाया जा रहा है । केंद्र पर बच्चों को दवा पिलाने आए बच्चों के माता- पिता व अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में 0 से 05 वर्ष तक के बच्चों को दवा पिलाएं। ताकि भारत के बच्चे पोलियो मुक्त हो सके। पोलियो अभियान एमपीडब्लू संदीप कुमार अनु भगत, बलराम कुमार ने बताया कि पोलियो अभियान 25 अगस्त सें 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य सहिया और आँगनबड़ी सेविका घर-घर जाकर तथा प्राथमिक स्कूलों में जाकर पोलियो दवा पिलाएंगे। मौके पर एएनएम अर्चना हस्सा , भुनेश्वर राम, रेणु कुमारी, पुनिया देवी, अनीता देवी, संगीता देवी, पुष्पा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान 2024 की हुई शुरूआत



पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरूआत करते अतिथि

**लातेहार।** सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला आरसीएच पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा के द्वारा सदर अस्पताल परिसर में बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाकर पल्स पोलियो अभियान 2024 की शुरूआत की गई। मौके पर सिविल सर्जन द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि पोलियो से बचाव के उद्देश्य से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को आज से दिनांक 27.08.2024 तक पोलियो ड्राप पिलाया जाना है। आज प्रथम दिन जिले के सभी 997 बूथ एवं 1031 दल 130 पर्यवेक्षक तथा 32 ट्रांसिट दल द्वारा 0झ5 वर्ष के बच्चों को दवा पिलाई गई है। दिनांक 26 और 27 अगस्त को छूटे हुए बच्चों को स्वास्थ्य दल के द्वारा घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जाएगी। मौके पर सिविल सर्जन द्वारा अपील किया गया कि खुराक पिलाने में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं बरतें। ईमानदारी पूर्वक 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाएं। पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में बूथ बनाए गए हैं। जिलेवासी अपने 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा निश्चित रूप से पिलाए एवं दूसरे को भी प्रेरित करें। साथ ही साथ सभी दल को लगन के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।

## चंदवा में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की हुयी शुरूआत

**चंदवा।** देश को पोलिया से मुक्त बनाने को लेकर देशव्यापी 25 से 27 अगस्त चल चलने वाली विशेष पल्स पोलियों टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत रविवार को हुयी। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार की सुबह अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा डॉ मनोज कुमार ने 0-5 वर्ष के आयु के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

शुभारंभ के मौके पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने कहा कि पोलियो रूपी रोग अब हमारे देश मे लगभग समाप्ति की ओर है। डॉक्टर नीलिमा कुमारी व मनोज कुमार ने कहा कि भारत पोलियो के खिलाफ जंग लड़ रही है व पोलियो उन्नमूलन के काफी करीब है। ऐसे में हम सभी का दायित्व बनता है कि जब तक देश पोलियो से पूरी तरह मुक्त न हो जाये तब तक हम सभी को मिलकर पोलियो के खिलाफ जंग जारी रखना है। विशेष अभियान को लेकर जागरूकता रथ भी गाँव गाँव घूम रही है। कोई भी बच्चा पोलियो खुराक पीने से न छुटे। मौके पर कर्मी विनीता कुमारी एमटीएस कृष्णकांत, प्रभु कुमार, प्रवीण कुमार भोला, मनीष कुमार, देवाशीष पंडा के अलावे सीएचसी कर्मी समेत बड़ी संख्या में बच्चों के माता पिता मौजूद थे।

## चेरो जनजाति महासभा की बैठक संपन्न, हुलास सिंह को बनाया गया अध्यक्ष



बैठक में उपस्थित चेरो समाज के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय अंतर्गत मुख्य बाजार स्थित समुदायिक भवन में रविवार को राष्ट्रीय चेरो जनजाति महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से चेरो जनजाति के सम्पूर्ण विकास व संगठित करने को लेकर चर्चा करते हुए प्रखण्ड स्तरीय कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व मुखिया हुलास सिंह को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वहीं ईश्वर दयाल सिंह को उपाध्यक्ष, ईश्वरी सिंह को सचिव, राजेश सिंह को उप सचिव, दुखन सिंह को कोषाध्यक्ष और अशोक सिंह को उपकोषाध्यक्ष चुना गया जबकि संतोष सिंह को मिडिया प्रभारी बनाया गया।

प्रखंड स्तर की कमिटी गठित होने के बाद जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने कहाँ की चेरो समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। जिस पर हम सभी को गर्व है, और हम सभी को अपने इतिहास की रक्षा करने के साथ अपने आनेवाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने की जरूरत है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, देवराज सिंह, कालो देवी, बिपिन बिहारी सिंह, बिजय बहादुर सिंह, पिंटू सिंह, विनय सिंह, मनोज सिंह, चंद्र शेखर सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में चेरो समुदाय के लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### गया में मालगाड़ी के आठ डिब्बे बेपटरी

**पटना।** बिहार में गया जिले में रविवार शाम कोयला लदी मालगाड़ी बेपटरी हो गई। घटना में मालगाड़ी के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद मालगाड़ी दो हिस्सों में बंट गई। हादसा मानपुर के रसलपुर गेट के पास बंधुआ-पैमार रेल लाइन को जोड़ने वाली रेल ओवर लाइन पर हुआ। हालांकि, ट्रेनों के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ा। रेलवे के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रैक पर कोयला बिखर गया है, जिससे यातायात बाधित है। घटना की सूचना पर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रैक को बहाल करने का काम शुरू कराया। मालगाड़ी के डिब्बों को हटाने के लिए बड़ी संख्या में मजदूरों को लगाया गया है। क्रेन की मदद से डिब्बों को हटाने का काम चल रहा है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। रेल अधिकारियों ने जल्द से जल्द ट्रैक को बहाल करने की बात कही है।

### नीतीश ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की दी बधाई

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को आज बधाई एवं शुभकामनायें दी। श्री कुमार ने रविवार को अपने बधाई संदेश में कहा कि भारतीय संस्कृति और परम्परा में पर्व-त्योहारों की एक लंबी श्रृंखला है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं विविधता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा है कि प्रतिवर्ष भादो माह के कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी के त्योहार के रूप में बड़े धूमधाम से पारम्परिक रीति रिवाज के अनुसार मनाया जाता है।

### तेजस्वी को विधि-व्यवस्था पर टिप्पणी का हक नहीं : अशोक

समस्तीपुर, 25 अगस्त (वार्ता) जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि लालू-राबड़ी के 15 वर्षों के शासनकाल में सत्ता संरक्षित अपराधियों ने बिहार में जिस तरह से उत्पात मचाया, वैसे लोग आज विधि-व्यवस्था पर टिप्पणी करते हैं। श्री चौधरी रविवार को समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में अपहरण उद्योग की सबसे पहली नींव पड़ी और 118 नरसंहार हुए। ऐसी पार्टी के नेता तेजस्वी यादव को विधि व्यवस्था पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

### बस के पलटने से 30 कांवरिया घायल

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में बस के पलट जाने से 30 कांवरिया घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि नेपाल से कांवरियों से भरा बस झारखंड के देवघर जा रहा था। इस दौरान शनिवार की रात मुसरीघरारी चौक के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या-28 पर बस पलट गयी। इस दुर्घटना में 30 कांवरिया गंभीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि घायलों को समस्तीपुर सदर अस्पताल समेत अन्य निजी क्लीनिकों मे भर्ती कराया गया है। दुर्घटना का कारण बस का एक्सल अचानक टूट जाना बताया गया है।

मंत्री ने किया गढ़वा प्रखंड के एक दर्जन गांवों में जन संवाद, सुनी ग्रामीणों की समस्या

# पूर्व की सरकारों ने चलाया सिर्फ लूटो-खसोटो योजना : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा प्रखंड के फरठिया एवं मध्या पंचायत में लगभग एक दर्जन गावों में जन संवाद का आयोजन किया। इस दौरान मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। साथ ही मंत्री ने ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निदान भी किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने फरठिया पंचायत के ग्राम सिदे खुर्द में दुर्गा मंडप के समीप, ग्राम नकदरवा पाल टोला में दुर्गा मंदिर के समीप, ग्राम फरठिया पूरबारा टोला में सूर्य मंदिर के समीप, पंचायत मधेया के ग्राम महुपी टांड़ पर, ग्राम मधेया के टोला रामगढ़ में नागेन्द्र चैबे के समीप, ग्राम मधेया पंचायत भवन के समीप, हुर एवं मधेया गांव का मधेया चैहट्टा के समीप, ग्राम खजुरी में स्कूल के समीप, ग्राम झूरा में रविदास मंदिर के समीप तथा ग्राम हरैया के पासवान टोला में प्रभु सिंह के घर के समीप जनसंवाद कर ग्रामीणों की समस्या सुनी।


संबोधित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि पूर्व में झारखंड में जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित की कोई भी योजना नहीं चलायी। पूर्व की सरकारों ने सिर्फ लूटो, खसोटो, खाओ और राज्य को लूटवाओ योजना चलायी। पूर्व की सरकार ने हाथी उड़ाकर राज्य की खजाना को ही खाली कर दी थी। पहले की एक भी योजना आज कहीं भी धरातल पर नहीं दिखती है। मंत्री ने कहा कि जब से राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी है तब से हेमंत सरकार पूरे राज्य में अंतिम पंक्ति के लोगों को ध्यान में रख कर बहुत सारी योजनाएं चला रही है। आज पूरे राज्य में हर क्षेत्र में विकास दिखाई पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता को अपने कार्यां के लिए, अपने समस्याओं के निदान के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ रहा है। मैं खुद गांव-गांव आपके दरवाजे तक पहुंचकर आपके समस्याओं का निदान कर रहा हूं। मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चैबे, चंदा देवी, सलीम जाफर, अरविंद सिंह, समीद, मनोज पाल, अमरेश पाल, इमरान अंसारी, प्रयाग चैधरी, बुधन चैधरी, राम मूरत राम, धीरेंद्र चैबे, रविंद्र तिवारी, ललन प्रजापति, अजय पाल, शशि भुषण तिवारी, बसंत चैबे, अखिलेश तिवारी, सरवर, नईमुल, संजय पासवान, राजकमल तिवारी, श्रीराम बिंद, शुभम सिंह, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## डीएवी भवनाथपुर में पिलायी गई पोलियो की खुराक

**भवनाथपुर।** डीएवी विद्यालय भवनाथपुर में पांच वर्ष तक के बच्चों को सफलतापूर्वक पोलियो ड्रॉप का सेवन कराया गया। भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र से आये स्वास्थ्य कर्मियों तथा विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा की निगरानी सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने स्वास्थ्य कर्मियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन होता है और स्वस्थ मन होगा तभी बच्चे शिक्षा को ग्रहण करने योग्य बनेंगे। बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विद्यालय स्तर पर भी कार्यक्रम चलाया जाएगा। मौके पर शिक्षक शौकत अली, संजय राय भट्ट, ओपी सिंह, जेएस तिवारी, सूरज सिंह, शबनम खातून, रंजना वर्मा आदि शिक्षक भी उपस्थित थे।


पोलियो का ड्रॉप पीते बच्चे।

## ओबीसी समाज को जागरूक करने के लिए अभियान जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** ओबीसी एकता अधिकार मंच (झारखंड प्रदेश) द्वारा बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार जनसवांद के जरिए लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को बरडीहा प्रखंड के ग्राम सलगा गांव में एक जनसभा आयोजित की गई। जनसभा में मंच के केंद्रीय सदस्य गोरखनाथ चैधरी और पिंटू यादव ने ओबीसी समाज के लोगों से जनसंवाद के जरिए अपने हक एवं अधिकारों के लिए एकजुट होकर सरकार के खिलाफ लड़ने का संदेश दिया और आरक्षण में हो रही गड़बड़ी के प्रति सचेत किया।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

जनसभा में मंच के नेताओं ने कहा कि ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद जी के साथ जुड़कर ओबीसी समाज को एकजुट करने का जो अभियान चलाया जा रहा है, उसमें लोगों से भागीदारी निभाने का आह्वान किया जा रहा है। इससे ब्रह्मदेव प्रसाद के हाथों को मजबूती मिलेगी। ओबीसी समाज की आवाज बुलंद करने के लिए वे विधानसभा पटल पर रख सकेंगे। नेताओं ने कहा कि ओबीसी समाज के आरक्षण को लेकर हमारी लड़ाई जारी रहेगी। मौके पर रामराज, सुरेंद्र, नारायण महतो, मकुन राम, विनय कुमार मेहता, महावीर कुमार, विकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

## डंडई थाना के समीप भाजपाइयों ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** थाना व प्रखंड कार्यालय मेन गेट के समीप भाजपा कार्यकताओं के द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। इसके पूर्व कार्यकताओं के द्वारा हेमंत सरकार हाय हाय,युवा विरोधी सरकार होश में आओ, हेमंत सरकार युवाओं को पिटवाना बंद करो, हेमंत सोरेन होश में आओ, मिथिलेश ठाकुर मुदार्बाद सहित कई नारे लगा रहे थे। पुतला दहन का नेतृत्व भाजपा डंडई मंडल के अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक प्रसाद ने कहा कि जब-जब हेमंत डरता है पुलिस को आगे करता है। आगे उन्होंने कहा कि 23 अगस्त को भाजपा के युवा आक्रोश रैली के दौरान रांची में भाजपा कार्यकताओं तथा युवाओ के साथ प्रदेश सरकार द्वारा निहत्थे युवाओ पर लाठीचार्ज किया था जिसके विरोध में आज झारखंड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया। झारखंड की सरकार पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूबी हुई है, इसे भाजपा के कार्यकर्त्ताओ द्वारा उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।


पुतला दहन करते भाजपाई।

## डीएवी में राधा कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड के डीएवी विद्यालय में जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्हें बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और एक से बढ़कर एक राधा कृष्ण के मनमोहक रूप को धारण किया। बच्चों ने विद्यालय रैंप पर मनमोहक रूप सज्जा में आकर अलग-अलग भावों को दिखाया और उपस्थित अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। माता-पिता अपने बच्चों को राधा कृष्ण के रूप में देखकर अत्यंत खुश हुए और विद्यालय के इस प्रयास के लिए काफी सराहना की। प्रतियोगिता में राधा के रूप में सबसे अच्छा प्रदर्शन निकिता सिंह और मनु सिंह का रहा। जबकि कृष्ण के रूप में रिशु देव और शौर्य सिंह ने अच्छा प्रदर्षन किया। मौके पर शिक्षिका शबनम खातुन, रंजना वर्मा, आरती सहदेव, शालवी कुमारी, कुमारी शशिबाला, अमृता सोनम आदि उपस्थित थे।


राधा कृष्ण के रूप में बच्चे।

## केतार में बच्चों को पिलायी गयी पल्स पोलियो की दवा

केतार। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र बलिगढ एवं दासीपुर चैपाल में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से पल्स पोलियों की दवा के पिलाई जा रही है। यह अभियान सोमवार और मंगलवार तक चलेगा। जिसमें स्वास्थ्य सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा घर-घर जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। मौके वार्ड सदस्य राजू बैठा, शिक्षक नरेंद्र सिंह, रविंद्र सोनी, सहिया संगीता देवी, सेविका अनिता देवी, ममता देवी आदि उपस्थित थे।


दवा पिलाते मनीष कुमार गुप्ता।

## जायंट्स ने रामासाहु मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में किया पौधरोपण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में ग्रुप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शहर के आरके रामासाहु मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय परिसर स्थित इनडोर स्टेडियम में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुश्ती संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र पाठक की देखरेख में छायादार पौधे लगाए गए। मौके पर पदाधिकारियो ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण के रक्षक होने के साथ पर्यावरण को शुद्ध भी बनाते हैं। इसके बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। जहां पेड़ पौधे अधिक होते हैं वहां का तापमान भी कम रहता है तथा भरपूर मात्रा में वर्षा होती है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. उमेश सहाय जबकि धन्यवाद ज्ञापन कुश्ती संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र पाठक ने किया। मौके पर गढ़वा ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष सह फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजिबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, मनदीप प्रसाद, रवीन्द्र केशरी आदि उपस्थित थे।


कार्यक्रम के दौरान जायंट्स सदस्य व अन्य।

# 6 माह पहले हुआ टेंडर, निर्माण कार्य शुरू करने पर ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

मझिआंव। नगर पंचायत मझिआंव के तत्कालीन कार्यपाक पदाधिकारी द्वारा विगत 2 फरवरी को अखबार के माध्यम से अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। जिसमें कुल 5 कार्यों के लिए संवेदकों को निमंत्रित किया गया था। जिसके बाद 3 फरवरी को टेंडर बांट दिया गया। निविदा के निमंत्रण में अति अल्पकालीन निविदा के अनुसार हर कार्य की अवधि भी प्रकाशित की गई थी। जिसमें 30 से 45 दिन के अंदर सभी 5 कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश थे। वहीं जिसके 6 माह बीत जाने के बाद कार्य नंबर 4 के टेंडर में दिन शनिवार 24 अगस्त की सुबह अनुसुइया देवी कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक गौरव दुबे द्वारा वार्ड नंबर 7 में ब्लॉक मेन रोड से अवधेश चौधरी के घर तक 7 लाख 13 हजार 2 सौ 8 रुपए के लागत से बनने वाले पीसीसी पथ में निर्माण कार्य शुरू किया गया। शुरूआत में ही गुणवत्ता पूर्व के कार्य नहीं होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कार्य यह बोल कर रोक दिया गया। वहीं संवेदक द्वारा नाली आधे रोड से बनाया जा रहा था जिसको लेकर भी नागरिकों द्वारा सवाल खड़ा किया गया, और इस पर सवाल खड़ा किया गया। वहीं नाराज कुछ ग्रामीणों ने काम के गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया। जिसके बाद संवेदक ने कहा कि मुझे ऐसे ही काम कराने का आदेश है। तब ग्रामीणों द्वारा उनसे एस्टीमेट का कांपी मांगा गया। लेकिन संवेदक के द्वारा एस्टीमेट नहीं दिया। और बोला गया कि नगर पंचायत से एस्टीमेट ले लीजिए। संवेदक द्वारा यह भी कहा गया कि एस्टीमेट से कहीं काम नहीं होता है। अब नागरिकों का यह भी सवाल उठाना लाजिमी हो की संवेदक स्वयं कह रहे हैं कि एस्टीमेट के अनुसार काम नहीं होता तो नगर पंचायत में किस तरह से कार्य किया जा रहा है। इसी हंगामे के बीच संवेदक के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को फोन लगाकर स्पीकर ऑन कर उपस्थित ग्रामीणों को यह सुनाया गया कि जो लोग काम रोक रहे हैं उनका नाम नोट करके किसी और जगह कार्य करा दीजिए। इधर इस संबंध में नगर पंचायत के जूनियर इंजिनर संदीप यादव से पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम है कि वार्ड 7 में किस संवेदक के द्वारा काम किया जा रहा है। वहीं कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने इस विषय पर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा बेवजह कार्य में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। नाली नहीं बनाने दिया जा रहा था। 2 दिन बाद इंजीनियर के उपस्थिति में कार्य शुरू किया जायेगा।


विरोध करते ग्रामीण।

खबर एक नजर में

### धोखाधड़ी के आरोप में 6 लोगों पर प्राथमिकी

**भवनाथपुर।** थाना पुलिस ने अलग-अलग तीन मामलो में आधा दर्जन लोगों पर पैसा लेकर धोखाधड़ी करने का प्राथमिकी दर्ज किया है। पहले मामले में भवनाथपुर बाजार निवासी शंभू प्रसाद गुप्ता पिता स्व. जगदीश प्रसाद गुप्ता ने बाजार निवासी अपने दोस्त विनोद विश्वकर्मा पिता लक्ष्मी विश्वकर्मा पर कर्ज के रूप में 3 लाख 20 हजार रुपए धोखाधड़ी करने और पैसा मांगने पर जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जबकि दूसरे मामले में भवनाथपुर बाजार कपूर्री चैक निवासी गुप्तेश्वर प्रसाद पिता सियाराम प्रसाद गुप्ता ने जमीन खरीदने के लिए दिए पैसा पर फर्जी जमीन पाए जाने पर अपना पैसा वापस मांगने पर भंडरिया मदगडी निवासी रामप्रवेश प्रसाद पत्नी कौशल्या देवी, पलामू जिला के पाकी निवासी बुरजू गुप्ता पत्नी विभा देवी तथा पलामू के हैदरनगर निवासी सुप्रिया कुमारी पिता कृष्णा प्रसाद गुप्ता पर 8 लाख रुपया धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

### दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक



**कांडी।** प्रखण्ड के सोहगड़ा गांव में दुर्गा पूजा के आयोजन को लेकर रविवार को ग्रामीणों की एक बैठक पूजा पंडाल में की गई। कामेश्वर राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा सम्पन्न कराने के लिए पिछले वर्ष की समिति को ही यथावत रखा गया है। पूजा कमिटि में संरक्षक ई कामेश्वर राम, संयोजक ललित बैठा, विश्वनाथ राम, द्वारिका बैठा , अध्यक्ष ई. नन्दकिशोर राम, उपाध्यक्ष अजीत गुप्ता, महामंत्री विनोद मिस्त्री, सचिव ई दया राम, उप सचिव नन्दलाल राम, कोषाध्यक्ष बिरेन्द्र राम, उप उप कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार रजक, पूजा प्रभारी राम किशुन राम, नाट्य कला प्रभारी मदन मोहन राम को बनाया गया। दुर्गा पूजा का कार्यक्रम में पहली तिथि से नवरात्र पाठ प्रारंभ होगा, सप्तमी को पट खुलने के साथ तीन दिनों का विशेष पूजा प्रारंभ हो जाएगा। जो नवमी तिथि को हवन एवं भंडारा के साथ सम्पन्न होगा व तथा दसमी तिथि को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। साथ ही सप्तमी से नवमी तक स्थानीय कलाकारो द्वारा नौटंकी कला का मंचन किया जाएगा। बैठक में लालजी राम, बिरेन्द्र राम, सुरेन्द्र प्र. गुप्ता, सुरेश राम, सुधीर कुमार, आनंद कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### समाजवाद का मुखौटा लगाकर लालू परिवार ने भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित किया : जदयू

**पटना।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव एवं उनके परिवार पर समाजवाद का मुखौटा लगाकर भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित करने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि राज्य के आर्थिक पिछड़ेपन का असली गुनाहगार लालू परिवार है। बिहार जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार के आर्थिक पिछड़ेपन का असली गुनाहगार लालू प्रसाद यादव एवं उनका परिवार है। लालू परिवार ने अपनी तिजोरी भरने के लिए बिहार के सरकारी खजाने को खाली कर दिया, जिसका खामियाजा प्रदेश की 14 करोड़ जनता आज भी भुगत रही है। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में हुए अनेकों घोटाले और लाचार व्यवस्था की वजह से बिहार विकास की दौड़ में देश के बाकी अन्य राज्यों से पीछे छूट गया।

### बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में छह हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा : अशोक

**समस्तीपुर।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात को सुगम बनाने के लिए करीब छह हजार किलोमीटर नये सड़क का निर्माण कराया जायेगा। श्री चौधरी ने रविवार को समस्तीपुर परिसदन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग की पुरानी सड़कों के निर्माण कार्य के लिए भी विभाग के बजट को बढ़ाने का निणर्य लिया गया है और जल्द ही कैबिनेट की बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि 2018 से बंद हुई मुख्यमंत्री सेतु योजना को पुनः चालू की जायेगी। जिसके तहत प्रदेश के ग्रामीण पथों के 150 मीटर वाली लगभग एक हजार पुलों का भी निमार्ण कराया जायेगा।

### कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर विधि व्यवस्था को लेकर अर्द्ध सैनिक बलों का फ्लैग मार्च

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले में आगामी कृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिये विधि व्यवस्था को लेकर रविवार को दरभंगा शहरी क्षेत्र में अर्द्ध सैनिक बलों एवं अन्य पुलिस कर्मियों और पुलिस अधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। वरीय पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ रेड्डी जलारेड्डी के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक शुभम कुमार आर्य के नेतृत्व में कृष्णाष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिये दरभंगा शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया।

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने बीपी मंडल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना।** भूतपूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पटना के देशरत्न मार्ग एवं सर्कुलर पथ चौराहा स्थित आदम कद प्रतिमा के समीप जयंती के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री महेश्वर हजारी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व मुख्यमंत्री स्व बीपी मंडल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## पेज एक का शेष

### दोषी कोई भी ...

पीएम ने कहा, देश के हर राजनीतिक दल से कहूंगा और राज्य सरकार से कहूंगा कि आज 'हमारी सरकार, बेटियों के लिए हर सेक्टर खोल रही है, जहां कभी उन पर पाबंदियां थीं। आज तीनों सेनाओं में महिला अफसर तैनात हो रही हैं, फाइटर पायलट तैनात हो रही हैं। गांव में कृषि और डेयरी सेक्टर से लेकर... स्टार्ट अप्स क्रांति तक, आज बड़ी संख्या में बेटियां बिजनेस मैनेज कर रही हैं।' सरकार की ओर से अभी तक जो 4 करोड़ घर बने हैं, वो अधिकतर महिलाओं के नाम पर हैं। अभी हम 3 करोड़ और घर बनाने वाले हैं, इनमें से भी अधिकतर घर हमारे माताओं-बहनों के नाम पर ही होंगे।, 'मैं आज चुनौती देता हूं- पहले की सरकारों के 7 दशक एक तरफ रख लीजिए और दूसरे तराजू में मोदी सरकार के 10 साल रख लीजिए। जितना काम मोदी सरकार ने देश के बहन-बेटियों के लिया किया है, वो आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया है।' हमारी सरकार के 10 साल में 1 करोड़ लखपति दीदी बनीं। भारत की नारी शक्ति ने हमेशा समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण में अहम योगदान दिया है। आज जब हमारा देश विकसित बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, तो एक बार फिर हमारी नारी शक्ति आगे आ रही है।

### राजग से बात नहीं...

जातीय जनगणना लाभदायक : चिराग पासवान ने कहा कि केंद्र और राज्य के स्तर से कमजोर, वंचित वर्ग के लाभ के लिए योजनाएं बनायी जाती हैं। उनकी पार्टी चाहती है कि देश में जातीय जनगणना हो। इससे वंचितों, कमजोरों के वास्तविक आंकड़े सामने आयेंगे। चिराग ने कहा कि बेरोजगारी, पलायन जैसे मसले बिहार के साथ झारखंड में भी बने हुए हैं। पार्टी अपने घोषणापत्र में इसे प्राथमिकता देगी। पार्टी यहां के चुनाव में भी महिला, युवाओं को प्रोत्साहित करेगी। धर्म, संप्रदाय, जाति से परे रहकर ही राजनीति करेगी। झारखंड में घुसपैठ के सवाल पर चिराग ने कहा कि केंद्र सरकार डे वन से इस पर अपना स्टैंड क्लियर रखते आयी है। जहां कहीं से शिकायत इसकी आएगी, केंद्र जरूर उस पर एक्शन लेगा।

स्पीड न्यूज

# इजरायल ने लेबनान पर किया हवाई हमले, हिजबुल्ला ने भी दागे ड्रोन

## लेबनान ने शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या के जवाब में किया हमला

एजेंसी

**यरूशलम।** इजराइली सेना ने शिया मिलिशिया हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाकर रविवार तड़के लेबनान में हवाई हमले किए और कहा कि चरमपंथी समूह द्वारा इजराइली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी करने के मद्देनजर ये हमले किए किए। इसके कुछ ही देर बाद हिजबुल्ला ने रविवार सुबह घोषणा की कि उसने बेरूत में उसके एक कमांडर की हत्या का बदला लेने के लिए बड़ी संख्या में ड्रोन दागकर इजरायल पर हमला किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि वह और उनके रक्षा मंत्री योआव गैलेंट तेल अवीव में सैन्य

**गाजा में जारी इजरायल-हमास युद्ध क्षेत्रीय संघर्ष में बदलेगा**

मुख्यालय से इस अभियान का प्रबंधन कर रहे थे। गैलेंट ने घरेलू मोर्चे पर विशेष स्थिति की घोषणा की। इन हमलों के कारण क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर युद्ध छिड़ने का खतरा बढ़ गया है और इससे गाजा में युद्ध विराम समझौते के प्रयास विफल हो सकते हैं।

इजरायली सेना ने एक बयान जारी कर हिजबुल्ला द्वारा इजराइली क्षेत्र की ओर मिसाइल और रॉकेट दागने की तैयारी किए जाने का दावा किया। इस्राइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा कि इन खतरों से



बचने के लिए (इस्राइली सेना द्वारा) आत्मरक्षा में लेबनान में उन आतंककवादी ठिकानों पर हमला किया जा रहा है, जहां से हिजबुल्ला इजरायल के आम नागरिकों पर हमले करने की साजिश रच रहा था। हगारी ने सचेत किया कि हिजबुल्ला इजरायल में जल्द ही रॉकेट और संभवतः मिसाइल एवं ड्रोन दागेगा। इसके तुरंत बाद ही उत्तरी इस्राइल में सायरन बजने लगे।

इस बीच, हिजबुल्ला ने कहा कि उसने एक अहम इजराइली सैन्य स्थल को निशाना बनाकर हमला किया है और इस स्थल के संबंध में बाद में जानकारी दी जाएगी तथा साथ ही दुश्मन के कई स्थलों एवं बैरकों और आयरन डोम मंचों को भी निशाना बनाया गया। उसने कहा कि ये हमले पिछले महीने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हुए हमले में समूह के शीर्ष कमांडर फौद शुकूर की हत्या के जवाब में किए गए। उड़ानों के आवागमन पर नजर रखने वाले फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा से पता चला कि इस घोषणा के बाद ईएल एआई की कम से कम दो उड़ानें दक्षिण की ओर मुड़ गईं और उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया।

हगारी ने अपने बयान में कहा कि हम देख सकते हैं कि हिजबुल्ला लेबनानी नागरिकों को खतरे में डालते हुए इस्राइल पर व्यापक पैमाने पर हमला करने की तैयारी कर रहा है। हगारी ने इस खुफिया जानकारी के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में हिजबुल्ला सक्रिय है, हम उन क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सचेत करते हैं कि वे अपनी सुरक्षा के लिए वहां से तुरंत चले जाएं।

### इजरायल ने खोले 240 बम शेल्टर

इजरायल और लेबनान के हिजबुल्लाह के बीच सीमा पार से गोलीबारी के बाद तेल अवीव नगरपालिका ने रविवार को निवासियों के लिए सभी 240 सार्वजनिक बम आश्रय स्थल खोल दिए, तैराकी के लिए सार्वजनिक समुद्र तट बंद कर दिए और निर्धारित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए। नगरपालिका ने कहा कि उत्तर में उपजी सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर और होम फ्रंट कमांड के आदेश से सुबह नगर पालिका ने सभी सार्वजनिक नगरपालिका आश्रय स्थल खोल दिए। तेल अवीव-याफो शहर में पूरे शहर में 240 सार्वजनिक आश्रय स्थल हैं।

### तेल अवीव में उड़ानें बाधित

लेबनान में इस्राइली हवाई हमलों के बाद तेल अवीव के बाहर स्थित इस्राइल के बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आने वाली उड़ानों का मार्ग रविवार को परिवर्तित कर दिया गया तथा अन्य विमानों के उड़ान भरने में देरी हुई। इस्राइली मीडिया ने इस्राइली हवाई अड्डा प्राधिकरण के हवाले से यह खबर दी।

### पूर्व प्रिंसिपल घोष के घर समेत 15 स्थानों पर सीबीआइ की रेड



**कोलकाता।** सीबीआइ ने विवादों में घिरे आर जी कर अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और पूर्व अधीक्षक संजय बशिष्ठ के घर समेत कम से कम 15 स्थानों पर रविवार को छापे मारे। आर जी कर अस्पताल गत नौ अगस्त को अस्पताल परिसर में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और उसके बाद उसकी जघन्य हत्या के बाद से विवादों में है।

### नेपाल में भूस्खलन से 6 की मौत, 4 लापता

**काठमांडू।** नेपाल में रविवार तड़के हुए भूस्खलन में तीन मकान बह गए, जिससे छह लोगों की मौत हो गयी एवं चार अन्य लापता हो गए। रामेछाप जिले के शैंलुग ग्रामीण नगरपालिका में स्थानीय समयानुसार तड़के तीन बजे घंटो तक हुई भीषण बरसात से आयी आपदा में एक और व्यक्ति घायल हो गया। जिला पुलिस के प्रवक्ता कौशल नुउपाने ने कहा कि हमारी टीम लापता लोगों को ढूंढ रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय नाले पर बना पुल बाढ़ में बह गया जिससे जिले के अन्य भागों से सम्पर्क कठिन हो गया है।

### पाक में बस खाई में गिरी, 25 की मौत

**रावलपिंडी ।** पाकिस्तान के रावलपींडी में कहुटा तहसील के एक पहाड़ी इलाके में एक यात्री बस के खाई में गिरने से 25 लोगों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। बचाव अधिकारियों ने रविवार को जियो न्यूज को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बस 30 यात्रियों को लेकर हवेली कहुटा से रावलपिंडी जा रही थी। उन्होंने बताया कि हादसा पाना पुल के पास हुआ।

### खान यूनिस से पीछे हटी इजरायली सेना

**गाजा।** इजरायली सेना दक्षिणी गाजा पट्टी में उत्तरी खान यूनिस से पीछे हट गयी है और मध्य गाजा में निवासियों से क्षेत्र को खाली करने का आग्रह किया है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को खान यूनिस से इजरायली सैनिकों की वापसी के बाद आवासीय भवनों को भारी नुकसान पहुंचने की सूचना दी। उन्होंने बताया कि शहर के उत्तर-पश्चिम में स्थित हमाद शहर में बहुत विनाश हुआ जहां दर्जनों अपार्टमेंट ध्वस्त हो गए और टावर ढह गए।

### बिजनौर में दो हिस्सों में बंटी किसान एक्सप्रेस

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में स्योहारा स्टेशन के पास किसान एक्सप्रेस ट्रेन (13308) दो हिस्सों में बंट गयी। इंजन 13 बोगियों को लेकर करीब चार किलोमीटर आगे निकल गया और आठ डिब्बे पीछे छूट गए। हादसे के वक्त ट्रेन की गति 85 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे थी। मुरादाबाद रेल मंडल के स्योहारा स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित रायपुर रेलवे फाटक के पास रविवार तड़के दो हिस्सों में बंट गयी।

### प्रसिद्ध अभिनेत्री आशा शर्मा का निधन

**मुंबई।** प्रसिद्ध अभिनेत्री आशा शर्मा का निधन हो गया। वह 88 वर्ष की थी। आशा शर्मा के निधन की जानकारी रविवार को सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन ने ट्विटर हैंडल पर साझा की। उन्होंने शर्मा के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की। आशा शर्मा ने टीवी शोज के अलावा कई फिल्मों में भी काम किया था। आशा को खासतौर पर एक मां और दादी के किरदार से दर्शकों ने बीच काफी मशहूर हुई हैं। उन्होंने कुमकुम भाग्य', 'मन की आवाज प्रतिज्ञा' और 'एक और महाभारत' जैसे टीवी शोज में काम किया है।

# बड़ी संख्या में युवा राजनीति में आने को तैयार : प्रधानमंत्री

## मन की बात में मोदी बोले-बिना राजनीतिक के पृष्ठभूमि वालों से लोकतंत्र होगा मजबूत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि 21वीं सदी में भारत में बहुत कुछ ऐसा हो रहा है जो ह्यविकसित भारतह्न की नींव को मजबूत कर रहा है। उन्होंने अपने मासिक मन की बात रेडियो कार्यक्रम में कहा कि उनकी ओर से स्वतंत्रता दिवस पर बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं के राजनीति में शामिल होने के आह्वान पर व्यापक प्रतिक्रिया मिली है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत तथा मजबूत लोकतंत्र के लिए सार्वजनिक जीवन में आने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेक लोग सामने आए



थे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। मोदी ने कहा कि इन लोगों ने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में युवा राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं और बस उन्हें सही

**मां के नाम पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का किया आह्वान**

मौके तथा सही मार्गदर्शन की तलाश है। मोदी ने कहा कि उनके इस आह्वान पर युवाओं ने उन्हें पत्र लिखे हैं और सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि परिवारवाद की राजनीति नयी प्रतिभा को दबा देती है। कार्यक्रम के दौरान, मोदी ने विभिन्न अंतरिक्ष स्टार्ट-अप का नेतृत्व करने वाले कई युवा उद्यमियों से बात की और युवा उद्यमियों ने अपने काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश में बढ़ते जीवंत अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं को अंतरिक्ष क्षेत्र में विभिन्न सुधारों से काफी फायदा मिला है। उन्होंने कहा कि भारत ने चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यान की सफल लैंडिंग की पहली वर्षगांठ के अवसर पर 23 अगस्त को पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। मोदी ने पर्यावरण में सुधार लाने में विभिन्न संगठनों और लोगों के काम पर प्रकाश डालते हुए इस क्षेत्र में सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की याद दिलाते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने का आह्वान किया है। मोदी ने कहा कि मैं आप सभी से बारिश के इस मौसम में सावधानी बरतने के साथ ही ह्यकैच द रेन मूवमेंटका हिस्सा बनने का भी आग्रह दोहराऊँगा। मैं आप सभी को एक पेड़ माँ के नाम अभियान की याद दिलाना चाहूँगा। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और दूसरों से भी इसका आग्रह करें।

# नशीले पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करें

## ड्रग्स तस्करी की जांच साइंटिफिक तरीके से करें अधिकारी : शाह

नयी दिल्ली/रायपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है और पूरे नशीले पदार्थों के नेटवर्क को ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर दृष्टिकोण के साथ खत्म करें। शाह ने अफसरों से कहा कि ड्रग्स तस्करी की जांच साइंटिफिक तरीके से करें। टॉप टू बॉटम अप्रोच को अडॉप्ट करना पड़ेगा। एक दुकान में नशे की पुड़िया आई तो पता करना होगा कि देश में कहां से आई, कहां बनी। इसके नेटवर्क को ध्वस्त करना पड़ेगा।श्री शाह ने कहा कि अवैध नशीली दवाओं के व्यापार से कमाया गया पैसा आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है और नशीली दवाएं न केवल देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करती हैं बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को भी कमजोर करती हैं। गृह मंत्री रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो



रायपुर में एनसीबी के जोनल ऑफिस का उद्घाटन करते अमित शाह।

(एनसीबी) के जोनल यूनिट कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नारकोटिक्स परिदृश्य पर एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। श्री शाह ने कहा कि 2047 तक नशा मुक्त भारत का सरकार का संकल्प, आज देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प बन रहा है। श्री शाह ने कहा कि जब तक हम पूरे नेटवर्क पर हमला नहीं करेंगे, हम नशा मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे जो एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स सिर्फ भारत की समस्या नहीं है बल्कि एक वैश्विक खतरा है, उन्होंने रेखांकित किया कि अगर हम भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई तीव्रता, गंभीरता और व्यापक रणनीति के साथ लड़ते हैं, तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। श्री शाह ने कहा कि सभी को मिलकर नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ना चाहिए और प्रधानमंत्री के नशा मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि एनसीबी के रायपुर जोनल कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। यह कार्यालय न केवल राज्य में बल्कि पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा लक्ष्य देश के हर राज्य में एनसीबी की उपस्थिति हो।



### राजनाथ सिंह ने अमेरिका में नौसेना के युद्धक केंद्र का किया दौरा

**नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका यात्रा के दौरान टेनेसी के मेम्फिस में नौसेना के सतही युद्धक केंद्र (एनएसडब्ल्यूसी) में विलियम बी मॉर्गन लार्ज कैविटेशन चैनल (एलसीसी) का दौरा किया। यह दुनिया की सबसे वृहद एवं तकनीकी रूप से सर्वाधिक उन्नत जल सुरंग सुविधाओं में से एक है। यहां पर पनडुब्बियों, टारपीडो और नौसेना के सतही जहाजों तथा प्रोपेलरों का परीक्षण किया जाता है। रक्षा मंत्री को इस केंद्र के बारे में जानकारी देकर सुरंग के वास्तविक प्रयोग के बारे में अवगत कराया गया।**

### नौसेना की थिंक क्विज के लिए सात सितंबर तक होंगे रजिस्ट्रेशन

**नयी दिल्ली।** नौसेना के थिंक क्विज के लिए अब 07 सितंबर तक पंजीकरण किये जा सकेंगे। युवा राष्ट्र निर्माताओं में देशभक्ति, आत्मनिर्भरता और हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व की भावना पैदा करने के उद्देश्य से भारतीय नौसेना ने थिंक क्विज आयोजित कर रहा है। इस क्विज़िंग इवेंट में देशभर के कक्षा 9 से 12 तक के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिता भारतीय नौसेना को जानने का मौका देने के लिए डिजाइन की गई है। विकसित भारत की थीम के अनुरूप थिंक क्विज की शीर्ष 16 टीमों को केरल के एझिमाला में स्थित भारतीय नौसेना अकादमी ले जाया जाएगा, जहां सेमीफाइनल और फाइनल होंगे। क्वालीफाई करने वाली टीमों को न केवल एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी में जाने का मौका मिलेगा बल्कि भारतीय नौसेना के अत्याधुनिक प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी मिलेगी। इस अनूठी क्विज प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल के विजेताओं को स्मृति चिह्न, उपहार और प्रमाण पत्र सहित आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा क्विज प्रतियोगिता के प्रत्येक प्रतिभागी को 'थिंक क्विज' का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। नौसेना के मुताबिक देशभर के इच्छुक स्कूलों को 07 सितंबर से पहले आधिकारिक वेबसाइट www.indiannavythinq.in पर पंजीकरण करना होगा। किसी भी मामले में हेल्पलाइन नंबर 8197579162 या mailthinq2024@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है।

# सुनीता विलियम्स अगले साल अंतरिक्ष से लौटेंगी

**स्टारलाइनर को पांच जून को किया गया था लॉन्च, 28 थ्रस्टरों में से पांच अलग-अलग समय पर विफल हुये**

एजेंसी



**टेक्सास।** भारतीय मूल की अमेरिका के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स सहित बोइंग के संकटग्रस्त स्टारलाइनर का चालक दल फरवरी 2025 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से लौट जाएगा, जबकि जहाज बाद में चालक दल के बिना वापस आएगा। अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने शनिवार को एक ब्रीफिंग में कहा कि नासा ने फैसला किया है कि अंतरिक्ष यात्री बैरी बुच विल्मोर और सुनीता सुनी विलियम्स अगले फरवरी में क्रू-9 के साथ लौटेंगे, और स्टारलाइनर बिना चालक दल के वापस आएगा। अंतरिक्ष यान के धरती पर लौटने का सही समय फिलहाल तय नहीं किया गया है। स्टारलाइनर को पांच जून को चालक दल के दो सदस्यों के साथ लॉन्च किया गया था, लेकिन आईएसएस की उड़ान के दौरान इसके 28 थ्रस्टरों में से पांच अलग-अलग समय पर विफल हो गए और पांच हीलियम लीक भी दर्ज किए गए। नासा अधिकारियों ने स्वीकार किया कि अंतरिक्ष यान की वापसी की उड़ान मूल रूप से 14 जून के लिए निर्धारित की गई थी, लेकिन तब से तकनीकी समस्याओं के कारण बार-बार देरी हो रही है। पृथ्वी पर इंजीनियरों की ओर से समस्याओं को हल करने की तमाम कोशिशों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर यात्रियों को वापस बुलाने का निर्णय लिया गया है।

# नौ कंपनियों का मार्केट कैप 95,522 करोड़ बढ़ा

**रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 29,634.27 करोड़ बढ़कर 20,29,710.68 करोड़ हुआ**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचयूएल सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 33.02 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 81,086.21 पर बंद हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 649.37 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 29,634.27 करोड़ रुपये बढ़कर 20,29,710.68 करोड़ रुपये रहा। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 17,167.83 करोड़ रुपये बढ़कर 16,15,114.27 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 15,225.36 करोड़ रुपये बढ़कर 6,61,151.49 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल का एमकैप 12,268.39 करोड़ रुपये बढ़कर 8,57,392.26 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 11,524.92 करोड़ रुपये बढ़कर 8,47,640.11 करोड़ रुपये रहा। आंकड़ों के अनुसार आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 3,965.14 करोड़ रुपये बढ़कर 6,32,364.24 करोड़ रुपये हो गया, जबकि भारतीय स्टेट बैंक का बाजार मूल्यांकन 2,498.89 करोड़ रुपये बढ़कर 7,27,578.99 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा, भारतीय जीवन बीमा निगम का मूल्यांकन 1,992.37 करोड़ रुपये बढ़कर 6,71,050.63 करोड़ रुपये और



इन्फोसिस का एमकैप 1,245.64 करोड़ रुपये बढ़कर 7,73,269.13 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का एमकैप 4,835.34 करोड़ रुपये घटकर 12,38,606.19 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, एलआईसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर व आईटीसी का स्थान है।

### फेड के मिनट्स पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। मजबूत आर्थिक आंकड़ों की बदौलत अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी आने की संभावना कम होने से हुई लिवाली से बीते सप्ताह करीब एक प्रतिशत तक चढ़े घरेलू बाजार की अगले सप्ताह फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के जारी होने वाले मिनट्स और फेड के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के वक्तव्य पर नजर रहेगी। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली की रफ्तार अधिक तेज रही। इससे मिडकैप 927.99 अंक अर्थात 1.95 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 48321.92 अंक हो गया। साथ ही स्मॉलकैप 1824.8 अंक यानी 3.4 प्रतिशत की उड़ान भरकर 55681.89 अंक पर पहुंच गया।

### फिल्म सूर्यवंशम 30 को होगी रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म सूर्यवंशम, 30 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होगी। अभय सिन्हा और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म सूर्यवंशम का निर्माण निशांत उज्जवल ने किया है। फिल्म सूर्यवंशम की रिलीज की घोषणा करते हुए निर्माता निशांत उज्जवल ने दर्शकों से अपील की है कि वे इस फिल्म को अपने परिवार के साथ सिनेमाघरों में जाकर देखें। उन्होंने कहा कि सिनेमाहॉल में फिल्म देखने का जो अनुभव मिलेगा, वह टीवी या यूट्यूब पर नहीं मिल सकता है।फिल्म सूर्यवंशम का ट्रेलर पहले ही वायरल हो चुका है और अब

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!